


1 पटना में आंदोलनकारी को पुलिस लाठी मारती हुई
2 प्रदर्शनकारी छात्र पुलिसकर्मियों के सामने आए
3 छात्रों के समूह पर पानी की बौछार व आंसू गैस के गोले छोड़े

- राहुल समेत कांग्रेस सांसद काले कपड़े पहनकर पहुंचे
- हंगामे के बीच दोनों सदन की कार्यवाही स्थगित
- सरकार ने कहा- हम चर्चा करना चाहते हैं पर विपक्ष राजनीति कर रहा

### युवाओं के 'गुस्से' को विपक्ष ने संसद में अपना 'स्टैंड' बनाया

# पहले धर्मेंद्र प्रधान का 'इस्तीफा', फिर 'चर्चा'


राज्यसभा में खरगे

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को विपक्ष ने कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर हंगामा किया। हंगामे के बीच लोकसभा-राज्यसभा को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वे सदन में नीट पेपर लीक मामले में चर्चा तभी चाहते हैं जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दे दें। सदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि सरकार पिछले तीन दिन से लगातार नीट पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा की पेशकश कर रही है। लेकिन विपक्ष मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी सांसद काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे। विपक्षी पार्टियां 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान छात्रों पर पुलिस कार्रवाई, पेपर लीक का विरोध कर रही हैं। छात्रों का अनशन 24वें दिन भी जारी है। जंतर-मंतर पर शाम को प्रदर्शनकारी फिर बढ़ गए। धरने पर वे लोग भी नजर आए जो एक दिन पहले संसद मार्च के दौरान पुलिस की लाठियों, आंसू गैस के गोलों का शिकार हुए थे।

**यह भी जानना जरूरी**

### 29 साल पहले प्रधान ने भी पेपर लीक पर खाईं थी लाठियां


प्रधान के चेहरे पर लगी थीं चोट

29 साल पहले पेपर लीक मुद्दे पर धर्मेंद्र प्रधान ने भी विरोध प्रदर्शन किया था। 1997 में ओडिशा में एक पेपर लीक हुआ था।

*अन्ना हजारे का पीएम मोदी को पत्र ... कहा*

### मंत्री का इस्तीफा लेने से कमजोर नहीं होगी सरकार



सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली में जारी छात्र आंदोलन के समाधान के लिए संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की है। उन्होंने आंदोलन के दौरान हुई हिंसा और पुलिस कार्रवाई पर दुख जताया है।

### बात करना है तो सरकार खुद आए: दीपके



प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अभिजीत दीपके ने ऐलान किया कि अब उनकी तरफ से कोई भी सरकार से बात करने नहीं जाएगा, बल्कि सरकार को ही जंतर-मंतर पर बात करने के लिए आना होगा।

### प्रेस कांफ्रेंस में राहुल बोले-पुलिसवालों ने मेरे कान में कहा: सरकार को हटाइए

# मुझे घसीटा, मुंह से खून आया, मुक्के लगे, लेकिन प्रधान को जाना ही होगा

- साढ़े 7 करोड़ छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए, लेकिन जवाबदेही किसी की नहीं
- महिलाओं के साथ बर्बरता की गई, पैलेट गन का भी इस्तेमाल किया
- अब तक 152 से ज्यादा पेपर लीक हुए, सजा किसी को नहीं

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के इंदिरा भवन में छात्रों के खिलाफ लाठीचार्ज पर करीब 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने सबसे पहले अपने प्रेजेंटेशन में 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के संसद चलो मार्च में शामिल छात्रों के वीडियो चलाए। राहुल कहा कि सुरक्षाबलों ने छात्रों को बुरी तरह पीटा। ऐसा क्यों किया गया। नीट पेपर लीक से देश के 7.5 करोड़ छात्र और उनके परिवार इस घटना से प्रभावित हुए हैं। नीट मामले में किसी भी को सजा नहीं हुई।

राहुल ने कहा- जब पुलिसवाले मुझे हटाने आए तो उन्होंने मेरे कान में कहा सरकार को हटाइए। मुझे घसीटा तो मुंह से खून आया, दो-तीन पंच लगे, लेकिन धर्मेंद्र प्रधान को जाना होगा। महिलाओं के साथ पुलिस बदसलूकी करते दिख रही है। डीसीपी संदीप लांबा पर लड़की को थप्पड़ मारने के आरोप लग रहे हैं। प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया। एक छात्र के शरीर पर बंदूक के छर्रे दिखाई दिए। हालांकि, पुलिस ने पैलेट गन के इस्तेमाल के दावे को खारिज किया है। छात्र शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस अचानक उन पर लाठीचार्ज कर देती है। वीडियो में दिखाया गया कि किसी छात्रों के सिर से खून बह रहा तो किसी छात्र को पुलिस घसीट रही है।


राहुल ने वीडियो दिखाए

**नीट का खर्च देश के शिक्षा बजट से ज्यादा**

**राहुल ने कहा**

1.4 लाख करोड़ भारत सरकार का शिक्षा बजट है। 1.32 लाख करोड़ भारतीय परिवार नीट एग्जाम पर खर्च करते हैं। नीट का खर्च देश के शिक्षा बजट से ज्यादा है।

**राहुल ने रखीं 3 मांगें**

पहली- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें

दूसरी- छात्रों को पीटने वालों पर कार्रवाई हो

तीसरा- पीएम मोदी छात्रों से माफी मांगें

inh छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

### सीजेपी का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने बुधवार को दावा किया कि सीजेपी का आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट डिसेबल कर दिया गया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज़िम्मेदार ठहराया। बता दें कि इससे पहले मई 2026 में आईटी एक्ट की धारा 69ए के तहत सीजेपी का ट्विटर हैंडल भारत में ब्लॉक कर दिया गया था, जिसके बाद बैकअप और इंस्टाग्राम अकाउंट्स भी सस्पेंड हुए थे।

**कॉकरोचों पर लाठीचार्ज: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार**

# मुख्य न्यायाधीश बोले- वीडियो देखने का वक्त नहीं, हमारा वक्त बर्बाद न करें

**सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने कहा- लाठीचार्ज की जांच हो**



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है। बुधवार को एक वकील ने सीजेआई की अगुआई वाली 3 जजों की बेंच के सामने जनहित याचिका लगाई थी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमें वीडियो देखने में कोई रुचि नहीं है। हमारे पास उसे देखने का समय नहीं है। जब वकील ने छात्रों के साथ मारपीट के वीडियो देखने का दूसरी बार अनुरोध किया तो सीजेआई ने कहा कि हमारा और अपना समय बर्बाद मत कीजिए। गौर हो कि15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा था कि कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करने लगते हैं। इस टिप्पणी के बाद ही अभिजीत दीपके ने इंस्टाग्राम पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से संगठन बनाया था। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने निर्दोष छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की है। एसोसिएशन ने कहा है कि इस कार्रवाई में कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए। इस घटना की तुरंत, निष्पक्ष और समय से जांच होनी चाहिए।

**छात्राओं से छेड़छाड़ और लाठीचार्ज का मामला**

## दिल्ली हाई कोर्ट का दिल्ली पुलिस को नोटिस, फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश



याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने कहा- 90 से ज्यादा प्रदर्शनकारी गंभीर जख्मी

दिल्ली हाई कोर्ट में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संसद मार्च के दौरान हुए लाठीचार्ज और सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाने के मामले में दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस देवेंद्र उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट में याचिकाकर्ताओं के वकीलों एन. हरिहरन, विकास सिंह और संजय हेगड़े ने पुलिस कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए।



काले कपड़ों में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल और अन्य नेता

**पटना, हैदराबाद, और बेंगलुरु सहित कई प्रमुख शहरों में प्रदर्शन**

# प्रदर्शनकारियों के गुस्से की आग दिल्ली से कई राज्यों तक पहुंची

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

देशभर में शिक्षा व्यवस्था में सुधार, पेपर लीक और परीक्षा में धांधली जैसे मुद्दों को लेकर छात्रों का आक्रोश जंतर-मंतर (दिल्ली), पटना, हैदराबाद, और बेंगलुरु सहित कई प्रमुख शहरों में फैल गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी के साथ छात्रों ने उच्च स्तरीय जांच और पारदर्शी प्रणाली की मांग की है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर भारी संख्या में छात्र विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना के विश्वविद्यालयों/कैंपसों से भी व्यापक रैलियों और धरनों की तस्वीरें सामने आई हैं। बिहार की राजधानी पटना में पेपर लीक और धांधली के खिलाफ छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। पटना में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बुधवार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

- बिहार में छात्रों को पुलिस ने दौड़ा दौड़ाकर पीटा
- छात्रों ने पत्थरबाजी की, पुलिस की गाड़ियों को तोड़ा


पीसीसी मुख्यालय पर कांग्रेस नेता इस अंदाज में दिखे

राहुल गांधी के विरोध में भाजपा का रेडक्रॉस चौराहे पर प्रदर्शन

### पुलिस ने पीसीसी जाने से रोका कांग्रेसी वहां फूल लेकर खड़े थे

**भोपाल।** दिल्ली में पीएम आवास पर राहुल गांधी के प्रदर्शन के विरोध में बुधवार को भाजपा ने भोपाल के रेड क्रॉस चौराहे पर प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। उन्हें पीसीसी तक जाने नहीं दिया। खंडेलवाल ने कहा कि वे केवल चेतावनी देने आए थे। दूसरी तरफ, कांग्रेस कार्यकर्ता दफ्तर के बाहर भाजपा के लोगों के लिए फूल लेकर खड़े थे।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अस्पताल आकर मुलाकात की**


मेदांता के बाहर सांसद संजय सिंह की पुलिस से बहस

***तभी अनशन समाप्त जब सरकार भरोसा दे कि युवा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई दंडात्मक या बदले की कानूनी कार्रवाई नहीं होगी***

# सोनम वांगचुक ने कहा-जीना चाहता हूं पर युवाओं के भविष्य की कीमत पर नहीं

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह को पत्र लिखकर अस्पताल आकर मुलाकात करने और अनशन खत्म करने की अपील के लिए धन्यवाद दिया है। वांगचुक ने कहा कि मंत्रियों के साथ बातचीत के दौरान सरकार की ओर से कुछ मांगों पर सकारात्मक विचार का आश्वासन मिला है। इसके अलावा, विभिन्न राजनीतिक दलों के लगभग



65 सांसदों ने भी उनसे अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया है। वांगचुक ने स्पष्ट किया कि वह जीना चाहते हैं और अपने शिक्षा संबंधी कार्यों में लौटना चाहते हैं, लेकिन युवाओं के भविष्य की कीमत पर नहीं। उन्होंने अपना अनशन खत्म करने के लिए सरकार से बिना शर्त आश्वासन मांगा है।आंदोलन में शामिल किसी भी युवा प्रदर्शनकारी के खिलाफ कोई दंडात्मक या बदले की कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। यदि सरकार यह लिखित या स्पष्ट आश्वासन देती है, तो वह अपना अनशन समाप्त कर देंगे। आश्वासन न मिलने पर उन्होंने अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखने की चेतावनी दी है। उधर, गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचे ।

**दो प्रमुख मांगें रखीं**

**मुआवजा:** पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को पर्याप्त वित्तीय सहायता दी जाए

**संसद में चर्चा**

जवाबदेही तय करने के लिए संसद में सार्थक बहस हो, जिसमें शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के विकल्प पर भी विचार शामिल हो।

**नीट विवाद पर संसद में बढ़ी तकरार, सत्तापक्ष और विपक्ष की ओर से चले 'शब्दबाण'**

# भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर की बड़ी टिप्पणी, गिरिराज बोले उनके दिल भी कपड़ों की तरह काले हैं, सरकार चर्चा को तैयार और वे भाग रहे

## विपक्ष संसद की कार्यवाही कर रहा बाधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट यूजी पेपर लीक मामले पर विपक्ष के लगातार हंगामे और काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन के बीच भाजपा ने बुधवार को विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्षी नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि उनके दिल भी उनके कपड़ों की तरह काले हैं। सरकार मामले पर चर्चा के लिए तैयार होने के बावजूद विपक्ष संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है। गिरिराज ने कहा कि विपक्ष जानबूझकर बहस से बच रहा है और छात्रों की समस्याओं का



राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष और कांग्रेस संसद को चलने नहीं देना चाहते। सरकार ने चर्चा का प्रस्ताव दिया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। उनके दिल भी उतने ही काले हैं जितने उनके कपड़े।

## राजनाथ सिंह का विपक्ष पर हमला

### छात्रों को राजनीतिक हथियार बनाया जा रहा, संसद में करें चर्चा

संसद के मानसून सत्र के दौरान युवाओं और छात्रों के मुद्दे पर जारी सियासी घमासान के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। सिंह ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग देश के छात्रों और युवाओं का इस्तेमाल अपने राजनीतिक हथियार के रूप में कर रहे हैं। उन्होंने इसे छात्रों को भटकाने का एक विफल प्रयास करार दिया। सिंह ने विश्वास जताया कि भारत का समझदार युवा इन सभी कोशिशों को अच्छी तरह समझता है और वह विकास तथा राष्ट्र निर्माण का रास्ता ही चुनेगा।




सिंह ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। विपक्ष संसद के बजाय सड़कों पर समाधान ढूंढने का अनुचित प्रयास कर रहा है। विपक्ष वास्तव में गंभीर है, तो सदन के भीतर मुद्दों पर चर्चा करे।

### युवाओं के कल्याण और न्याय के लिए प्रतिबद्ध

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार छात्रों और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार युवाओं के प्रति संवेदनशील है और यह सुनिश्चित करेगी कि किसी के साथ, खासकर छात्रों के साथ कोई अन्याय न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के कुछ नेता जनता के बीच बनावटी गुस्सा पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में फिर दोहराया कि सरकार मामले पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन बहस का प्रारूप और



समय सभी दलों के साथ चर्चा के बाद तय होगा। विवाद को लेकर संसद के मानसून सत्र में तनाव जारी है। सरकार चर्चा का प्रस्ताव दे रही है, जबकि विपक्ष इस्तीफे के बिना चर्चा से इनकार कर रहा है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि संसद को राजनीतिक टकराव के बजाय राष्ट्रीय मुद्दों पर रचनात्मक चर्चा का मंच बनना चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर सत्ता की भूख और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि पेपर लीक किसी भी हाल में समर्थनीय नहीं है और सरकार ने इसकी गहन जांच शुरू कर दी है। उन्होंने प्रधान के इस्तीफे को समाधान नहीं बताया।

**राजनीतिक हलकों में बढ़ी चर्चा**

## संसद में पीएम मोदी से मिले शरद और सुप्रिया

संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को एनसीपी (एससी) के प्रमुख शरद पवार और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद परिसर में मुलाकात की। इस मुलाकात को मौजूदा राजनीतिक हालात



और छात्रों के मुद्दों के संदर्भ में अहम माना जा रहा है। इससे पहले शरद पवार और सुप्रिया सुले मंगलवार को जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे। शरद ने केंद्र सरकार से अपील की कि वह छात्रों और नागरिकों की मांगों को संवेदनशीलता के साथ सुने। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को अधिकार देता है और सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है।

**दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों से अब सख्ती से निपटेगी सरकार**

## एयरलिफ्ट की गई सीआरपीएफ और आरएएफ की 24 कंपनियां

दिल्ली में विभिन्न राजनीतिक दलों के विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सीआरपीएफ और आरएएफ की अतिरिक्त 24 कंपनियों को तैनात किया गया है। ये कंपनियां दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर कानून व्यवस्था की स्थिति को संभालेंगी। सरकार ने साफ कर दिया है कि अब विरोध प्रदर्शन करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। कानून व्यवस्था के चलते नई दिल्ली में बुधवार को 16 मेट्रो स्टेशन भी अस्थायी तौर से बंद कर दिए गए हैं।

# क्या बेटियों के कपड़े फाड़ेंगे आप? उनकी आवाज सुनें

## स्पीकर बिरला पर फट पड़े अखिलेश यादव

जंतर मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन और संसद मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस ने जो लाठीचार्ज किया उसके बाद से सियासत शुरू हो गई है। संसद में इस पर बहस के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव लोकसभा स्पीकर ओम बिरला र फट पड़े। यादव ने कहा कि अगर पेपर लीक और छात्रों की आवाज और उनके मुद्दों पर सरकार ने संसद में बहस की होती तो ये नौबत नहीं आती। जिसके बाद अखिलेश ने पुलिस लाठीचार्ज का हवाला देते हुए कहा कि क्या अपने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर आप लाठी चलाएंगे, उनके सिर फोड़ेंने और क्या बेटियों के कपड़े फांड़ेंगे?

**अखिलेश और केसी वेणुगोपाल में झड़प**





### भाजपा ने क्या कांग्रेस से समझौता कर लिया?

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन की आग पटना समेत देश को दूसरे हिस्से में पहुंच चुकी है तो इधर जंतर मंतर पर छात्र डटे हुए हैं। छात्रों के नाम पर विपक्ष जमकर सियासत कर रहा है। हालांकि धर्मेंद्र प्रधान पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की लाइन अलग-अलग है। कांग्रेस जहां शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर अड़ी है तो वहीं अखिलेश यादव के रुख नर्म है। अखिलेश सदन में नीट पर चर्चा चाहते हैं। अखिलेश अपनी बात कहना चाह रहे थे लेकिन स्पीकर ने कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल को बोलने के लिए कहा। फिर रिजिजू बोलने लगे। इसके बाद स्पीकर ओम बिरला के सामने आपत्ति जताते हुए अखिलेश ने कहा कि आपने भाजपा-कांग्रेस को बोलने का मौका दिया, क्या आपने इनसे समझौता कर लिया।

## कल्याण पूरे मानसून सत्र के लिए लोकसभा से निलंबित



तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद कल्याण बनर्जी को पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्हें असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए निलंबित किया गया। मानसून सत्र का लगातार तीसरा दिन भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही तीन बार स्थगित हुई।

**रेल मंत्री वैष्णव बोले**

## 99.6% ब्रॉड गेज रेल नेटवर्क विद्युतीकृत, भारत में दुनिया में सबसे बड़ा नेटवर्क बना



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा विद्युतीकृत रेलवे नेटवर्क वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज रेल नेटवर्क का 99.6 प्रतिशत हिस्सा विद्युतीकृत हो चुका है। इस मामले में भारत केवल स्विट्जरलैंड (100 प्रतिशत) से थोड़ा पीछे है, हालांकि स्विट्जरलैंड का रेलवे नेटवर्क भारत की तुलना में काफी छोटा है। रेल मंत्री ने लिखित उत्तर में बताया कि रेलवे विद्युतीकरण के मामले में भारत- चीन (82 प्रतिशत), स्पेन (67 प्रतिशत), जापान (64 प्रतिशत), फ्रांस (60 प्रतिशत) और यूनाइटेड किंगडम (39 प्रतिशत) जैसे देशों से आगे निकल चुका है।

**ई- 20 पेट्रोल पर केंद्र की सफाई**


## पुराने वाहनों में माइलेज थोड़ा घट सकता है, इंजन को नुकसान नहीं

ई20 पेट्रोल को लेकर चले तमाम तरह के अफवाहों पर विराम लगाते हुए केंद्र सरकार ने स्थिति साफ किया है। केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि ई20 पेट्रोल (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) के इस्तेमाल से ई10 पेट्रोल के लिए डिजाइन किए गए कुछ पुराने वाहनों में ईंधन दक्षता (माइलेज) में मामूली कमी आ सकती है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने यह बात कही।

**खबर संक्षेप**

### अनुष्का के साथ कोहली ने प्रेमानंद के दर्शन किए


**वृंदावन।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद



प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली बुधवार को पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन पहुंचे जहां दोनों ने प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली इससे पहले आईपीएल 2026 खत्म होने के बाद भी प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। मालूम हो कि आरसीबी ने इस सीजन खिताब अपने नाम किया था।

### तेलंगाना में सर्जरी के बाद 5 महिलाएं बीमार

**कामारेड्डी।** तेलंगाना के कामारेड्डी जिले के बांसवाड़ा के अस्पताल में 10 दिन में महिलाओं की सी-



सेक्शन सर्जरी हुई। सर्जरी के बाद 5 महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई। इन महिलाओं को निजामाबाद के सरकारी जनरल अस्पताल और हैदराबाद के निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराना पड़ा। राजस्थान के सरकारी अस्पतालों में सी-सेक्शन सर्जरी कराने वाली कई महिलाओं को किडनी संबंधी परेशानी आई थी।

### महाराष्ट्र में आज बंद का किया ऐलान

**मुंबई।** दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और उत्पीड़न के विरोध में वंचित बहुजन आघाडी द्वारा



गुरुवार को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया गया है। इस दौरान बसों, लोकल ट्रेनों और मेट्रो जैसी आवश्यक सेवाओं के सुचारू रूप से चलने की उम्मीद है, लेकिन शिक्षण संस्थानों और निजी प्रतिष्ठानों पर असर पड़ सकता है। राज्य में बसों और लोकल ट्रेन सामान्य रूप से चलेंगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धार्थ दवे के प्रयासों की सराहना की

# पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने के मामले में दिखी सकारात्मक प्रगति, कोर्ट 'संतुष्ट'

## न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के मामले में काम अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है और पिछले कुछ महीनों में स्थिति ने सकारात्मक रुख लिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को इस मामले में न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) के रूप में सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बताया कि इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पीठ ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि इस मामले में काम बहुत अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है। इसके लिए हमें सिद्धार्थ दवे के प्रयासों का श्रेय देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में इस मामले में सकारात्मक बदलाव आया है। सुप्रीम कोर्ट पुलिस थानों में काम कर रहे सीसीटीवी कैमरों की कमी से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा था।



**पीठ ने दो अहम मुद्दों पर ध्यान दिलाया**

पीठ ने दो अहम मुद्दों पर ध्यान दिलाया। पहला, पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने की योजना के लिए वित्तीय सहायता की अवधि बढ़ाने का और दूसरा, पहले से लगाए गए कैमरों के रखरखाव का। केंद्र सरकार की ओर से पेश कानून अधिकारी ने कहा कि वह इन दोनों पहलुओं पर संबंधित अधिकारियों से निर्देश लेकर अदालत को अवगत कराएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कानून अधिकारी को निर्देश प्राप्त करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त

**छात्रों पर हुए लाठीचार्ज से भड़का बार एसोसिएशन**

### स्टूडेंट्स पर हुए लाठीचार्ज पर नाराजगी जताई

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने कॉकरोच जनता पार्टी के संसद चलो मार्च के दौरान स्टूडेंट्स पर हुए कथित लाठीचार्ज पर नाराजगी जताई है। एसोसिएशन ने लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बहुत ज्यादा और बेहिसाब बल का इस्तेमाल किया गया है। यह एक परेशान करने वाला है और लोकतांत्रिक समाज में बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। एसोसिएशन ने बिना किसी भेदभाव के तुरंत जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।एसोसिएशन के अनुसार बेगुनाह स्टूडेंट्स पर हुए बेरहमी से लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करता है, जिससे कई स्टूडेंट्स को गंभीर चोटें आईं। इस घटना में एससीबीए के मेंबर्स समेत लीगल फ्रेटरनिटी के मेंबर्स भी घायल हुए।

**एएसजी की 'पब्लिसिटी' वाली दलील पर हाईकोर्ट ने कहा**

### जनहित याचिकाओं में हर पीड़ित का व्यक्तिगत आना जरूरी नहीं

दिल्ली हाईकोर्ट ने संसद मार्च के दौरान पुलिस द्वारा कथित अत्यधिक बल प्रयोग के



खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। अदालत ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।एक पिटीशनर की तरफ से पेश सीनियर एडवोकेट एन. हरिहरन ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट के बाद जंतर-मंतर पर जमा हुई भीड़ बस अपने अधिकारों का दावा कर रही थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्टूडेंट्स पर कैसे हमला किया गया, और बताया कि उनके खिलाफ बहुत ज़्यादा बल का इस्तेमाल किया गया।

## कोरोना के नए मामले चिंतनीय

# आंध्र में 4 की मौत, गुजरात में चंडीपुरा वायरस ने ली 8 जानें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। आंध्र प्रदेश में अब तक सबसे ज्यादा 26 केस सामने आ चुके हैं। इसके अलावा, पहले से दूसरी बीमारियों से जूझ रहे 4 कोरोना मरीजों की मौत हो गई। वहीं, पुणे में भी लगभग तीन साल बाद कोविड-19 के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। 10 दिन में नए मरीजों की पहचान की गई है। कोलकाता के अस्पताल में 4 का इलाज जारी है।

### बनासकांठा में बरपा ज्यादा कहर

राजस्थान के सिरोही जिले की दो-वर्षीय बच्ची की गुजरात के बनासकांठा जिले के अस्पताल में चंडीपुरा वायरस संक्रमण के इलाज के दौरान मौत हो गई। बनास मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सुनील जोशी ने 21 जुलाई को बताया कि बच्ची को 13 जुलाई को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था और अगले दिन उसकी जांच में चंडीपुरा वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई। उसे छह दिन तक शिशु रोग संबंधी आईसीयू में भर्ती रखकर इलाज किया गया, लेकिन 19 जुलाई को उसकी मौत हो गई।

### चंडीपुरा वायरस के 63 मामले मिले

गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल पानशेरिया ने बताया कि राज्य में इस वर्ष अब तक चंडीपुरा वायरस के 63 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। इनमें 12 मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई है, जिनमें नौ गुजरात और तीन राजस्थान के हैं। अब तक 8 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्वास्थ्य जांच, कच्चे मकानों और पशुशालाओं के आसपास सैंडफ्लाई नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला अस्पतालों में बच्चों के लिए आईसीयू बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। चंडीपुरा वायरस से मस्तिष्क में सूजन (एन्सेफलाइटिस) हो सकती है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, दौरे, उल्टी, दस्त और बेहोशी शामिल हैं।

## बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा पर सरकार सख्त

# आईटी नियमों में सख्ती होगी एजेंसियों को मिले और हक

## केंद्र सरकार ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्रीके प्रसार को गंभीरता से लेते हुए ऑनलाइन सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त बनाने कई कदम उठाए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया कंपनियों को गैर-कानूनी और हानिकारक सामग्री के खिलाफ तेजी से कार्रवाई करनी होगी तथा कंटेंट हटाने की समयसीमा और जांच व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में दी। सरकार ने बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े विज्ञापनों और कंटेंट के प्रसार की खबरों पर संबंधित सोशल मीडिया से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। बाल अधिकार आयोग ने भी नोटिस जारी किया है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को और अधिकार देंगे।

## हिमाचल के चंबा में 2 दिन से लगातार हो रही बारिश

# कई जगहों पर लैंडस्लाइड,100 से ज्यादा सड़कें बंद

एजेंसी ▶▶ चंबा

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में लगातार 2 दिन से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आग भी आरेंज अलर्ट जारी किया है। डिप्टी कमिश्नर मुकेश रेप्सवाल ने बताया कि बारिश की वजह से 100 से ज़्यादा सड़कें बंद हो गई हैं। मशीनरी तैनात कर दी गई है और रास्ता साफ़ करने का काम चल रहा है, लेकिन लगातार हो रही बारिश से बहाली के काम में रुकावट आ रही है।

**फिलहाल 2-3 दिन तक राहत की उम्मीद नहीं**



**देश के 18 राज्यों में आईएमडी की चेतावनी**

### आज बरपेगा आसमानी कहर! गुजरात-महाराष्ट्र में रेड अलर्ट

देशभर में मानसून एक बार फिर पूरी रफ्तार पकड़ चुका है। आईएमडी के अनुसार गुरुवार को देश के 18 राज्यों में बारिश का जोर देखने को मिलेगा। खासकर पश्चिम और मध्य भारत में बारिश बेहद तीव्र रहने वाली है। गुजरात और मध्य महाराष्ट्र में बेहद भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है, राजस्थान, कोंकण-गोवा, पूर्वोत्तर और उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश होगी।

### यूपी में बदलेगा मौसम, उत्तराखंड में भूस्खलन का बढ़ा खतरा



उत्तर प्रदेश में 23 जुलाई को मौसम का मिजाज बदला रहेगा। पूर्वी यूपी में बादलों की आवाजाही के बीच कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। 26 जुलाई के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का दौर और तेज हो सकता है। उत्तराखंड में भारी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। पर्वतीय जिलों में भूस्खलन, चट्टान गिरने और सड़कें बंद होने का खतरा बना हुआ है।

### बड़गाम में शॉपिंग कांप्लेक्स बहा एक की मौत

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में मंगलवार को भी दिनभर रुक-रुक वर्षा जारी रही। इस दौरान कई जगह सड़कों को नुकसान हुआ। बड़गाम जिले के वीरवाह शहर में सुखनाग नदी में उफान से पानी मुख्य बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्र में घुस गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। नगर पालिका का शापिंग कांप्लेक्स बह गया।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



भोपाल में दिन भर बारिश होती रही, लिंक रोड नंबर एक का दृश्य

सर्वाधिक बारिश मकसूदगढ़ में 174 मिमी, भोपाल में 53 मिमी बारिश

**लगातार तीन दिन की अटूट बारिश**

# ‘उम्मीद’ की झड़ी

***प्रदेश पर बने अपर एयर सकुर्लेशन से बारिश का दौर जारी रहेगा***

**उमरिया में लगातार बारिश के बाद संजय गांधी ताप बिजली केंद्र से पानी छोड़ा जा रहा है, बुधवार को एक गेट आधा मीटर खोला गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी हल्की से मध्यम और कुछ जगह तेज बारिश का दौर जारी है। मानसून ऑनसेट के बाद इस सीजन में दूसरी बार बुधवार तक लगातार तीन दिन से भोपाल सहित कई जिलों में बारिश का सिलसिला चल रहा है। मानसून ऑनसेट के बाद यह दूसरा अवसर जब बारिश की झड़ी लंबी खिंच रही है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के अधिकांश जिले भीगे हैं, जिनमें सर्वाधिक बारिश मकसूदगढ़ 174 मिमी रही। कुंभराज 130, जैसिंहनगर 130, गोहरगंज 128 मिमी तक बारिश हुई है। बुदनी, नर्मदापुरम, पोहरी, रेहटी, बैरिसया, शमशाबाद आदि स्थानों पर 80 से 100 मिमी तक बारिश दर्ज की गई है। भोपाल में 53 मिमी बारिश हुई।



सिवनी जिले में लगातार बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं। लखनवाड़ा में वैनगंगा ने अपना रौद्र रूप दिखाया। यहां छोटा पुल जलमग्न नजर आया, जिससे आवागमन बंद हो गया।



मंडला शहर के बीच से गुजरती नर्मदा नदी उफान पर, रपटे के ऊपर से बहता पानी

### प्रदेश में औसत पारा 30 डिग्री तक

राजधानी सहित प्रदेशभर में बारिश वाले जिलों में दिन का औसतन एक डिग्री तक गिरने से राहत महसूस की गई। प्रदेश में औसत पारा 30 डिग्री तक रहा। भोपाल में अधिकतम तापमान 26 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.7 डिग्री कम है।

### आज यहां अत्यधिक भारी बारिश

गुरुवार तक छिंदवाड़ा में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट। नर्मदापुरम, बैतूल, सिवनी, पांढुर्णा के अलावा रायसेन, धार, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट में कुछ जगह भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल सहित 40 से अधिक शहरों में तेज से मध्यम बारिश का अलर्ट है।

**खबर संक्षेप**

### ताई का फूटा दर्द, बोलीं इंदौर को अनाथ समझ लिया

**इंदौर।** पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता सुमित्रा महाजन ‘ताई’ ने इंदौर के साथ हो रहे



उपेक्षित व्यवहार पर रेलवे बोर्ड को तल्ख पत्र लिखा है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि पश्चिम रेलवे ने इंदौर को अनाथ मान लिया है और शहर की ट्रेन सेवाएं छीनी जा रही हैं। सुमित्रा ताई ने पत्र में कहा कि पीएम द्वारा उद्घाटित मेमू ट्रेन का रैक इंदौर से छीनकर पुराना डेमू रैक दे दिया गया, जो अक्सर रास्ते में खराब हो जाता है।

### ललित मोदी को फेमा मामले में बड़ी राहत, भारत लौटेंगे


**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के पहले अध्यक्ष ललित मोदी को 2009 दक्षिण अफ्रीका फेमा मामले



में बड़ी राहत मिली है। अपीलीय ट्रिब्यूनल ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा लगाए गए अधिकांश निष्कर्षों और जुर्मानों को रद्द कर दिया है। फैसले पर खुशी जताते हुए ललित मोदी ने कहा कि 16 साल से वह जिस सच की बात कर रहे थे, उस पर अब अदालत की मुहर लग गई है।

### सगौरिया जैन मंदिर से 18 अष्टधातु प्रतिमाएं चोरी

**नरसिंहपुर।** करेली थाना क्षेत्र के ग्राम सगौरिया स्थित प्राचीन जैन मंदिर में



मंगलवार रात चोरों ने कटर से ताला काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से भगवान महावीर स्वामी समेत विभिन्न जैन तीर्थंकरों की लगभग 18 अष्टधातु की छोटी-बड़ी प्रतिमाएं चुरा ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची करेली पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की मदद से साक्ष्य जुटाए।

दिल्ली में छात्रों के आंदोलन का मुद्दा मप्र विधानसभा में भी उठा

# कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव दिया, स्पीकर बोले- दिल्ली का मुद्दा, इसलिए अग्राह्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानसून सत्र में बुधवार को कांग्रेस ने दिल्ली में चल रहे छात्रों के प्रदर्शन पर हुए लाठी चार्ज का मुद्दा उठाया। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि चूंकि दिल्ली स्थित जंतर-मंतर में आंदोलनकारी छात्रों पर लाठी चार्ज का मुद्दा केंद्र सरकार के अधीन है। नियमानुसार यह स्थानीय होना चाहिए। इसलिए यह प्रस्ताव अग्राह्य किया जाता है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अध्यक्ष की व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हुए। सदन में इस पर जमकर हंगामा हुआ।

कांग्रेस व भाजपा दोनों तरफ के सदस्यों ने एक दूसरे पर जमकर आरोप लगाए। इसके बाद सदन की कार्रवाई कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव पर अध्यक्षीय व्यवस्था देते हुए स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मैंने पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों को सुना है। भैरव सिंह बापू, सचिन यादव, दिनेश चंद्र बोस, रामकिशोर दोगने, सुरेश राजे ने दिल्ली स्थित जंतर-मंतर में आंदोलनकारी छात्रों पर किए गए लाठी चार्ज के संबंध में स्थगन प्रस्ताव दिया है।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार बोले कि आप युवा वर्ष मना हैं तो मैं चाहता हूं कि इस पर स्थगन प्रस्ताव लेकर चर्चा कराई जाए

**विपक्ष ने आसंदी के पास पहुंचकर की नारेबाजी**




नेता प्रतिपक्ष सिंघार सहित कांग्रेसी विधायक प्रदर्शन करते हुए

### स्पीकर ने कहा

- सूचनाएं 9 बजे के बाद अर्थात 10.25 बजे प्राप्त हुई, इन्हें अगले प्राप्त हुआ माना जाएगा
- स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता के लिए आवश्यक है कि उसका विषय राज्य सरकार के प्रशासनिक कार्य अथवा उसके उत्तरदायी होना चाहिए

### ‘प्रश्नकाल से शून्य काल तक’ पुस्तक का दिया हवाला

स्पीकर ने सभापति व्यवस्थाओं में एवं पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की पुस्तक ‘प्रश्नकाल से शून्य काल तक’ के पेज 234 में स्पष्ट लिखा है कि विषय शासन के कार्यकलापों से संबंधित होना चाहिए। इसमें स्पष्ट किया गया है कि यह स्थगन प्रस्ताव का विषय नहीं हो सकता।

### दिल्ली में मप्र के हजारों लाखों छात्र अध्ययनरत, यह विषय बनता है

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि दिल्ली में किस प्रकार से लाठी चार्ज हुआ, उस में मप्र के भी हजारों छात्र थे। मप्र की भी दो छात्राओं की नीट परीक्षा में मौत हो गई है। प्रदेश के हजारों लाखों छात्र का मामला है।

**सिंघार ने कहा: नीट पेपर लीक पर चर्चा से भाग रही सरकार**

## कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर पहुंचे विधानसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


बुधवार को विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन कांग्रेस विधायकों ने नीट पेपर लीक और दिल्ली में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर विधानसभा पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे लोकतंत्र और युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान विधायकों ने धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो कि तख्तियां लेकर भी नारेबाजी की।

**सरकार छात्रों को कीड़े-मकोड़े कह रही**

सिंघार ने कहा कि दिल्ली में अपने भविष्य की लड़ाई लड़ रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। कांग्रेस ने सदन में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की, लेकिन भाजपा सरकार जवाब देने से बचती रही। जब राहुल गांधी के धरने के बाद केंद्र सरकार लोकसभा में नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हो गई, तो मप्र की भाजपा सरकार विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा से क्यों भाग रही है। सरकार संवेदनशीलता दिखाने के बजाए छात्रों को कीड़े-मकोड़े कह रही है।

नमाज के लिए जगह को लेकर नया मोड़

## मुस्लिम पक्ष की अर्जी पर कल होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई



- **मुस्लिम पक्ष :** भोजशाला से जगह 2 किलोमीटर दूर
- **मप्र सरकार :** 2 किमी नहीं सिर्फ 900 मीटर दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/धार


धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर में नमाज की जगह को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि अदालत के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद स्थानीय प्रशासन ने उन्हें भोजशाला के पास नहीं, बल्कि 2 किलोमीटर दूर नमाज के लिए जगह आवंटित की है। इस अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करने पर सहमत हो गया है। बुधवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी ने मामले का जिक्र करते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की।

जज को फोन करने से जुड़ा अवमानना मामला

## विधायक पाठक को राहत बिना शर्त माफी की गई मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कटनी के विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक के खिलाफ दर्ज आपराधिक अवमानना मामले को समाप्त कर दिया है। कोर्ट ने विधायक द्वारा प्रस्तुत शपथ-पत्र और मांगी गई बिना शर्त माफी को स्वीकार करते हुए उन्हें भविष्य के लिए सख्त ताकीद दी है। यह मामला 30 अगस्त 2025 का है, जब विधायक के मोबाइल से हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा को फोन किया गया था।



संजय पाठक

**हाई कोर्ट ने चेतावनी देकर यह अवमानना कार्रवाई बंद की**

**मप्र में ओबीसी आरक्षण मामला:** हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान नया मोड़

## अब एसटी वर्ग ने भी किया विरोध, अनारक्षित सीटें घटने से प्रभावित होंगे हमारे मेधावी छात्र

**सामान्य वर्ग की ओर से बहस लगभग पूरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27% आरक्षण दिए जाने के मामले में बुधवार को मप्र हाईकोर्ट में एक नया मोड़ आया। प्रशासनिक न्यायाधीश आनंद पाठक और न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान सामान्य वर्ग के बाद अब अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग ने




भी बढ़े हुए ओबीसी आरक्षण का विरोध किया है। एसटी याचिकाकर्ता रितु बडोले की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मुक्ता ने अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन उनकी आरक्षित सीटों के अलावा सामान्य मेरिट (अनारक्षित) सीटों पर भी होता है।

**कोर्ट का सवाल -सीटें अक्सर खाली तो भेदभाव कैसे?**

न्यायमूर्ति विनय सराफ ने पूछा कि जब एसटी वर्ग की कई आरक्षित सीटें अक्सर खाली रह जाती हैं, तो इसे एसटी के साथ भेदभाव कैसे माना जाए? इस पर एसटी पक्ष ने स्पष्ट किया कि विवाद आरक्षित कोटे का नहीं, बल्कि अनारक्षित/सामान्य मेरिट सीटों में होने वाली कटौती का है।

हाईकोर्ट में पेश की थी फर्जी अनुशंसा

## राज्यमंत्री का फर्जी एआई लेटरहेड बनाया, स्वास्थ्य कर्मचारी सस्पेंड



**कलेक्टर की जांच में खुलासा लेटरहेड में स्पेलिंग मिस्टेक से पकड़ी गई चोरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मप्र की राज्यमंत्री और टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर का फर्जी एआई लेटरहेड बनाकर उपयोग करने के मामले में स्वास्थ्य विभाग के बहुउद्देशीय कार्यकर्ता (एमपीडब्ल्यू) के.एल. बंशकार को सस्पेंड कर दिया गया है। कर्मचारी ने अपना तबादला रुकवाने के लिए यह फर्जीवाड़ा रचा था। गौड़ उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बंशकार का प्रशासनिक आधार पर दरगुवां तबादला किया गया था। इस आदेश के खिलाफ कर्मचारी ने हाईकोर्ट में अपील की।

सेवा विस्तार की अटकलों पर विराम

## केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी, अनुराग बने नीति आयोग के नए सीईओ

***31 अगस्त तक संभालेंगे मप्र के मुख्य सचिव का पद***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनुराग जैन को केंद्र सरकार ने नीति आयोग का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने बुधवार को उनके नाम को हरी झंडी दे दी।



अनुराग जैन

**नए मुख्य सचिव होंगे वर्णवाल आदेश जारी**

प्रदेश को जल्द ही नया मुख्य सचिव मिलेगा। नए मुख्य सचिव वरिष्ठ आईएएस अशोक वर्णवाल होंगे। शासन ने आदेश भी जारी कर दिया है। वे अभी अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य हैं।

सावन में श्रद्धालुओं के लिए खुशखबर

## भोपाल के डाकघरों में 30 रुपए में मिलेगा ऋषिकेश और गंगोत्री का शुद्ध गंगाजल

डाक विभाग ने विशेष काउंटरों और पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था की

**अधिकृत रूप से यह गंगाजल मंगाया जाता है ताकि इसकी शुद्धता और पवित्रता बनी रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पवित्र सावन माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के लिए डाक विभाग ने एक बड़ी और राहतभरी सुविधा शुरू की है। अब भोपाल सहित मध्य प्रदेश के सभी प्रमुख डाकघरों में गंगोत्री और ऋषिकेश से लाया गया सीलबंद शुद्ध गंगाजल बेहद किफ़ायती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। श्रद्धालु इसे केवल 30 रुपए प्रति बोतल में खरीद सकेंगे। इस पहल से




श्रद्धालुओं को गंगाजल के लिए दूर-दराज जाने या बाजार में महंगे दाम चुकाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डाक विभाग के अनुसार, उत्तराखंड के गंगोत्री क्षेत्र से अधिकृत रूप से यह गंगाजल मंगाया जाता है ताकि इसकी शुद्धता और पवित्रता बनी रहे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में नए फैसलों और व्यवस्थाओं पर मुहर

राम मंदिर परिसर में स्थित 14 मंदिरों के लिए अर्चक तैयार करने बनेगी स्थायी प्रशिक्षण पाठशाला

## राम मंदिर ट्रस्ट में बड़ा बदलाव पूरी निगरानी अब संतों के हाथ

- 9 सदस्यीय धार्मिक समिति का हुआ गठन
- स्वामी गोविंद देव गिरि होंगे अध्यक्ष, डॉ. कृष्ण मोहन संभालेंगे महासचिव का कार्यभार

एजेंसी ⏭ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर की धार्मिक व्यवस्थाओं को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। मंदिर की पूजा-अर्चना, अनुष्ठान और दैनिक धार्मिक गतिविधियों की पूरी निगरानी की जिम्मेदारी संत समाज को सौंप दी गई है। ट्रस्ट की बैठक में पुनर्गठित नौ सदस्यीय धार्मिक समिति का फैसला धार्मिक मामलों में अंतिम और सर्वोपरि माना जाएगा। इस समिति की कमान ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि को सौंपी गई है।



ट्रस्ट की बैठक में संत पदाधिकारी

### धार्मिक समिति को मिले ये प्रमुख अधिकार

- परंपरा की निगरानी
- नित्य पूजा और अनुष्ठान वैदिक रामानंदी परंपरा के अनुसार हो रहे हैं या नहीं, इसकी देखरेख
- पर्वों का निर्धारण
- विशेष अनुष्ठान
- अर्चकों पर नियंत्रण
- संत समाज से समन्वय

### सीईओ चयन जल्द, प्रवक्ता की नियुक्ति भी होगी

ट्रस्ट की सूचनाओं के सही प्रवाह के लिए जल्द ही एक आधिकारिक प्रवक्ता नियुक्त किया जाएगा। पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं।

## चिंतन

# सरकार जल्द शुरू करे युवाओं के साथ संवाद

देश की सबसे बड़ी ताकत और उम्मीद उसकी युवा आबादी है, लेकिन जब यही युवा सड़कों पर उतरकर अपनी बात कहने को मजबूर हों, लंबे समय तक आंदोलन करें, अनशन का सहारा लें और उनकी मांगों पर लगातार टकराव का माहौल बने, तो यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रह जाता। यह सरकार, राजनीतिक दलों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए आत्ममंथन का विषय बन जाता है। इसलिए अब समय आ गया है कि सरकार युवाओं के साथ संवाद की पहल बिना किसी देरी के शुरू करे और उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें विश्वास में ले। परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर उठे सवाल लाखों छात्रों की चिंता से जुड़े हैं। इन मुद्दों का समाधान केवल पुलिस बल, राजनीतिक बयानबाजी या एक-दूसरे पर आरोप लगाने से नहीं निकल सकता। यदि युवाओं को यह महसूस होने लगे कि उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है, तो असंतोष और अविश्वास बढ़ना स्वाभाविक है। लोकतंत्र में असहमति को सुनना कमजोरी नहीं, बल्कि परिपक्वता का परिचायक है। वहीं, विपक्ष भी युवाओं के भविष्य पर राजनीति नहीं करे, बल्कि तथ्यों और समाधान पर बात करे और संसद में भी जनहित की आवाज उठाए। संयम, संवाद और संवैधानिक मर्यादा बनाए रखना जरूरी है। सरकार भी परीक्षा प्रणाली को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाए, ताकि देश का युवा आसानी से परीक्षा दे सके और किसी तरह की परेशानी न हो। सोनम वांगचुक का लंबा अनशन भी इसी चिंता का प्रतीक है। विपक्षी सांसदों ने उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह करते हुए भरोसा दिलाया है कि युवाओं के मुद्दे संसद में उठाए जाएंगे। यह सकारात्मक संकेत है, लेकिन केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होंगे। संसद में गंभीर चर्चा, समयबद्ध निर्णय और ठोस सुधारात्मक कदम ही इस भरोसे को मजबूत कर सकते हैं। लोकतंत्र में संसद से बेहतर संवाद का कोई मंच नहीं हो सकता। डिजिटल युग में जानकारी तेजी से फैलती है और किसी भी घटना पर युवाओं की प्रतिक्रिया भी तुरंत सामने आती है। ऐसे समय में संवाद से दूरी केवल गलतफहमियों को बढ़ाती है। यदि सरकार समय रहते छात्र संगठनों, शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और आंदोलन के प्रतिनिधियों के साथ खुली बातचीत शुरू करती है, तो कई विवाद बिना टकराव के सुलझ सकते हैं। वहीं, आंदोलनकारी संगठनों और विपक्ष की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। विरोध लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन वह पूरी तरह शांतिपूर्ण और संवैधानिक दायरे में होना चाहिए। किसी भी आंदोलन का उद्देश्य समाधान होना चाहिए, न कि ऐसा टकराव जिसमें आम जनता परेशान हो और मूल मुद्दा ही पीछे छूट जाए। सरकार और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि युवाओं के भविष्य पर राजनीति से अधिक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता है। आज देश की शिक्षा व्यवस्था को केवल परीक्षा आयोजित करने वाली प्रणाली नहीं, बल्कि विश्वास पैदा करने वाली प्रणाली बनाने की जरूरत है। यदि परीक्षा निष्पक्ष होगी, भर्ती समय पर होगी और शिकायतों के निवारण की प्रभावी व्यवस्था होगी, तो आंदोलनों की नौबत भी कम आएगी। लोकतंत्र की असली ताकत संवाद में होती है, दमन या टकराव में नहीं। सरकार को चाहिए कि वह जल्द युवाओं से औपचारिक बातचीत शुरू करे, उनकी आशंकाओं को दूर करे और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की स्पष्ट समयसीमा घोषित करे।



मुद्दा
अवधेश कुमार

# दिशाहीन विरोध प्रदर्शनों की भयावहता

राजधानी दिल्ली में 20 मार्च को हजारों लोगों की जुटी आक्रामक भीड़ हमें एक साथ कई पहलुओं पर विचार करने को बाध्य करती है। कॉकरोच शब्द का प्रयोग उच्चतम न्यायालय ने किया। बाद में स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने इसके बारे में अपना स्पष्टीकरण भी दिया, किंतु कॉकरोच केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध का कारण बन गया। क्यों और कैसे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के किसी प्रतिनिधि ने न कॉकरोच शब्द का प्रयोग किया और न उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का समर्थन। लगभग देश के लिए एक अनाम व्यक्ति ने अमेरिका से सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से साइट बनाई। जो कुछ उसमें लिखा जा रहा था, न वहां कोई गंभीर विजन था, न कोई सपना।

राजधानी दिल्ली में 20 मार्च को हजारों लोगों की जुटी आक्रामक भीड़ हमें एक साथ कई पहलुओं पर विचार करने को बाध्य करती है। कॉकरोच शब्द का प्रयोग उच्चतम न्यायालय ने किया। बाद में स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने इसके बारे में अपना स्पष्टीकरण भी दिया, किंतु कॉकरोच केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध का कारण बन गया। क्यों और कैसे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के किसी प्रतिनिधि ने न कॉकरोच शब्द का प्रयोग किया और न उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का समर्थन। लगभग देश के लिए एक अनाम व्यक्ति ने अमेरिका से सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से साइट बनाई। देखते-देखते लाखों फॉलोअर्स उसमें जुड़ गए। जो कुछ उसमें लिखा जा रहा था, न वहां कोई गंभीर विजन था, न कोई सपना। अचानक वह दिल्ली में प्रदर्शन की घोषणा करते हैं और हवाई अड्डे पर उतरते हैं। हवाई अड्डे पर भी उनके स्वागत के लिए कोई भीड़ नहीं, न रास्ते में कहीं लोग। जंतर-मंतर पर पहले दिन का प्रदर्शन अत्यंत सामान्य रहा और उसमें शामिल होने वालों से ज्यादा दर्शकों की संख्या थी। सभी तरह के और सभी विचारधाराओं के लोग उसमें थे। लेकिन धीरे-धीरे ऐसी स्थिति बनी कि सोनम वांगचुक लद्दाख से आकर आमरण अनशन पर बैठ गए। कुछ सेलिब्रिटी आने लगे। विपक्ष के कुछ नेता आने लगे और धीरे-धीरे हुए वे सारे चेहरे जो शाहीनबाग से लेकर किसानों के नाम पर हुए आंदोलन या फिर अन्य ऐसे विरोध प्रदर्शनों में लगातार दिखते हैं।

संसद के मानसून सत्र के आरंभ के दिन संसद मार्च का ऐलान हुआ और फिर जिस तरह की भीड़ चारों तरफ जुटी, वह देश के सामने है। इस मार्च में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल लोग कुछ भी कहें ,पर एक नेतृत्वविहीन दिशाहीन अभियान का डरावना दृश्य देश ने देखा। भारी संख्या में पुलिस वाले घायल हुए, पुलिस के वाहन तोड़े गए और पुलिस के बल प्रयोग से प्रदर्शनकारी भी घायल हुए। इसमें दो राय नहीं कि नीट का प्रश्न पत्र लीक होने के कारण युवाओं के परिवारों और देश में भी क्षोभ व असंतोष का वातावरण था। आरंभ में ऐसा लगा भी कि यह नीट के छात्रों के भविष्य की लड़ाई है। इसी बीच एक महिला ने अभिजीत दीपके पर काली स्याही फेंकी। उसका कहना था कि मेरे बेटे ने 680 अंक नीट में प्राप्त किए और लीक होने के बाद वह डिप्रेशन में चला गया, लेकिन यहां नीट कोई मुद्दा ही नहीं है। उसका यह भी कहना था कि सोनम वांगचुक यहां आमरण अनशन पर हैं और कोई भी वरिष्ठ व्यक्ति आंदोलन का उनका ध्यान रखने वाला नहीं है। अजीब दृश्य। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के मरने का नारा और योगी आदित्यनाथ को छक्का कहा जा रहा है। पूरी स्थिति वही है जो हमने शाहीनबाग और फिर किसानों के नाम पर दिल्ली में हुए लंबे धरना प्रदर्शन में देखा था। इस बीच सरकार ने नीट परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी कर ली और उसके परिणाम भी आ गए। प्रश्न पत्र से लेकर पूरी परीक्षा और परिणाम तक जैसी सख्त व सुरक्षित व्यवस्था की गई, उससे साफ था कि सरकार के अंदर परीक्षा को स्वच्छ रूप से आयोजित करने का दृढ़ विचार है। साफ है कि दोबारा परीक्षा देने वाले जिन छात्रों का चयन नहीं हुआ होगा और पहली बार उन्होंने अच्छा किया होगा, उनको छोड़कर बाकी शेष के अंदर मन में पीड़ा होगी



लेकिन असंतोष का भाव नहीं होगा। भविष्य में नीट ही नहीं, किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक नहीं हों, उसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाने और जो कुछ हमारे पास सुझाव हैं, उन्हें सामने रखना स्वाभाविक है। पर इस अभियान में नीट और प्रश्न पत्र लीक का विषय हाशिये पर चला गया। कुल मिलाकर इसे अगर आंदोलन बोला जाए तो न इसका कोई निश्चित उद्देश्य रहा, न कोई दुरगामी कार्यक्रम। संसद मार्च की घोषणा हो गई। ऐसी स्थिति बनी कि दिल्ली ट्रैफिक जाम में फंसी रही। मेट्रो के अनेक स्टेशनों के द्वार बंद रहे। सरकार और प्रशासन की सतह पर जो सोच और रणनीति दिखाई पड़ती है, वह यही कि प्रदर्शन करने वाले अगर कानून की परिधि में करते हैं तो उनके साथ बल प्रयोग नहीं होना चाहिए। अभिजीत दीपके जिस दिन दिल्ली में उतरे, जंतर- मंतर पर धरने की पहले से अनुमति नहीं थी। धरना देने वाले पहले पुलिस से अनुमति लेते हैं और उसकी अवधि तय होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान ने हमें न्याय के लिए संघर्ष करने, अपनी आवाज उठाने का अधिकार दिया है किंतु उसमें कानून के साथ विवेक और मर्यादा की सीमाएं भी हैं। यह सरकार प्रशासन और विरोध करने वालों सब पर लागू होता है। उद्देश्य कुछ और हो तो फिर ऐसे ही होता है। अगर सरकार ने आपको प्रदर्शन की स्वतंत्रता दी, बेवजह लोगों को आने से रोका नहीं गया तो उसके नेतृत्व करने वाले का दायित्व था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रदर्शन की सीमाओं का पालन करते। पर पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि पूरे विश्व में एक अराजक उग्र नव वामपंथी धारा पैदा हुई है। नेपाल परिवर्तन से उसे जेन जी का नाम दिया गया। हमारे पड़ोस श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल के परिवर्तन ने हमारे यहां भी और देश से बाहर रहने वाले अवांछित समूहों को प्रेरित किया है कि भारत में ऐसा कर नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध उथल-पुथल और अराजकता की स्थिति पैदा की जा सकती है। हमारे यहां राजनीतिक और गैर राजनीतिक विपक्ष में ऐसे लोग हैं जिन्हें इसमें अवसर दिखता है। हर ऐसे विरोध प्रदर्शन आंदोलन में सच्चे परिवर्तन या मांग के समर्थन वाले लोग साफ हृदय से आते हैं।

शाहीनबाग धरने से हमने देखा है कि उसकी दिशा, भाषा और लक्ष्य ऐसे लोगों के हाथों आ जाता है, जिनका हमेशा उद्देश्य नकारात्मक होता है। याद कीजिए, सीएए के विरुद्ध कहा जा रहा था कि भारी संख्या में मुसलमानों की नागरिकता चली जाएगी। क्या आज तक किसी एक की नागरिकता गई? इस कारण दिल्ली दंगों तक का शिकार हुई। किसी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हो या कोई अन्य भ्रष्टाचार के विषय हो, पूरे समाज में क्षोभ पैदा होता है। हम सबको ध्यान रखना चाहिए कि इसका लाभ अवांछित तत्व न उठा सकें। अगर इस तरह विरोध प्रदर्शन हुए तो भविष्य में सरकारों और प्रशासन के लिए इनको नियंत्रित और सीमित करने के रास्ते निर्धारित करने पड़ सकते हैं। इसमें हमारे आपके विरोध के अधिकार पर ही बंदिश लगेगी। पुलिस प्रशासन का भी दायित्व है कि उनके अधिकारों के पालन का ध्यान रखने के साथ ऐसे अवांछित तत्वों की पहले से पहचान कर कुछ पूर्वोपाय के कदम उठाए। अब सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं और संभव है कि आगे भी गिरफ्तारियां हों, मामले दर्ज हों। हालांकि ऐसे विरोध प्रदर्शनों में पहले किसी के विरुद्ध कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई, न सजा हुई। कुल मिलाकर यह चिंता का विषय है कि सुप्रीम कोर्ट के टिप्पणी के विरुद्ध सामान्य कटाक्ष से बना एक साइट प्रश्न पत्र लीक से जुड़ते हुए यहां तक पहुंच गया। ऐसा क्यों हुआ, कैसे हुआ, अगर इन प्रश्नों पर हम विचार करें तो उत्तर आसानी से मिल जाएगा। इसी से यह भी उत्तर मिलेगा कि आगे यह स्थिति कैसे पैदा न हो।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# चंद्रशेखर 'आजाद', जिनकी पिस्तौलों का भी इतिहास है

सन् 1919 में 13 अप्रैल को बैसाखी का दिन था और ब्रिटिश ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर ने पंजाब के जलियांवाला बाग में कुख्यात रॉलेट एक्ट के विरोध में हो रही शांतिपूर्ण सभा पर बिना कोई चेतावनी दिए बेहद क्रूरतापूर्वक अंधाधुंध पुलिस फायरिंग करा दी थी। इससे जो विचलित कर देने वाला नरसंहार हुआ, उसने देश में ऐसे विकट उद्वेलन पैदा किए कि जहां देशवासी डायर को 'द बूचर ऑफ अमृतसर' कहने लगे, वहीं नौजवानों का खून उबल पड़ा। वे अहिंसा का दामन छोड़कर हर हाल में प्रतिशोध, दूसरे शब्दों में कहें तो मरने-मारने वाले सशस्त्र संघर्ष के लिए मचलने लगे। अनंतर, उनके अरमानों व आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से 8-9 सितंबर 1928 को दिल्ली के ऐतिहासिक फिरोजशाह कोटला मैदान में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन नामक क्रांतिकारी संगठन गठित किया गया, जिसका उद्देश्य सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत को स्वतंत्र कराना था। इसकी स्थापना के पीछे भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, बटुकेश्वर दत्त और भगवती चरण वोहरा जैसे क्रांतिकारियों की सुविचारित



रणनीति थी और सच पूछिए तो यह अक्टूबर, 1924 में क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, शचींद्रनाथ सान्याल और योगेश चंद्र चटर्जी द्वारा स्थापित 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' का पुनर्गठित रूप था। इसकी आर्मी के कमांडर-इन-चीफ थे चंद्रशेखर आज़ाद, जिनकी आज 120वीं जयंती है। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के भाबरा गांव में 1906 में आज के ही दिन यानी 23 जुलाई को जन्मे आज़ाद ने कमांडर-इन-चीफ के तौर पर प्रतिज्ञा कर रखी थी कि वे किसी भी हालत में कभी भी जिंदा अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और उन्होंने अंतिम सांस तक अपनी इस प्रतिज्ञा का मान रखा। उनके कमांडर-इन-चीफ रहते दिसम्बर, 1928 में सांडर्स वध, अप्रैल, 1929 में सेंट्रल असेंबली बम कांड और दिसम्बर, 1929 में वायसराय लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर हमले जैसे क्रांतिकारी एक्शनों को अंजाम दिया गया। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इकलौते ऐसे नायक हैं, जिनके साथ उनकी पिस्तौलों ने भी इतिहास बनाया है। वे आमतौर पर अपने साथ एक माउजर पिस्तौल रखा करते थे, जिसे बेहद प्यार करते और 'बमतुलबुखारा' कहा करते थे। 27 फरवरी, 1931 को वे इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में गोरों की पुलिस से मुठभेड़ में शहीद हुए तो उनके पास माउजर नहीं, बल्कि कोल्ट नामक पिस्तौल थी। लाला लाजपत राय पर लाठियां बरसाने वाले अंग्रेज अधिकारी स्कॉट की हत्या के लिए 17 दिसम्बर, 1928 के जिस क्रांतिकारी एक्शन में उसकी जगह जॉन सांडर्स को मार डाला गया था, उसमें 'आजाद' अपनी माउजर ही साथ ले गये थे। उनके बाद उनकी उस माउजर का क्या हुआ? क्रांतिकारियों की स्मृतियों की रक्षा के उपक्रमों के प्रति समर्पित और उनके आन्दोलन के इतिहास के अप्रतिम अध्येता वरिष्ठ लेखक सुधीर विद्यार्थी बताते हैं कि अरसा पहले उन्होंने इलाहाबाद के कटरा मुहल्ले में 'आजाद' के आखिरी दिन तक उनके साथ रहे गढ़वाल के क्रांतिकारी भवानी सिंह रावत की मदद से जहां-जहां भी उक्त माउजर का सुराग लगने की उम्मीद थी, वहां-वहां की खाक छानी। उसकी बाबत जानकारियां जुटाने में सफल नहीं हो सके। इसलिए 1977 में समाचारपत्रों में इस माउजर के इलाहाबाद के संग्रहालय से चोरी हो जाने की खबर छपी तो मुझे बड़ी हंसी आई। कारण यह कि जो माउजर उक्त संग्रहालय में थी ही नहीं, वह चोरी कैसे हो सकती थी?

वे बताते हैं कि शहादत के वक्त 'आजाद' के पास माउजर के बजाय 'कोल्ट' पिस्तौल थी, क्योंकि माउजर से छोटी होने के कारण वह उन्हें ज्यादा सुविधाजनक लगती थी। प्रसंगवश, इलाहाबाद के अंग्रेज एसएसपी नट बावर की सेवानिवृत्ति के वक्त गोरी सरकार द्वारा आजाद की यह कोल्ट उन्हें उपहार में दे दी गई और वे उसे अपने साथ इंग्लैंड ले गये थे। उनका दावा था कि अल्फ्रेड पार्क में आजाद को पहले उन्हीं की गोली लगी थी। सेवानिवृत्ति के बाद बावर उत्तर प्रदेश शासन के पेंशनर हुआ करते थे और शायद इसी अधिकार से बाद में 'आजाद' की 'कोल्ट' को देश वापस लाने की मांग उठने पर इलाहाबाद के कमिश्नर मुस्तफी ने बावर को उसे लौटाने के लिए पत्र लिखा था। यह कैसी विडम्बना है कि आजाद जैसे शहीद देश के लिए अपने अप्रतिम बलिदान के बावजूद भारतीयों में अपने प्रति वैसी कृतज्ञता या श्रद्धा नहीं उत्पन्न कर पाये, जैसी उन्होंने अपनी शहादत का वायस बने नट बावर जैसे अंग्रेज पुलिस अधिकारी से दो-दो हाथ करके उत्पन्न कर दी थी?

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# व्यक्ति को निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो। विवेकशील या विद्वान व्यक्ति की प्रतिस्पर्धा प्रायः स्वयं से होती है। उसे आत्म-प्रतिस्पर्धा कहा जाता है।

# गुरु ज्ञान से किसी की भी सोच बदल सकता है



संकलित
**प्रेरणा**

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम के कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुके थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा कि तप में किताना बल है कि एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**निरर्थक प्रवृत्तियों का त्याग ही सार्थक जीवन का आधार**

मनुष्य का जीवन उसके विचारों और प्रवृत्तियों से निर्मित होता है। प्रत्येक व्यक्ति दिनभर अनेक प्रकार के कार्य करता है, अनेक विषयों पर सोचता है और अनेक निर्णय लेता है। इन्हीं प्रवृत्तियों के आधार पर उसके व्यक्तित्व, चरित्र और भविष्य का निर्माण होता है। सामान्यतः मनुष्य की प्रवृत्तियों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है-सार्थक और निरर्थक। सार्थक प्रवृत्तियां वे हैं जो जीवन को दिशा देती हैं, विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं और स्वयं तथा समाज के कल्याण में सहायक बनती हैं। इसके विपरीत निरर्थक प्रवृत्तियां व्यक्ति का समय, ऊर्जा, धन और मानसिक शक्ति नष्ट करती हैं तथा धीरे-धीरे उसके जीवन को तनाव, भ्रम और अशांति से भर देती हैं।

*- राकेश गर्ग, यमुनानगर*

## ट्रेंड

### समन्वय समितियां



मानसून के दौरान जल-जमाव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, हमने दिल्ली के सभी 13 ज़िलों में ज़िला-स्तरीय समन्वय समितियां बनाई हैं। ये समितियां सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल करेंगी और जल-जमाव की स्थिति आदि में तुरंत कार्रवाई करने का काम भी देखेंगी।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएग




अनंतनाग में हुए आतंकी हमले के बाद हालात का जायज़ा लेने के लिए मैंने डीजीपी नलिन प्रभात से बात की। ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इस घिनौने कृत्य के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।
**-मनोज सिन्हा,** उप-राज्यपाल, जम्मू-कश्मीर

### राहुल गांधी का व्यवहार



राहुल गांधी का व्यवहार आज पूरी तरह से अशोभनीय और निंदनीय था। विपक्ष के नेता जैसे गरिमापूर्ण पद पर होने के बावजूद, राहुल गांधी इसे गंभीरता से नहीं लेते, यह बात आज उनके व्यवहार से साफ हो गई।
**- नितिन नवीन,** अध्यक्ष, बीजेपी

### अच्छी शिक्षा देना ज़रूरी



अगर हम अपने देश को विकसित और समृद्ध बनाना चाहते हैं, तो सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देना बहुत ज़रूरी है। दिल्ली के बाद, अब पंजाब में भी हमने ग़रीबों के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देना शुरू कर दिया है।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# क्यूबा सरकार पर दबाव बढ़ाने अमेरिका ने भेजी खाद्य सामग्री

क्यूबा के लोगों को सीधे सहायता देने और वहां की सरकार पर दबाव बनाए रखने के अमेरिका के प्रयासों के तहत एक मालवाहक विमान खाद्य सामग्री और स्वच्छता किट लेकर मंगलवार को मियामी से क्यूबा के लिए रवाना हुआ। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, विमान में 700 पैकेट भेजे गए हैं। इन्हें क्यूबा सरकार के माध्यम से नहीं, बल्कि वहां के कैथोलिक संगठनों के जरिये सीधे लोगों में वितरित किया जाएगा। अमेरिका ने हाल में क्यूबा को कुल 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता देने की पेशकश की थी, यह खेप उसी में से छह करोड़ डॉलर की पहली किस्त का हिस्सा है। यह सहायता ऐसे समय भेजी गई है, जब अमेरिका ने पिछले कई महीनों में क्यूबा सरकार और उससे जुड़े संस्थानों पर दबाव बढ़ाया है। इसके तहत मुख्य रूप से देश के सैन्य और खुफिया तंत्र पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। ऊर्जा और तेल की नाकेबंदी के कारण क्यूबा की अर्थव्यवस्था और वहां के लोगों का दैनिक जीवन लगभग ठप हो गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक विस्तृत दस्तावेज जारी कर क्यूबा पर पिछले पांच दशकों से अमेरिका में बड़े पैमाने पर जासूसी और वामपंथी प्रभाव बढ़ाने का अभियान चलाने का आरोप लगाया।



## ऑफ बीट

# कैंसर के जोखिम का कारण वह नहीं जो आप सोचते हैं



अगर आप लोगों से पूछें कि कैंसर किस वजह से होता है, तो शायद अधिकतर अपने जवाब में धूम्रपान, शराब पीने, सूरज की किरणों और बालों को रंगने वाली डाई जैसी चीजों को गिनाएंगे। लेकिन कैंसर के लिए सबसे प्रमुख जोखिम वाला कारक कुछ और है और वह है उम्र बढ़ना या बुढ़ापा आना (एजिंग)। यह बात सही है, कैंसर से जुड़ा सबसे बड़ा कारक अपरिहार्य है और यह एक ऐसी स्थिति है जिसका हम सभी अनुभव करेंगे। यह क्यों महत्वपूर्ण है? कनाडा और दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती आबादी वृद्ध लोगों की है। 2068 तक, लगभग 29 प्रतिशत कनाडाई 65 वर्ष से अधिक आयु के होंगे। वृद्ध लोगों में कैंसर सबसे आम बीमारियों और कनाडा में सबसे आम बीमारियों में से एक है, इसका मतलब है कि हमें वृद्ध लोगों के लिए सबसे अच्छी कैंसर देखभाल प्रदान करने के बारे में सोचना होगा। जनसांख्यिकीय बदलाव : तो अब तक हम किस तरह काम कर रहे हैं? जवाब है- बहुत अच्छा नहीं। यह आश्चर्यजनक हो सकता है, लेकिन हमारे पास कैंसर देखभाल में इस जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए कुछ नया करने और तैयारी करने का एक शानदार अवसर भी है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## जज को फोन लगाने का मामला, हाईकोर्ट ने चेतावनी देकर खत्म की अवमानना याचिका

# बीजेपी विधायक संजय पाठक की बिना शर्त माफी मंजूर

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने कटनी के विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक से जुड़े आपराधिक अवमानना मामले में अपना अंतिम फैसला सुना दिया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने 15 जुलाई को लंबी बहस के बाद सुरक्षित रखा गया फैसला बुधवार को जारी कर दिया। कोर्ट ने विधायक द्वारा मांगी गई बिना शर्त माफी स्वीकार करते हुए उन्हें भविष्य के लिए सख्त चेतावनी दी है।

### यह है पूरा मामला ?

यह विवाद 30 अगस्त 2025 का है, जब विधायक संजय पाठक के मोबाइल से हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा के पास एक कॉल गई थी। उस समय जस्टिस मिश्रा विधायक के परिवार से जुड़ी खनन कंपनियों पर 1200 करोड़ रुपये के नुकसान के आरोपों वाली याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। 1 सितंबर 2025 को जस्टिस मिश्रा ने ऑन-रिकॉर्ड दर्ज किया था कि विधायक ने इस मामले में उनसे बात करने की कोशिश की है, और इसके बाद उन्होंने खुद को केस से अलग कर लिया था। बाद में हाईकोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए विधायक के खिलाफ आपराधिक अवमानना का केस दर्ज किया।



### कोर्ट ने माना- जज को फोन कॉल या मैसेज करना आपराधिक अवमानना

डिवीजन बेंच ने अपने 9 पन्नों के विस्तृत आदेश में माना कि न्यायपीठ के जज को फोन कॉल या मैसेज करना आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है। हालांकि, कोर्ट ने पाया कि इस घटना से न्याय की प्रक्रिया में कोई बड़ा व्यवधान नहीं पैदा हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा प्रस्तुत दलीलों, विधायक द्वारा कोर्ट में पेश किए गए शपथ-पत्र और उनके द्वारा जताई गई गंभीर ग्लानि को देखते हुए हाईकोर्ट ने उनकी बिना शर्त माफी स्वीकार कर ली। पीठ ने जन-प्रतिनिधि होने के नाते विधायक को ताकीद की कि वे भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न दोहराएं। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने विधायक पाठक के खिलाफ चल रही अवमानना कार्रवाई को पूरी तरह समाप्त कर दिया।

**रादुविवि रजिस्ट्रार से चार सप्ताह में मांगी अनुपालन रिपोर्ट**

## हाईकोर्ट ने अवमानना प्रकरण से कुलाधिपति राज्यपाल का नाम हटाया

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, राद्रुवि से जुड़े अवमानना प्रकरण में राज्यपाल व कुलाधिपति का नाम याचिका से हटाने का आवेदन स्वीकार कर लिया। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. रविशंकर सोनवाल को चार सप्ताह के भीतर पूर्व आदेश के पालन संबंधी अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा नहीं होने पर उन्हें स्वयं न्यायालय में उपस्थित होकर कारण बताना होगा। मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता डा. आरबी दुबे की ओर से दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2000 में उनकी नियुक्ति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के विधि विभाग में रीडर के पद पर हुई थी। उन्होंने 29 जून, 2006 को त्यागपत्र दिया, लेकिन 28 जुलाई, 2006 को उसे वापस भी ले लिया। इसके बावजूद विश्वविद्यालय ने 29 जुलाई, 2006 को उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया। इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने जनवरी, 2026 में विश्वविद्यालय को डा. दुबे को सेवानिवृत्ति से जुड़े सभी वैधानिक लाभ देने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि आदेश का पालन नहीं किया गया, जिसके बाद अवमानना याचिका दायर की गई।

## *कोर्ट में हाजिर हुई तत्कालीन तहसीलदार और नायब तहसीलदार*

**जबलपुर**। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रश्मि मंडलोई ठाकुर की अदालत में चल रहे मानहानि प्रकरण में जबलपुर की तत्कालीन तहसीलदार रश्मि चतुर्वेदी और नायब तहसीलदार सुषमा धुर्वे हाजिर हुई। न्यायालय ने दोनों अधिकारियों को जवाब पेश करने के लिए 21 अगस्त तक का समय दिया है। यह प्रकरण महाराजपुर निवासी भागचंद साहू की ओर से दायर किया गया है। अधिवक्ता राजेश राय और आकाश राय ने बताया कि 30 दिसंबर 2019 को दोनों अधिकारियों ने उनके घर की बाउंडीवॉल तोड़ दी, जबकि उनके पास मालिकाना हक के पूरे दस्तावेज मौजूद थे। इससे उनकी प्रतिष्ठा धूमिल हुई है।

**आपरेशन में लापरवाही व जातिसूचक टिप्पणी के आरोप**

## *जबलपुर मेडिकल कालेज के दो डॉक्टर समेत छह को कोर्ट का नोटिस*

**जबलपुर**। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कालेज से जुड़े कथित चिकित्सकीय लापरवाही, जातिसूचक टिप्पणी और जान से मारने की धमकी के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रश्मि मंडलोई ठाकुर की अदालत ने मेडिकल कालेज के दो डाक्टरों समेत छह अनावेदकों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। परिवादी जबलपुर निवासी नंदीलाल लाडिया ने निजी परिवाद में आरोप लगाया है कि अगस्त, 2022 में पेट दर्द की शिकायत पर उन्होंने अपने 14 वर्षीय पुत्र को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था, जहां उसका अपेंडिक्स का आपरेशन किया गया। आपरेशन के बाद बच्चे की हालत बिगड़ गई और कई बार अस्पताल ले जाने के बावजूद समुचित उपचार नहीं मिला। परिवाद के अनुसार, इलाज की मांग करने पर संबंधित डाक्टरों और कुछ जूनियर चिकित्सकों ने कथित रूप से जातिसूचक शब्द कहे व दोबारा अस्पताल आने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में एक निजी अस्पताल में दोबारा आपरेशन कराना पड़ा, जिस पर करीब 15 लाख रुपये खर्च हुए और इसके लिए पैतृक जमीन तक बेचनी पड़ी।

**उपभोक्ता आयोग ने 1.07 लाख रुपये ब्याज सहित चुकाने का दिया आदेश**

## बिना ठोस कारण मेडिक्लेम ठुकराना बीमा कंपनी को पड़ा महंगा

**जबलपुर**। आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को एक बीमाधारक का मेडिक्लेम मनमाने ढंग से निरस्त करना महंगा पड़ गया। जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि कंपनी ने बिना किसी ठोस साक्ष्य और स्पष्ट कारण के दावा खारिज कर सेवा में कमी की। आयोग ने कंपनी को 1,07,613 रुपये सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करने व मानसिक कष्ट और वाद व्यय के रूप में 7,000 रुपये अतिरिक्त देने का आदेश दिया है।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पंकज यादव व सदस्य अमित सिंह तिवारी और सोनल पंडित की तीन सदस्यीय पीठ ने यह आदेश जबलपुर निवासी रोहित जैन की ओर से दायर परिवाद पर पारित किया। परिवादी की ओर से अधिवक्ता अरुण जैन ने पक्ष रखा। परिवादी ने बताया कि उसने आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस की ग्रुप एक्टिव हेल्थ फैमिली फ्लोटर पालिसी ले रखी थी। अगस्त-सितंबर, 2020 में न्यूमोनाइटिस के उपचार के लिए लाइफ मेडिसिटी हास्पिटल, जबलपुर में भर्ती होने पर उसके इलाज में 1.07 लाख रुपये से अधिक खर्च हुए। प्रतिपूर्ति का दावा करने पर बीमा कंपनी ने अस्पताल में भर्ती के दौरान लैप्सेस एंड डिस्क्रेपेंसी का हवाला देते हुए 20 मार्च, 2021 को दावा निरस्त कर दिया। जिला उपभोक्ता आयोग ने अपने आदेश में कहा कि बीमा कंपनी यह बताने में पूरी तरह विफल रही कि दस्तावेजों या उपचार में आखिर कौन-सी कमी अथवा विसंगति थी।

## एमपीएमएसयू पुनर्गठन को लेकर विरोध नागरिक उपभोक्ता मंच ने उठाए सवाल

**जबलपुर**। मेडिकल आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (एमपीएमएसयू) के पुनर्गठन में उज्जैन को अधिक जिले आवंटित किए जाने के निर्णय का विरोध तेज हो गया है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने राज्य सरकार के फैसले पर नाराजगी जताते हुए इसे क्षेत्रीय संतुलन के विपरीत बताया और निंदा प्रस्ताव पारित किया। बुधवार को आयोजित बैठक में मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी 15 वर्ष पुरानी है और क्षेत्रफल व जनसंख्या की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद पुनर्गठन में उज्जैन के अंतर्गत 31 जिले और जबलपुर के अंतर्गत 24 जिले रखे गए हैं। मंच ने मांग की कि जिलों का बंटवारा समान आधार पर किया जाए और निर्णय पर



पुनर्विचार किया जाए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इस मामले में शहर के हितों की अनदेखी हुई है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए। मंच ने राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा एवं विधायक लखन घनघोरिया द्वारा विरोध दर्ज कराने का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी आपत्तियों पर भी ध्यान नहीं दिया गया। बैठक में डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, टी.के. रायचंदानी, वेदप्रकाश अवधौलिया, सुशीला कनोजिया, गीता पांडेय, डी.के. सिंह, पी.एस. राजपूत, मनीष शर्मा, संतोष श्रीवास्तव, रेखा झारिया एवं राममिलन शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मंच ने सरकार से एमपीएमएसयू पुनर्गठन के निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की।

### *रसल चौक का गड्ढा बना हादसों की वजह*

**जबलपुर**। शहर के सबसे व्यस्त यातायात मार्गों में शामिल रसल चौक के आगे सड़क पर बना गहरा गड्ढा अब दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है, लेकिन नगर निगम की ओर से इसे भरने की कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में कई दोपहिया वाहन चालक इस गड्ढे की चपेट में आकर गिर चुके हैं। इसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग अब तक सक्रिय नहीं हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क पर डामर उखड़कर गिट्टियां फैल गई हैं, जिससे वाहन फिसलने का खतरा लगातार बना हुआ है। आरोप है कि जल विभाग पाइपलाइन या अन्य कार्यों के लिए सड़क खोद देता है, लेकिन मरम्मत समय पर नहीं कराई जाती। वहीं नगर निगम और संबंधित विभागों के बीच जिम्मेदारी तय नहीं होने से आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में बोले पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह

## यूसीसी नहीं, समान शिक्षा और चिकित्सा नीति की जरूरत

**जबलपुर**। यूथ कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) की नहीं, बल्कि यूनिफॉर्म एजुकेशन कोड, समान शिक्षा नीति और समान चिकित्सा नीति की आवश्यकता है। उनका कहना था कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं में समानता लाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आए कथित पेपर लीक और अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते वर्षों में सीबीएसई, नीट और



पीएससी समेत कई परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए हैं, जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। कार्यक्रम में युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, अमरीश मिश्रा सहित प्रदेशभर के युवा नेता और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। जयवर्धन सिंह ने कहा कि परीक्षा से जुड़ी अहम प्रक्रियाएं, जैसे प्रश्नपत्र तैयार करना, प्रिंटिंग, परिवहन और परीक्षा केंद्रों का संचालन निजी एजेंसियों को सौंपा जा रहा है। इससे पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता प्रभावित हुई है और योग्य एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली दलालों के प्रभाव में पहुंचती जा रही है। साथ ही बताया कि राहुल गांधी की पहल पर कांग्रेस देश के 100 से अधिक शहरों में 'छात्रों की गूंज' अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों की समस्याओं को सामने ला रही है। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की।

**एल-70 गन के साथ राफेल-जगुआर के लिए एरियल बम होंगे तैयार**

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद ओएफके में बढ़ा हाईटेक हथियारों का उत्पादन

**जबलपुर**। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देश की रक्षा तैयारियों को और मजबूत करने की दिशा में जबलपुर स्थित ऑर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया (ओएफके) की भूमिका बढ़ने जा रही है। फैक्ट्री में भारतीय सेना के लिए स्वदेशी और अत्याधुनिक हथियारों के उत्पादन को गति देने की तैयारी है। इसके तहत 120, 220, 450 किलोग्राम तथा थाउजेंड पाउंडर बमों की नई खेप तैयार किए जाने की योजना है। सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एल-70 एंटी एयरक्राफ्ट गन के प्रभावी प्रदर्शन के बाद इसके उत्पादन में भी तेजी लाई जाएगी। प्रस्तावित उत्पादन में राफेल और जगुआर लड़ाकू विमानों के लिए 500 और 1000 किलोग्राम के स्वदेशी जनरल पर्पस एरियल बम, बंकर और बख्तरबंद ठिकानों को ध्वस्त करने में सक्षम 250 किलोग्राम बम तथा आधुनिक टैंकों के लिए 125 मिमी एफएसएपीडीएस टैंकभेदी गोला-बारूद शामिल है।

### आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन को मिलेगा बल

रक्षा सूत्रों का कहना है कि प्रस्तावित उत्पादन से भारतीय सेना की मारक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती मिलेगी। ओएफके में एल-70 एंटी एयरक्राफ्ट गन के उत्पादन को दोबारा गति देने के साथ विभिन्न श्रेणी के एरियल बम और अत्याधुनिक टैंकभेदी गोला-बारूद के निर्माण की तैयारियां तेज की जा रही हैं, जिससे देश की रक्षा उत्पादन क्षमता को नया विस्तार मिलने की उम्मीद है।

### अब स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा क्रेडिट कार्ड

**जबलपुर**। केंद्र और राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी पहलों के तहत अब पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 15 हजार और 25 हजार रुपये का पहला व दूसरा किश्त का ऋण सफलतापूर्वक और समय पर चुकाने वाले वेंडरों को अब क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस कदम से छोटे कारोबारियों को अपनी कार्यशील पूंजी बढ़ाने और व्यापार का विस्तार करने में सीधी मदद मिलेगी। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बैंक अधिकारियों के साथ पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान यह महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिन स्ट्रीट वेंडर्स ने अपने पूर्व स्वीकृत ऋण (15 हजार एवं 25 हजार रुपये) की अदायगी समय पर कर दी है, उन्हें अब बैंक क्रेडिट कार्ड जारी करेंगे। इससे उन्हें बार-बार लोन आवेदन की लंबी प्रक्रिया से गुजरना नहीं पड़ेगा। वेंडरों द्वारा किए जा रहे डिजिटल पेमेंट पर मिलने वाले कैशबेक और क्रेडिट स्कोर के आधार पर ही उन्हें इस नई सुविधा से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे मुख्यधारा की बैंकिंग प्रणाली से पूरी तरह सशक्त होकर जुड़ सकें।

**डेयरी, पिज्जा आउटलेट और रेस्टोरेंटों से लिए गए सैंपल**

## खाद्य प्रतिष्ठानों पर प्रशासन की कार्रवाई

**जबलपुर**। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर राजस्व विभाग, पुलिस और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम ने शहर के कई डेयरी, रेस्टोरेंट और फास्ट फूड प्रतिष्ठानों पर सघन जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान दूध, पनीर, मोमोज समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए गए, जबकि कई प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन और अन्य अनियमितताएं भी सामने आईं।

गंजीपुरा सुपर मार्केट स्थित आनंद डेयरी और न्यू आनंद डेयरी से दूध एवं पनीर के चार नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं। वहीं गोरखपुर स्थित एसवीएस फूड के किचन की जांच में मोमोज का सैंपल लिया गया और उपयोग में लाई जा रही खाद्य एवं बोतलबंद सामग्रियों की



जांच की गई। निरीक्षण के दौरान यहां कार्यरत कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं मिले।

संयुक्त टीम ने बंदरिया तिराहा स्थित ला पिनो पिज्जा में जांच के दौरान पाया कि उपयोग में लाया जा रहा पनीर एक दिन पुराना था, जिसका बिल 20 जुलाई का मिला। इसके अलावा मशरूम और अन्य सब्जियां केमिकल युक्त घोल में रखी मिलीं। टीम ने यहां मौजूद विभिन्न खाद्य सामग्रियों के सैंपल भी जब्त कर जांच के लिए भेज दिए। इसी क्रम में गोरखपुर स्थित वांग चाइनीज रेस्टोरेंट से पनीर और मोमोज के नमूने लिए गए। वहीं रांझी तहसील के ग्राम गुरैया स्थित यादव डेयरी का भी निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**कछपुरा मालगोदाम मार्ग पर निर्माण की धीमी रफ्तार**

## बारिश में खोदी सड़क, 20 हजार लोगों की बनी मुसीबत

**जबलपुर**। गढ़ा क्षेत्र के कछपुरा मालगोदाम से श्रीनगर रेलवे कॉलोनी तक बन रही सड़क का अधूरा निर्माण अब हजारों लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। मुख्य मार्ग बंद होने के बाद बनाया गया वैकल्पिक रास्ता बारिश में दलदल में बदल चुका है। नतीजतन वाहन फंस रहे हैं, दोपहिया चालक फिसल रहे हैं और रोजाना लंबा जाम लग रहा है। करीब 20 हजार आबादी वाले क्षेत्र के लोगों को स्कूल, दफ्तर और बाजार तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

निर्माण कार्य 13 जून के बाद बंद कर दिया गया था, लेकिन 16 जुलाई से तेज बारिश के बीच दोबारा शुरू किया गया। इस दौरान मुख्य सड़क खोदकर बंद कर दी गई, जबकि पहले से कोई व्यवस्थित वैकल्पिक मार्ग तैयार नहीं किया गया। स्थानीय लोगों के विरोध के बाद ओवरब्रिज के पिलर के पास अस्थायी रास्ता बनाया गया, लेकिन वह भी कीचड़ और गड्ढों से भर गया। लगातार बारिश के कारण यह मार्ग अब आवाजाही के लायक भी नहीं बचा है।

### पहले रास्ता दुरुस्त करें, फिर करें निर्माण

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण में अनावश्यक देरी और ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। नागरिकों ने मांग की है कि अधूरे हिस्से का निर्माण दिन-रात काम कर जल्द पूरा किया जाए। जब तक मुख्य सड़क तैयार नहीं होती, तब तक वैकल्पिक मार्ग पर गिट्टी और मुरम डालकर उसे सुरक्षित बनाया जाए। साथ ही सड़क किनारे पड़े मलबे और प्लास्टिक कचरे को तत्काल हटाने की भी मांग उठाई गई है, ताकि संक्रमण और दुर्घटनाओं का खतरा कम हो सके।

## सितम्बर माह में चार दिनों के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते, शक्तिपुंज ट्रेन का मार्ग परिवर्तन

**जबलपुर**। पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल अंतर्गत सीतारामपुर जंक्शन-प्रधान खांटा जंक्शन रेलखण्ड पर मुगमा रेलवे स्टेशन को कनेक्शन के साथ कमीशनिंग के तहत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से संचालित चार रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन रहेगा। गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, दिनांक 23.09.2026 से 26.09.2026 तक अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से रवाना होकर अपने निर्धारित मार्ग पतरातू-चंद्रपुरा जंक्शन-धनबाद जंक्शन-सीतारामपुर जंक्शन के बजाय परिवर्तित मार्ग पतरातू-भोपलका-कोडरमा जंक्शन-महेशमुण्डा जंक्शन-मधुपुर जंक्शन-सीतारामपुर जंक्शन से होकर गंतब्य को जाएगी। 2) गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस, दिनांक 24.09.2026 से 27.09.2026 तक अपने प्रारम्भिक स्टेशन हावड़ा से रवाना होकर अपने निर्धारित मार्ग सीतारामपुर जंक्शन-धनबाद जंक्शन-चंद्रपुरा जंक्शन-पतरातू के बजाय परिवर्तित मार्ग सीतारामपुर जंक्शन-मधुपुर जंक्शन-महेशमुण्डा जंक्शन-कोडरमा जंक्शन-भोपलका-पतरातू से होकर गंतब्य को जाएगी। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन के कारण कुछ स्टेशनों पर स्थायी रूप से ठहराव प्रभावित हो सकते हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा आरंभ करने से पूर्व संबंधित ट्रेन की स्थिति एनटीईएस, रेलवे पूछताछ सेवा अथवा नजदीकी स्टेशन से अवश्य जांच लें।

## मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 199 वाहनों का चालान कर जुर्माना वसूला

**जबलपुर**। शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने वालों तथा चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई की है। इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 199 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 1 लाख 29 हजार 300 रूपये समन शुल्क वसूला गया। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 11 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 88 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 15 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 19 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 76 जमानती वारंट तामील किये गये तथा अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 29 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 142 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 38 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा 3 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 3 चाकू जप्त किये गये।

## शहपुरा में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को शहपुरा तहसील कार्यालय में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नीता राठौर, एसडीएम, तहसीलदार, सभी पटवारी और राजस्व निरीक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाइन, पीएम किसान सम्मान निधि, ई-केवाईसी और फॉर्मर आईडी से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने पटवारियों से लंबित राजस्व प्रकरणों और पटवारियों के पास लंबित सीमांकन मामलों की समीक्षा की। उन्होंने समय-सीमा में कार्य पूर्ण न करने वाले पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती राठौर ने कहा कि यदि अगली बैठक तक कार्य पूरा नहीं हुआ, तो संबंधितों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान कई पटवारी अवकाश पर थे, जिसको लेकर कलेक्टर श्री सिंह ने बिना सूचना के अवकाश पर रहने वाले पटवारियों का एक दिन का वेतन काटने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन ऐप अपने मोबाइल में अनिवार्य रूप से रखें ताकि शिकायतों की जानकारी व निराकरण की स्थिति निरंतर




मिलती रहे। उन्होंने बैठक में पटवारियों से फॉर्मर आईडी बकेट की जानकारी लेकर बताया कि इससे किसानों को ई-विकास पोर्टल की समस्या हल हो जाती है, इसलिए सभी किसानों की फार्मर आईडी प्राथमिकता से बनाई जाए।कलेक्टर श्री सिंह ने चालू वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश देकर कहा कि सभी पटवारी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली करें। उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों, आदेश अनुपालन, नामांतरण और बंटवारे के मामलों का समय-सीमा में तुरंत निराकरण करने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त अवैध खनन की शिकायतों पर विशेष चर्चा की। जनसुनवाई में अवैध खनन की शिकायतों पर पटवारियों द्वारा रेत डंप की जानकारी समय पर न दिए जाने पर संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी पटवारियों से कहा कि नामांतरण, बंटवारा में विलंब नहीं होना चाहिए, कहीं भी अवैध माइनिंग हो वहां कार्यवाही करें, जरूरत पड़ने पर अधिकारियों को सूचित करें।

### कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जनपद पंचायत शहपुरा में पेयजल और स्वच्छता को लेकर कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित शहपुरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी सरपंच और सचिव उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नल जल योजनाओं का संचालन, देखरेख और आय के स्रोत के रूप में विकसित करने की जिम्मेदारी पंचायतों की होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन पंचायतों में यह काम पूर्ण हो चुका है या होने वाला है, वहां समारोह पूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर विधिवत हैंडओवर लिया जाए ताकि ग्रामीण जनता भी इससे अवगत हो सके।जिला पंचायत सीईओ श्री गहलोत ने कार्यशाला में स्वच्छता और पेयजल के साथ पंचायतों को सशक्त बनाने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों के कार्यों की स्थिति की जांच की गई, और जहां भी कार्य में कमियां पाई गई, वहां संबंधित सचिवों और उप यंत्रियों को आवश्यक सुधार तथा त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग की समीक्षा बैठक

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शहपुरा विकासखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, शहपुरा एसडीएम सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, जनशिक्षक, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए विद्यालयों में बच्चों के नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण, साइकिल वितरण तथा विद्यालयों में प्रवेश की स्थिति व शैक्षणिक गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही साइकिल एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण पूर्ण करने का प्रयास किया जाए। साथ ही आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें शीघ्र विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाए।



# केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर ब्लॉग नगर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

**सिहोरा।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव के निर्देशन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के अध्यक्ष बिहारी पटेल एवं नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पवन सोनी के संयुक्त संयोजन में राजेश चौबे प्रदेश सचिव, प्रकाश कुररिया, सुरेंद्र मिश्रा,लाल बहादुर पाठक, शिवकुमार गर्ग, संतोष पांडे,राहुल श्रीवास्तव, अमोल चौरसिया,राजेश पटेल, आलोक पांडे, संदीप ब्यौहार, गणेश दाहिया, गोस भाई आजाद, राम लोचन गोटिया की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी द्वारा नीट परीक्षा पेपर लीक घोटाले के विरोध में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग को लेकर दिवंगत छात्र-छात्राओं के परिवार जनों को एक,एक करोड़ की सहायता राशि प्रदान करने तथा लोकतांत्रिक तरीके से छात्रों के आंदोलन जंतर मंतर में दर्ज किए गए प्रकरण को समाप्त करने,शिक्षा प्रणाली में सुधार करने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। पुतला दहन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झूमा झटकी भी हुई। इस अवसर पर ममता गोटिया पार्षद, रमेश पटेल,मंडलम अध्यक्ष नवनीत शुक्ला,डॉ रमेश पटेल, राजा पटेल, फैज आलम शाह, के,के, दुबे, डब्बू पाठक, दिलीप जैन, जितेंद्र तिवारी, रमा चौरसिया, प्रांजल शराफ़, नारायण पटेल , संजय गुप्ता, ललित दुबे, राजकुमार पटेल, नारायण पटेल, उमाकांत चौरसिया, युसुफ भाई जान, चम्पू लाल गोटिया, दीपक गोटिया, जगदीश सैनी, अज्जू भाईजान, गिरधर सरावगी, सचिन पटेल, सचिन श्रीवास्तव, एडवोकेट कमलेश, सोनी, साकेत पिंडहा, शैलेंद्र विश्वकर्मा, शेख साबिर, जमीला बानो, सीमा ठाकुर, अनिल दाहिया, अज्जू भाईजान आदि उपस्थित थे।

# भाजपा नेता संजय यादव का निधन

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय यादव का भोपाल में हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। वे वरिष्ठ भाजपा नेत्री रजनी यादव के अनुज तथा भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक यादव के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार शाम 5 बजे तमरहाई चौक स्थित निवास से रानीताल मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

संजय यादव के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल,



सह प्रभारी श्रीकांत साहू, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, सुशील तिवारी, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, निगम अध्यक्ष रिंकू विज सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नगर पालिका के अनेक वार्डों की सड़क कीचड़ से सराबोर

# गंदे पानी से होकर जाना पड़ रहा है मंदिर

**सिहोरा।** नगर पालिका क्षेत्र के अनेक वार्डों में लोगों की अगवानी कीचड़ से सराबोर सड़कों से होती है।। केंद्र से लेकर नगर सरकार तक टिंपल इंजन सरकार सबका साथ सबका विकास का दंभ भर रही है वहीं नगर पालिका प्रशासन मूलभूत सुविधाएं मुहैया नहीं करा पा रहा। सुविधाओं के लिहाज से अनेक वार्डो ने गांवों को भी पीछे छोड़ दिया है।स्थानीय निवासियों का कहना है की वार्ड के जिम्मेदार प्रतिनिधी या तो जन समस्या का नगर पालिका प्रशासन के समक्ष प्रजेन्टेशन नहीं कर पा रहे या फिर नगरीय प्रशाशन वार्ड पार्षद को तवज्जो नही दे रही है।

### जलभराव से दलदल बनी सड़क

बारिश में जलभराव परेशानी का सबब बना हुआ है। जलभराव की समस्या को लेकर कई बार पालिका के दरवाजे खटखटाएगये अधिकारियों ने आश्वासन भी दिया लेकिन आज तक कोई झांकने नहीं आया बरसात के



पानी की निकासी न होने के कारण नगर के पाश एरिया कहलाने वाले क्षेत्र की सड़क कीचड़ के कारण दलदल बन गई है। वार्ड नं 11 स्टेट बैंक कॉलोनी में निवासरत लोगों ने बताया की वर्षो पहले नगर पालिका ने एस डी ओ पी आफिस के पीछे सी सी रोड का निर्माण कराया था लेकिन ईदगाह पहाडी.के नीचे पानी निकासी की व्यवस्था का उचित प्रंवधन न करने के कारण कचरा सहित मलवा सी सी रोड में जमा हो गया है।स्थानीय नागरिकों का कहना है की नगर के 18 वार्डो में सर्वाधिक कर संग्रहण वार्ड नं 11से होता है फिर भी सर्वाधिक उपेक्षा का शिकार वही है। हालात यह है की नालीयो की सफाई के लिए हफ्तों चक्कर लगाना पड़ता उसके बाद भी नालियों की सफाई नहीं हो पाती।इसी प्रकार खितौला में चित्रकूट भवन के पास के लोगों का कहना है कि विगत 15 वर्षो से स्थानीय लोग सड़क निर्माण की वाट जोह रहे हैं।

### नया निर्माण न सही मरम्मत तो करा दो

स्थानीय लोगों ने प्रशाशन से मांग की ही की यदि नव निर्माण की व्यवस्था नहीं हो पा रही हो तो कम से कम मरम्मत करा दी जाये तो भरी बरसात में लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# गंगाराम गुप्ता जिलाध्यक्ष नियुक्त



**सिहोरा।** नगर पालिका निगम एवं नगर पालिका पेंशनर संघ संभाग इंदौर के प्रांतीय अध्यक्ष लीलाधर मनवारे ने नगर के गंगाराम गुप्ता को नगर पालिका,निगम पेंशनर संघ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर संभागीय उपाध्यक्ष हरि सिंह राजपूत,अशोक शर्मा,कौरव,राम प्रसाद रजक,हर प्रसाद श्रीवास्तव, इंद्रजीत सेलर,विनोद पटेल,अनिल दाहिया,चमेली चौरसिया सहित अनेक पेंशनरों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## स्थानीय खेल समाचार

# टैलेंट सर्च 2026-27: एथलेटिक्स चयन ट्रायल में 400 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के उभरते एथलीटों की पहचान के लिए आयोजित प्रतिभा खोज चयन ट्रायल स्पर्धा में जबलपुर सहित प्रदेशभर के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय एथलेटिक्स ट्रायल में खिलाड़ियों ने दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, पोल वॉल्ट, शॉटपुट सहित विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयन ट्रायल में जबलपुर के पहले दिन 20 और दूसरे दिन 30 एथलीट शामिल हुए। खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित तकनीकी मानकों के आधार पर किया गया। चयनित प्रतिभाओं को खेल अकादमियों एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण से जोड़ने की योजना है। टैलेंट सर्च 2026-27 अभियान का उद्देश्य प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आधुनिक सुविधाएं, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन देकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करना है। अभियान के तहत अब तक जूडो, कुश्ती, बॉक्सिंग, फेंसिंग, शूटिंग, बैडमिंटन, टेनिस, कयाकिंग-कैनोइंग, स्लालम और घुड़सवारी सहित कई खेलों के चयन ट्रायल आयोजित किए जा चुके हैं।



## मॉडल हाई स्कूल में 27 जुलाई से होगी जिला शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता

**जबलपुर।** 70वीं जिला शालेय बॉक्सिंग क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 (बालक एवं बालिका वर्ग-14, 17 एवं 19 वर्ष) का आयोजन 27 एवं 28 जुलाई को मॉडल हाई स्कूल में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी भाग लेंगे।आयोजन समिति के अनुसार 27 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बालिका वर्ग तथा दोपहर 12 से 3 बजे तक बालक वर्ग के खिलाड़ियों का दस्तावेज सत्यापन एवं वजन परीक्षण किया जाएगा। केवल सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करने वाले खिलाड़ी ही 28 जुलाई को होने वाली मुख्य प्रतियोगिता में शामिल हो सकेंगे।प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, पिछले तीन वर्षों की अंकसूची, पहचान पत्र (आधार, समग्र आईडी, जन्म प्रमाण पत्र), बैंक पासबुक एवं फोटो जमा करना अनिवार्य है। एलिजिबिलिटी फॉर्म पर खिलाड़ी, अभिभावक, प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य के हस्ताक्षर व सील होना आवश्यक है। अपूर्ण दस्तावेज की स्थिति में संबंधित विद्यालय की जिम्मेदारी होगी।

## जिला स्तरीय शालेय शूटिंग प्रतियोगिता के परिणाम आज होंगे जारी

जबलपुर। एसजीएफआई जिला स्तरीय शालेय शूटिंग प्रतियोगिता के मुख्य परिणाम गुरुवार को घोषित किए जाएंगे। 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन मंगलवार को 60 प्रतिभागियों ने अपनी स्पर्धाएं पूरी कीं, जबकि बुधवार को दूसरे दिन 80 खिलाड़ियों ने अचूक निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। अंतिम दिन गुरुवार को फाइनल मुकाबलों के बाद परिणाम जारी किए जाएंगे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और निशानेबाजी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 150 खिलाड़ियों ने दिखाया दम विजेता छिंदवाड़ा संभाग स्पर्धा में करेंगे प्रतिनिधित्व



**जबलपुर।** जिला शालेय खेल कैलेंडर-2026 के अंतर्गत श्रमोदय आवासीय विद्यालय, मंगेली में आयोजित तीन दिवसीय अंतर शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग में विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 150 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ताइक्वांडो मैट पूजन एवं फाइट प्रदर्शन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग मधुमिता हाजरा, सारिका खान, चंद्रशेखर स्वामी, प्रतियोगिता संयोजक दीपक राजौरिया एवं काजोल शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में पंखुड़ी चौधरी, फरीन जाकिर, शानवी राजपूत, सोनिया रैकवार एवं आर. शर्लिन ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग में विहान पटेल, ओम साहू, शुभम तिवारी, प्रज्वल तिवाड़े, दर्शील शर्मा, प्रज्ज्वल सोनी, अनिरुद्ध साहू, विराट सोनकर एवं निहाल राजपूत सहित खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-17 बालक वर्ग में शुभम जाटव, जितेंद्र कुमार पटेल, सत्यम जाटव, वेदांत तिवारी, शिवम यादव, ऋषि तिवारी, ऋषि ठाकरे, वेदांत साहू, गेंदालाल जाटव, आदर्श गुप्ता एवं वेदांत मेहता ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 वर्ग में काव्य कोरी, पार्थ सेन एवं तुलसी रैकवार विजेता रहे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ी 6 से 8 अगस्त तक छिंदवाड़ा में आयोजित होने वाली 70वीं संभाग स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जबलपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजकों ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# रांझी में तीरंदाजों ने साधा निशाना, संभागीय और राज्य स्तरीय स्पर्धाओं के लिए हुआ चयन

**जबलपुर।** आर्चरी एरीना रांझी में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय स्कूल आर्चरी चैम्पियनशिप-2026 का बुधवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के बालक-बालिका तीरंदाजों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान इंडियन राउंड, रिकर्व एवं कंपाउंड विधाओं में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के मुकाबले आयोजित किए गए। इंडियन राउंड के परिणाम कॉम्पिटिशन डायरेक्टर रश्मि सिंह, रिजल्ट प्रभारी सबिका जैदी एवं ऑब्जर्वर सोनल दुबे द्वारा घोषित किए गए। चयनित खिलाड़ी आगामी संभागीय एवं राज्य स्तरीय आर्चरी प्रतियोगिताओं में जबलपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर-14 बालिका वर्ग में कृपा चौकसे प्रथम, पहूनी लिमजे द्वितीय, ओशमी रघुवंशी तृतीय एवं आराध्या खरे



चतुर्थ रहीं। बालक वर्ग में अर्जुन पांडे प्रथम, पार्थ बाजपेयी द्वितीय, आरव सैनी तृतीय, रुद्र कुमार कुशवाहा चतुर्थ एवं अभिनव चौधरी पांचवें स्थान पर रहे। अंडर-17 बालिका वर्ग में भव्या शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रिद्धि जैन द्वितीय, समृद्धि पांडे तृतीय, अर्चिशा महावत चतुर्थ एवं वैष्णवी शांकले पांचवें स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में कुश नामदेव प्रथम, ध्रुव सेन द्वितीय, भव्या पालेजा तृतीय, कृष्णा सिंह राजपूत चतुर्थ एवं अमेय सिंह चौहान पांचवें स्थान पर रहे। अंडर-19 वर्ग में बालिका वर्ग से वैष्णवी केवट तथा बालक वर्ग से श्रेयश ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की गई।

## एकलव्य योगशाला में 23 जुलाई से जिला स्तरीय शालेय योगासन प्रतियोगिता

**जबलपुर।** जबलपुर डिसट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं एकलव्य योगशाला के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय शालेय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 25 जुलाई तक एकलव्य योगशाला, गायत्री शक्तिपीठ (फूल मंडी के पास) में किया जाएगा। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे।आयोजन समिति के अनुसार इच्छुक विद्यालयों को खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं संकुल फॉरवर्ड लिस्ट संबंधी औपचारिकताएं पूर्ण कर 23 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक दस्तावेज जमा कर उनका सत्यापन कराना होगा। दस्तावेज अपूर्ण पाए जाने पर प्रतिभागी को प्रतियोगिता में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए आयोजन समिति के शिवम गुप्ता, देवेंद्र मिश्रा एवं राहुल सिंह से संपर्क किया जा सकता है।




**श्रीमती जानकी पटेरिया-** चार नम्बर गेट कुम्हार मोहल्ला निवासी स्व श्री रामचरण पटेरिया की धर्मपत्नी एवं जुगलकिशोर की माता जी श्रीमती जानकी पटेरिया का 108 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्ति धाम में किया गया।



**श्री अरूण जगन्नाथराव देशमुख-** राइट टाउन निवासी श्री अरूण जगन्नाथराव देशमुख (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण दास वाल्मीक-** झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री नारायण दास वाल्मीक (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोवर्धन माधवराव डोंगरे-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री गोवर्धन माधवराम डोंगरे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामवती विश्वकर्मा-** वल्दी कोरी की दफाई शीतलामाई निवासी श्री दीनदयाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती विश्वकर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती किरण बर्मन-** करमचंद चौक के निकट निवासी श्री पवन बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती किरण बर्मन (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री खुशी राम-** गोरैयाघाट पीली बिल्डिंग के पास निवासी श्री खुशी राम (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती रक्खो बाई-** मेडिकल कॉलेज सर्वेंट क्वाटर्स निवासी श्री भीम राव की धर्मपत्नी श्रीमती रक्खो बाई (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में हुआ।

**श्रीमती शफिया बेग़म-**चौथा पुल निवासी शफिया बेग़म का इंतकाल हो गया है। वे मेहरूम रफीक सिद्दीकी (बुलेट वाले) की पत्नी एवं शफीक और शादाब की माता थी। मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में आज गुरूवार को दोपहर सुपुर्द-ए-खाक किया जायेगा।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## विधानसभा के मानसून सत्र में अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विधेयक 2026 पारित

### प्रॉपर्टी टैक्स, जलकर, सीवेज टैक्स के साथ पड़ेगा फायर सेफ्टी टैक्स का भार

# आगजनी को रोकने चार मंजिला इमारतों पर लगवाना पड़ेगा फायर सिस्टम, वसूला जाएगा फायर सेफ्टी टैक्स


विधानसभा में जाते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में मंगलवार को अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विधेयक 2026 पारित हो गया। प्रदेश में तेजी बढ़ रही आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए यह विधेयक लाया गया है। बिल के पारित होने से पहले सदन में जमकर चर्चा हुई। बिल में पंद्रह मीटर से अधिक ऊंची इमारतों, बड़े स्कूलों, हॉस्टलों, अस्पतालों, मॉल और कमर्शियल कॉम्पलेक्स में फायर सेफ्टी सिस्टम लगाना पड़ेगा। इसके साथ इन इमारतों से फायर सेफ्टी टैक्स भी वसूल किया जाएगा।

इसके साथ प्रदेश में आधुनिक अग्निशमन उपकरण लाए जाएंगे। फायर एनओसी और सर्टिफिकेट जारी करने के लिए तय समय सीमा निर्धारित की जाएगी। मंगलवार को विस में बताते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री ने कहा कि इस एक्ट को धरातल पर लागू करने में करीब 6 महीने का समय लगेगा। विजयवर्गीय ने सदन में बताया कि यह विधेयक जनहानि और धनहानि दोनों को रोकेगा। आग बुझाने के अलग-अलग तरीके होते हैं। जिन्हें इस एक्ट में शामिल किया गया है।

### प्रत्येक वर्ष बहुमंजिला इमारतों के लिए लेना पड़ेगी फायर एनओसी




#### शादी और आयोजनों में लगेंगे फायर रिटार्डेंट पंडाल, नए सुरक्षा मानक तय होंगे


शादी समारोह, धार्मिक आयोजन, राजनीतिक कार्यक्रम और मेलों में लगाए जाने वाले पंडालों के लिए भी नए सुरक्षा मानक तय होंगे। पंडालों में उपयोग किए जाने वाले कपड़े और अन्य सामग्री का अग्निरोधी (फायर रिटार्डेंट) होना अनिवार्य किया जाएगा।

#### दस मिनट में पहुंचेगी फायर ब्रिगेड

नए कानून के तहत फायर सेफ्टी के लिए सभी भवनों में एग्जिट प्लान और फायर पाइपलाइन का प्रदर्शन अनिवार्य रहेगा। नए फायर स्टेशन बनाने के साथ-साथ, दस मिनट के अंदर फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंचे, यह तय करने के लिए विशेष व्यवस्था बनाई जाएगी।

#### स्कूल, अस्पताल मॉल, उद्योगों के लिए सर्टिफिकेट जरूरी

पंद्रह मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्कूल, अस्पताल, मॉल, होटल और औद्योगिक इकाइयों के लिए फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जरूरी होगा। बिना फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के किसी भी इमारत को ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही, अब आम लोगों को प्रॉपर्टी टैक्स के साथ फायर सेफ्टी टैक्स भी देना पड़ेगा, जिसका सीधा असर आम लोगों की जैब पर पड़ेगा।


विधानसभा में मंत्री राकेश सिंह।

## फायर मैन बनकर विधानसभा पहुंचे विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय



विधानसभा का मानसून सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में फायर सेफ्टी एक्ट लाया जा रहा है जिस लेकर लंबे समय से सदन में फायर सेफ्टी एक्ट को लेकर अपने बात रख रहे जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने मंगलवार को फायरमैन के गेट अप में विधानसभा में प्रवेश करके फायर सेफ्टी एक्ट लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं लोगों को भी फायर सेफ्टी एक्ट के विषय में जागरूक रहने की अपील की। इस दौरान विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि 25 फरवरी को मैंने विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से मप्र में फायर सेफ्टी एक्ट लागू करने की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया था। आज यह हम सभी के लिए बेहद खुशी और संतोष का विषय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार इस महत्वपूर्ण एक्ट को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## लोकायुक्त मामलेः 2020-25 में मिली 27,192 शिकायतें, 24,717 शिकायतों का निराकरण किया

मप्र विधानसभा में लोकायुक्त प्रकरणों के निपटारे में देरी को लेकर पूछे गए अतारांकित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि शिकायतों का निराकरण संबंधित विभागों से जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद किया जाता है, इसलिए प्रक्रिया में समय लगना स्वाभाविक है। राज्य सरकार ने विधानसभा में एक जवाब में बताया कि वर्ष 2020 से 2025 के बीच लोकायुक्त संगठन की शिकायत, जांच एवं तकनीकी शाखा में कुल 27,192 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 24,717 शिकायतों का निराकरण किया गया, जबकि 2,475 शिकायतें जांच के लिए पंजीबद्ध की गईं। इस अवधि में पंजीबद्ध और पूर्व से लंबित मामलों सहित 2,279 प्रकरणों का निपटारा किया गया। लोकायुक्त की विशेष पुलिस स्थापना ने वर्ष 2020 से 2025 के दौरान 1,451 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए। इनमें से 477 मामलों में चालान न्यायालय में पेश किए गए। अब तक 84 मामलों में फैसला आया है, जिनमें 55 मामलों में सजा, 26 मामलों में दोषमुक्ति हुई, जबकि 3 प्रकरण आरोपी की मृत्यु के कारण समाप्त कर दिए गए।

## मप्र राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित

मप्र के राजमार्गों के विकास, रख-रखाव, प्रबंधन एवं संचालन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से मप्र शासनने मप्र राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2026 विधानसभा में पारित हो गया। इसका उद्देश्य राज्य में राजमार्गों के संचालन के लिए एक सुदृढ़ एवं आधुनिक कानूनी व्यवस्था विकसित करना है, जिससे सड़क अधोसंरचना के विकास को गति मिले, परियोजनाओं का संचालन अधिक दक्षता के साथ हो और निजी निवेश को प्रोत्साहन प्राप्त हो। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने सदन को बताया कि वर्तमान में राज्य में उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर फीस, टोल) के अधिरोपण एवं संग्रहण की व्यवस्था भारतीय टोल अधिनियम, 1851 तथा भारतीय टोल (मप्र संशोधन) एक्ट, 1932 के आधार पर संचालित होती है। ये दोनों कानून औपनिवेशिक काल में बनाए गए थे और वर्तमान समय की आवश्यकताओं तथा आधुनिक सड़क अधोसंरचना विकास की चुनौतियों के अनुरूप नहीं हैं। इसलिए राज्य सरकार ने भारतीय टोल (मप्र संशोधन) एक्ट, 1932 को निरस्त करने तथा मप्र राजमार्ग अधिनियम, 2004 में आवश्यक संशोधन कर उपयोगकर्ता शुल्क संबंधी स्पष्ट एवं सक्षम वैधानिक प्रावधान शामिल करने का प्रस्ताव रखा है।

### परियोजनाओं के वित्तीय मॉडल को मजबूती मिलेगी

स्पष्ट कानूनी प्रावधान उपलब्ध होने से राजमार्ग परियोजनाओं के वित्तीय मॉडल को मजबूती मिलेगी तथा परियोजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। सड़कों की गुणवत्ता बनाए रखने, समय पर मरम्मत एवं रख-रखाव तथा बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी सहायता मिलेगी।

### पीपीपी मॉडल से विकास को भी नई गति मिलने की संभावना

विधेयक के माध्यम से पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के अंतर्गत सड़क अधोसंरचना के विकास को भी नई गति मिलने की संभावना है। स्पष्ट कानूनी व्यवस्था होने से निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और निवेशकों का विश्वास मजबूत होगा। इससे राज्य में नई सड़क परियोजनाओं के निर्माण, राजमार्गों के उन्नयन तथा अधोसंरचना विकास के लिए अधिक निवेश आकर्षित किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### विश्राम स्थल, ईंधन केंद्र, पार्किंग, शौचालय आदि बनेंगे

संशोधन का एक महत्वपूर्ण पहलू राजमार्गों के किनारे वे-साइड एमेनिटीज के विकास को बढ़ावा देना भी है। इसके अंतर्गत यात्रियों की सुविधा के लिए विश्राम स्थल, भोजनालय, ईंधन केंद्र, पार्किंग, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा, वाहन मरम्मत और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जा सकेगा। इससे लंबी दूरी की यात्रा अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनेगी। वे-साइड एमेनिटीज के विकास से केवल यात्रियों को ही लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

## अपराधियों की संपत्तियों पर कार्रवाई कानून के दायरे में

मप्र विधानसभा में कांग्रेस विधायक आतिफ अकील के प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में अपराधियों की संपत्तियों पर की जाने वाली कार्रवाई कानून के दायरे में की जाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। वहीं अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई राजस्व विभाग, नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों की ओर से अपने-अपने अधिनियमों के तहत की जाती है।

### बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलने का कोई निर्णय नहीं

मप्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विधानसभा में विधायक आतिफ अकील के तारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि विश्वविद्यालय का नाम बदलने का निर्णय शासन ने नहीं लिया है। मंत्री ने यह भी साफ किया कि डॉ. बरकतउल्ला भोपाली को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मानने संबंधी जानकारी एकत्रित की जा रही है। किसी विश्वविद्यालय का नाम बदलने के लिए संबंधित अधिनियम में संशोधन विधेयक लाना आवश्यक होता है।


विधायक रीति पाठक।

## मप्र ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक 2026 पारित, उद्योग स्थापना,संचालन होगा आसान

मप्र में उद्योगों की स्थापना, विस्तार एवं संचालन को अधिक सरल, पारदर्शी, समयबद्ध एवं निवेशक-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से मप्र ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस विधेयक, 2026 पारित हो गया। भारत सरकार के डीरिग्युलेशन एक्सरसाइज के तहत राज्यों में निवेश-अनुकूल, विश्वास-आधारित एवं समयबद्ध नियामकीय व्यवस्था स्थापित करने के लिए अपेक्षित विधायी एवं संस्थागत सुधारों को वैधानिक आधार प्रदान करने के उद्देश्य से यह विधेयक तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य उद्योगों की स्थापना, विस्तार एवं संचालन की प्रक्रियाओं को सरल बनाना, निवेशकों को एकीकृत डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराना तथा प्रदेश में निवेश-अनुकूल औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है। यह विधेयक राज्य के अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापना, विस्तार अथवा संचालन किए जाने वाले उद्योगों पर लागू होगा। विधेयक के तहत निवेश संवर्धन के लिए व्यापक संस्थागत व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इसके तहत राज्य निवेश संवर्धन समिति तथा जिला निवेश संवर्धन समिति का गठन किया जाएगा। मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी) को राज्य की नोडल एजेंसी के रूप में अधिसूचित किया जाएगा। ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस सचिवालय की स्थापना की जाएगी।

### विधानसभा में 7,765 करोड़ रुपए का प्रथम अनुपूरक बजट पेश

विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को 7,765 करोड़ रुपए का प्रथम अनुपूरक बजट पेश हो गया। इसे बुधवार को चर्चा के बाद पारित किया जाएगा। इसमें सबसे अधिक 3 हजार करोड़ रुपए नर्मदा घाटी विकास विभाग की परियोजनाओं के लिए आवंटित किया गया है। जबकि 2220 करोड़ रुपए खाद्य विभाग, 157 करोड़ रुपए गृह विभाग, 397 करोड़ भू राजस्व, जिला प्रशासन व अन्य के लिए आवंटित किया गया है। विधानसभा में प्रथम अनुपूरक बजट पारित होने के बाद संबंधित विभागों को राशि आवंटित की जाएगी। 352 करोड़ रुपए किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, 1300 करोड़ रुपए लोक निर्माण विभाग, 101 करोड़ रुपए परिवहन विभाग का आवंटन किया गया है। इसीतरह अन्य विभागों को भी राशि आवंटित की गई है।



### सिमगा क्षेत्र में आरोपियों के छिपे होने की मिली थी पुलिस को सूचना

# नवविवाहिता के आत्महत्या मामले में पुलिस ने किया पति-ससुर को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नंदिनी थाना पुलिस ने नवविवाहिता के आत्महत्या के मामले में पुलिस ने मृतका के पति और ससुर को गिरफ्तार किया है। दोनों पिछले कई महीनों से पुलिस ने बचते हुए फरार चल रहे थे। पुलिस को सूचना मिली कि दोनों आरोपी सिमगा क्षेत्र में छिपे हुए है जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। इस मामले में अन्य आरोपियों की पतासाजी में पुलिस जुटी हुई है। नंदिनी थाना क्षेत्र में ग्राम सहगांव में 7 अप्रैल 2026 को एक नवविवाहिता ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने उसकी मृतका की पहचान किरण पटेल के रूप में की गई।

इस मामले में अन्य आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई है पुलिस

पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर आरोपियों को मौके से पकड़ा

#### घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा



सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में पेश कर दिया है।पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि नवविवाहिता को आरोपियों द्वारा लगातार दहेज की मांग को लेकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी वजह से उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। फिलहाल मामले की जांच जारी है और इस मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### विवाह के बाद से ही ससुराल वाले कर रहे थे दहेज के लिए प्रताड़ित

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर जांच में जुट गई थी। पुलिस को शुरुआती जांच में सामने आया कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग मृतका को लगातार दहेज की मांग कर रहे थे। दहेज नहीं मिलने पर उसे मानसिक रूप से परेशान किया जाता था। इसी प्रताड़ना से तंग आकर खुद को आग लगा ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 80(2) का मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई थी।पुलिस ने मामला दर्ज की जानकारी लगाने पर आरोपी अपने घर छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी पति युवराज पटेल और ससुर ओम प्रकाश पटेल को सिमगा क्षेत्र में छिपे हुए हैं।



### केंद्रीय जेल से फरार कैदी को तीन महीने बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

जगदलपुर। केंद्रीय जेल जगदलपुर से 3 माह पहले एक कैदी दिवार कूदकर फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी की पता तलाश के साथ ही मुखबिर भी लगाकर रखे हुए था। जहां पुलिस को सूचना मिली कि कैदी नारायणपुर में छिपा हुआ है। पुलिस की टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। कोतवाली थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि केंद्रीय जेल जगदलपुर से मार्च 2026 को जेल में बंद बंदी ने रात को मौके का फायदा उठाते हुए दीवार कूदकर फरार हो गया था। जेल अधीक्षक के द्वारा मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी बंदी के पता तलाश में जुट गए थे। वहीं आरोपी के फोटो को जगह जगह भेजा भी गया था। जिससे कि कैदी के बारे में जानकारी मिल सके। इसी दौरान निरीक्षक लीलाधर राठौर को मुखबिर से सूचना मिली कि कैदी नारायणपुर में छुपा हुआ है। जिसके बाद एक टीम नारायणपुर भेजा गया। पुलिस ने मुखबिर के बताए गए जगह पर घेराबंदी किया। जहाँ पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के सफलता हासिल की।

### वाहन में शामिल थीं 19 महिलाएं, 6 घायल

## धान रोपाई के लिए जा रहा महिलाओं से भरा ट्रैक्टर पलटा, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले के हिर्री थाना क्षेत्र के मेडपार बाजार में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बगदेवा मंदिर के पास धान की रोपाई के लिए खेत जा रही महिलाओं से भरा ट्रैक्टर चालक की कथित लापरवाही के कारण अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। हादसे के समय ट्रैक्टर में मेडपार बाजार से सकर्रा की ओर रोपाई के लिए जा रही करीब 19 महिलाएं सवार थीं। हादसे में दो महिलाओं की मौत की सूचना है, जबकि करीब छह महिलाएं घायल हुई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए बिलासपुर स्थित सिम्स अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी।



### चालक की लापरवाही से हुआ हादसा

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चालक की लापरवाही के चलते ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। हादसे में घायल लोगों में मथुरा निषाद, आरती निषाद, दिलीप निषाद, मिलौती निषाद, चमारू ऐवत, संगीता प्रजापति सहित अन्य शामिल हैं। हालांकि, मृतकों और घायलों की संख्या तथा उनकी पहचान की आधिकारिक पुष्टि पुलिस और अस्पताल प्रशासन की ओर से की जानी बाकी है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद घायलों को गंभीर हालत में सिम्स अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## खबर संक्षेप



### अदाणी ग्रीन एनर्जी का लाभ 19 प्रति. बढ़कर 983 करोड़

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 19.29 प्रतिशत बढ़कर 983 करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने का नतीजा है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को अप्रैल-जून तिमाही के इस नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 824 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही में एजीईएल की कुल आय बढ़कर 4,663 करोड़ रुपये हो गई।

### यूको बैंक का लाभ 8 प्रति. बढ़कर 656 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़कर 656 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 607 करोड़ रुपये था। बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अप्रैल-जून, 2026 तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 8,682 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 7,433 करोड़ रुपये थी। आलोच्य तिमाही में बैंक की ब्याज आय बढ़कर 6,996 करोड़ रुपये हो गई है।

### इटर्नल का लाभ चार गुना बढ़कर 92 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली कंपनी इटर्नल लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग चार गुना होकर 92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 25 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 20,211 करोड़ रुपये हो गई जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 7,167 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 20,314 करोड़ रुपये रहा।

### बीपीसीएल को जून तिमाही में 3,942 करोड़ का घाटा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतें लागत से कम रखने की वजह से वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 3,962.13 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने बुधवार को शेयर बाजार को अप्रैल-जून तिमाही के नतीजों की सूचना दी।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी के लाभ में 36 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 36 प्रतिशत घटकर 533 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से उच्च वित्तीय लागत और मूल्य ह्रास से कंपनी का लाभ घटा है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि एक साल पहले 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 836 करोड़ रुपये था। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने कहा कि मूल्य ह्रास आलोच्य तिमाही में बढ़कर 890 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 739 करोड़ रुपये था।

# अमेरिकी टैरिफ भारतीय जनेरिक दवा निर्यात पर डालेगा असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा जेनेरिक दवाओं पर प्रस्तावित ऊंचे शुल्क भारत के सबसे बड़े औषधि निर्यात बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, इसका असर सभी उत्पादों पर एक समान नहीं पड़ेगा। आर्थिक शोध संस्था जीटीआरआई ने बुधवार को यह आकलन पेश किया। ये ऐसी सस्ती दवाएं होती हैं जिनमें ब्रांडेड दवाओं जैसा ही सक्रिय घटक, मात्रा और प्रभाव होता है लेकिन इन्हें पेटेंट समाप्त होने के बाद आमतौर पर कम कीमत पर बेचा जाता है।'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में सात से दस गुना सस्ती होती हैं।

### अतिरिक्त लागत का बोझ मरीजों पर डाला जा सकता है

ऐसे में 100 प्रतिशत शुल्क लगने के बाद भी कई उत्पाद सस्ते बने रह सकते हैं। अतिरिक्त लागत का बोझ अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, बीमा कंपनियों और मरीजों पर डाला जा सकता है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''अधिक दबाव उच्च मूल्य वाली जेनेरिक फॉर्मूलेशन और ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं पर पड़ सकता है। इन श्रेणियों में अमेरिका के भीतर उत्पादन व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य ष हो सकता है।''

## आर्थिक शोध संस्था जीटीआरआई ने पेश किया आकलन

### भारत को अमेरिका पर निर्भरता घटाना होगा

श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि भारत को अमेरिका पर अपनी निर्भरता घटाकर यूरोप, लातिनी अमेरिका, अफ्रीका और एशिया में निर्यात बढ़ाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि एक अगस्त से दो वर्षों तक जेनेरिक दवाओं पर शून्य शुल्क रहेगा। इसके बाद एक वर्ष के लिए शुल्क 100 प्रतिशत और फिर 200 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा।



### अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा औषधि निर्यात बाजार

इस तरह अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा औषधि निर्यात बाजार है। भारतीय कंपनियां अमेरिका में वितरित जेनेरिक नुस्खों के करीब 47 प्रतिशत की आपूर्ति करती हैं जबकि मूल्य के हिसाब से हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है।

**भारत के निर्यात का 37.7 फीसदी हिस्सा अमेरिका को गया**

अमेरिका ने 2025 में 213 अरब डॉलर के औषधि उत्पाद आयात किए, जिनमें 94.1 अरब डॉलर की तैयार दवाएं शामिल थीं। जेनेरिक दवाओं का अलग से सटीक आकलन उपलब्ध नहीं है क्योंकि उन्हें एचएस कोड 3004 के तहत वर्गीकृत किया जाता है। भारत ने पिछले साल 25.8 अरब डॉलर के औषधि निर्यात किए, जिनमें से 9.7 अरब डॉलर यानी 37.7 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को गया।

### भारत की कई विनिर्माण इकाइयां अमेरिका में

भारतीय दवा कंपनियों सन फार्मा, जायडस लाइफसाइंसेज, ल्यूपिन, अरबिंदो फार्मा, सिप्ला और डॉ रेड्डीज की अमेरिका में विनिर्माण इकाइयां हैं। अमेरिका के अलावा भारत के प्रमुख औषधि निर्यात बाजारों में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, ब्राजील, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, रूस, फिलीपींस और केन्या शामिल हैं।

## केंद्रीय बैंक ने कहा, बाहरी अनिश्चितताओं का बखूबी सामना

# विदेशी निवेश की वापसी अर्थव्यवस्था पर भरोसा बढ़ने के संकेत: आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय अर्थव्यवस्था ने बाहरी अनिश्चितताओं का बखूबी सामना किया है और हाल के महीनों में विदेशी निवेश में सुधार से भरोसा लौटने का संकेत मिलता है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुधवार को जारी बुलेटिन में यह कहा गया। केंद्रीय बैंक के जुलाई बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि दुनिया में अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में काफी अनिश्चितता बनी हुई है।

**हाल के महीनों में विदेशी निवेश में सुधार आया है**

लेख के अनुसार, ''इन अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है और जून तक आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनाए रखने में कामयाब रहा है। औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के संकेतक मजबूत बने रहे।''

## भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था में एक

### खाद्यान्न भंडार संतोषजनक स्तर पर

खाद्यान्न भंडार संतोषजनक होने से खाद्य महंगाई पर इसका प्रभाव काफी हद तक नियंत्रित रह सकता है। इसमें कहा गया कि 2026-27 की पहली तिमाही में निर्यात और आयात में हुई अच्छी वृद्धि से पता चलता है कि विदेश व्यापार की रफ्तार बनी रही। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के लागू होने तथा अन्य द्विपक्षीय व्यापार समझौतों में हो रही प्रगति से देश की आर्थिक गतिविधियों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।



### वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ने के संकेत

लेख में लिखा गया, ''भारत के बाह्य क्षेत्र से जुड़े जोखिम संकेतक मजबूत बने हुए हैं। हाल के महीनों में विदेशी निवेश में सुधार से भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ने के संकेत मिलते हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बीते महीने शुद्ध रूप से निवेश किया। इसका कारण बॉन्ड बाजार के लिए नीतिगत समर्थन और वैश्विक स्तर पर तनाव में कमी है।

### एफपीआई ने 20 जुलाई तक 3.1 अरब डॉलर का किया निवेश

एफपीआई ने इक्विटी और बॉन्ड बाजार में जुलाई में (20 जुलाई तक) कुल 3.1 अरब डॉलर का निवेश किया। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) अप्रैल-मई 2026 के दौरान सकल और शुद्ध, दोनों आधार पर बढ़ा। इस दौरान जापान, सिंगापुर और मॉरीशस से कुल इक्विटी निवेश का लगभग 74 प्रतिशत प्राप्त हुआ। वित्तीय सेवाएं, विनिर्माण, खुदरा एवं थोक व्यापार तथा कंप्यूटर सेवाएं सबसे अधिक निवेश आकर्षित करने वाले क्षेत्र रहे।

### पहली बार महंगाई आरबीआई के चार प्रतिशत लक्ष्य से ऊपर

लेख के अनुसार, भारतीय कंपनियों के विदेशी निवेश का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका, केमैन आइलैंड और नीदरलैंड में गया। इसमें वित्तीय, बीमा एवं व्यावसायिक सेवाओं तथा विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत से अधिक रही। कीमत स्थिति के बारे में इसमें कहा गया है कि जून, 2026 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई बढ़कर 18 महीने के उच्च स्तर 4.4 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि मई में यह 3.9 प्रतिशत थी। जनवरी, 2025 के बाद यह पहली बार आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर पहुंची है।

# सोना दो सप्ताह के उच्च स्तर पर, चांदी 8,500 रुपए मजबूत

**सोना 1900 रुपए उछलकर 1.49 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम**
**चांदी सुधार के साथ बढ़कर 2,30,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में 1,900 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह दो सप्ताह के उच्च स्तर 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इसकी वजह मजबूत हाजिर मांग और वैश्विक बाजारों में मजबूती का रुख रही।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,49,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। मंगलवार को यह 1,47,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सात जुलाई को स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम थीं।

लगातार छह सत्रों की गिरावट के बाद चांदी में सुधार हुआ और इसकी कीमत 8,500 रुपये बढ़कर 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। पिछले सत्र में यह 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी बाजार में मजबूत कीमतों, फिर से बढ़ी हाजिर मांग और पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद निचली कीमत पर लिवाली बढ़ने के कारण सोने में लगातार तीसरे सत्र में तेजी बनी रही।



### सोना हाजिर के मांग में सुधार

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को वैश्विक बाजार से मिले सकारात्मक संकेतों के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई और हाजिर मांग में सुधार आने के बाद कीमतें दो सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गईं।''

### वैश्विक बाजार में चांदी में उछाल

वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोने की कीमत 47.43 डॉलर या 1.16 प्रतिशत बढ़कर 4,125.24 डॉलर प्रति औंस हो गई और चांदी की कीमत लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 59.32 डॉलर प्रति औंस हो गई।


# कच्चे तेल के दाम में तेजी से सेंसेक्स 715 अंक लुढ़का, निफ्टी भी टूटा

## दोनों मानक सूचकांक में लगातार तीसरे दिन रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। कच्चे तेल के दाम में तेजी और बैंक शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 715 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 191 अंक की गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 715.06 अंक टूटकर 76,755.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 828.92 अंक लुढ़क कर 76,641.19 अंक पर आ गया था। इसी तरह निफ्टी 191.45 टूटकर 23,996.25 अंक पर बंद हुआ। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट



सूचकांक 1.33 प्रतिशत लुढ़का जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत नीचे आया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव और हूती समूह के दुनिया के महत्वपूर्ण पोत परिवहन मार्ग को बाधित करने से तेल की आपूर्ति प्रभावित होने को लेकर चिंता बढ़ गई है। इससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं और रुपया कमजोर हुआ है।

### रुपया 34 पैसे टूटकर 96.59 प्रति डॉलर पर

बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के दबाव में रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 34 पैसे टूटकर 96.59 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की भावना को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.36 प्रति डॉलर पर खुला।

### इन शेयरों में रहा नफा-नुकसान

सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट आई। वहीं लाभ में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, पावर ग्रिड और टाइटन बढ़त बनाने वाली कंपनियों में शामिल रहे। वैश्विक तेल मानक, ब्रेंट क्रूड की कीमत 4.68 प्रतिशत चढ़कर 95.27 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

### पूरे सत्र में बिकवाली का दबाव रहा

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''कच्चे तेल के दाम में तेजी और पश्चिम एशिया में लगातार तनाव बने रहने के कारण निवेशकों के जोखिम लेने से बचने की धारणा से घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक पर पूरे सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा।

### नेस्ले का लाभ 48 फीसदी बढ़कर 958 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग की वस्तुएं बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 48.26 प्रतिशत बढ़कर 958.68 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 646.59 करोड़ था। कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उत्पादों की बिक्री से नेस्ले इंडिया का राजस्व 25.4 प्रतिशत बढ़कर 6,363.27 करोड़ रुपये हो गया।

## श्रीलंका ने मुद्रास्फीति बढ़ने के बावजूद ब्याज दर रखी यथावत

**कोलंबो।** श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर को 8.75 प्रतिशत पर यथावत रखा है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद वैश्विक अनिश्चितता और जिंस कीमतों पर उसके असर का हवाला देते हुए मुद्रास्फीति बढ़कर 6.8 प्रतिशत पर पहुंचने के बावजूद यह फैसला किया गया।

केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद बुधवार को जारी बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में नए सिरे से बढ़े तनाव के कारण वैश्विक जिंस कीमतों, विशेषकर पेट्रोलियम की कीमतों में वृद्धि हुई है। बैंक ने कहा, ''इन घटनाक्रमों से वैश्विक आर्थिक संभावनाएं प्रभावित होने की आशंका है और इसके विभिन्न माध्यमों से श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है।'' बयान के अनुसार, जून में मुद्रास्फीति बढ़कर 6.8 प्रतिशत हो गई। घरेलू स्तर पर ऊर्जा एवं खाद्य कीमतों में वृद्धि के कारण निकट भविष्य में इसके पांच प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बने रहने की संभावना है।

**नीतिगत ब्याज दर को 8.75 प्रतिशत पर बरकरार रखा**

बैंक ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में भी वृद्धि होने तथा इसके समग्र मुद्रास्फीति लक्ष्य के आसपास बने रहने का अनुमान है। बयान में कहा गया, ''अप्रैल, 2026 से चालू खाते में घाटा दर्ज किया गया है।

## पाक ने अमेरिका से 10 अरब डॉलर की सहायता मांगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से 10 अरब डॉलर की मुद्रा विनिमय स्थिरता सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मुद्रा विनिमय स्थिरता सुविधा (एक्सचेंज स्टेबिलाइजेशन सपोर्ट फैसिलिटी) को अक्सर अमेरिकी वित्त मंत्रालय के वित्तीय सहायता तंत्र 'एक्सचेंज स्टेबिलाइजेशन फंड' के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसमें मुद्रा अदला-बदली, वित्तीय गारंटी और ऋण जैसी व्यवस्थाएं शामिल होती हैं। समाचार पत्र 'डॉन' ने बुधवार को खबर दी कि उसे इस अनुरोध की पुष्टि वॉशिंगटन स्थित पाकिस्तान के दूतावास से हुई है। हालांकि, दूतावास ने इस संबंध में कोई अतिरिक्त जानकारी साझा नहीं की।

- पाक ने मुद्रा विनिमय स्थिरता सुविधा उपलब्ध कराने का किया अनुरोध

## रुपए की कीमत घटने से आयात खर्च बढ़ना संभव

# भारत का खाद्य तेल आयात बिल नौ प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योग निकाय एसईए का कहना है कि आयात की ज्यादा मात्रा और रुपये की कीमत घटने की वजह से अक्टूबर में खत्म होने वाले मौजूदा विपणन वर्ष के दौरान भारत का खाद्य तेल आयात का खर्च नौ प्रतिशत बढ़कर 1.75 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने सदस्यों को लिखे एक पत्र में बढ़ते आयात खर्च पर चिंता जताई और कहा कि तिलहन क्रांति का और इंतजार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा, ''भारत अपने खाद्य तेल के सफर में एक अहम मोड़ पर खड़ा है, और चेतावनी के संकेतों को नजरअंदाज करना मुश्किल होता जा रहा है।

देश का खाद्य तेल आयात खर्च, जो पिछले साल 1.61 लाख करोड़ रुपये था, उसके इस साल 1.75 लाख करोड़ रुपये के अभूतपूर्व स्तर को पार करने का अनुमान है।'' इस महीने की शुरुआत में एसईए ने बताया था कि नवंबर, 2025-जून, 2026 की अवधि के दौरान भारत का खाद्य तेल का आयात सात प्रतिशत बढ़कर 103.88 लाख टन हो गया, जबकि पिछले तेल वर्ष की इसी अवधि में यह 97.29 लाख टन था। खाद्य तेल का विपणन वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलता है। अस्थाना ने कहा कि मौजूदा तेल वर्ष के पहले आठ महीनों में आयात खर्च 1.19 लाख करोड़ रुपये रहा।



### मानसून की दगाबाजी से घरेलू उत्पादन को लेकर चिंता

अस्थाना ने बताया कि रुपये की कीमत घटने से आयात महंगा हो गया है।उन्होंने आगे कहा, ''साथ ही, मौसम की अनिश्चितताएं, जिनमें सामान्य से कम मानसून का अनुमान और कई तिलहन उगाने वाले इलाकों में बुवाई में देरी शामिल है, घरेलू उत्पादन को लेकर चिंताएं बढ़ा रही हैं।''

### पाम तेल का बड़ा हिस्सा इंडोनेशिया ईंधन की ओर मोड़ रहा

एसईए अध्यक्ष ने कहा कि वैश्विक घटनाक्रम भी और दबाव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इंडोनेशिया का बढ़ता बायोडीजल कार्यक्रम खाद्य तेल (पाम ऑयल) का एक बड़ा हिस्सा ईंधन की ओर मोड़ रहा है, जिससे वैश्विक आपूर्ति कम हो रही है। साथ ही, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और माल ढुलाई व बीमा की बढ़ती लागत के कारण खाद्य तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें अस्थिर बनी हुई हैं।

## कंपनी के चेयरमैन वेणु ने आम सालाना बैठक को किया संबोधित

# टीवीएस मोटर वित्तीय सेवा कारोबार करेगा अलग?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुदर्शन वेणु ने बुधवार को कहा कि कंपनी शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाने के लिए अपने वित्तीय सेवा कारोबार को अलग करने जैसे विकल्पों पर विचार करेगी।

कंपनी की सालाना आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए वेणु ने कहा कि समूह ने कई साल से अपने वित्तीय सेवा कारोबार...टीवीएस क्रेडिट... को बनाने और उसे आगे बढ़ाने में लगातार निवेश किया है। यह कारोबार अब बड़े टीवीएस परिवेश का एक अहम हिस्सा बन गया है।

## वित्तीय सेवा कारोबार को अलग करने जैसे विकल्पों पर विचार

### एए प्लस रेटिंग प्राप्त

चेयरमैन ने कहा, ''तीनों प्रमुख रेटिंग एजेंसियों से एए प्लस रेटिंग पाने वाली टीवीएस क्रेडिट समझदारी, मकसद और टीवीएस के मूल्यों के साथ लगातार आगे बढ़ रही है।'' वेणु ने कहा, ''कंपनी सही समय पर, चरणबद्ध तरीके से और लंबी अवधि की रणनीतिक सोच के साथ, शेयरधारक मूल्य को और बढ़ाने और उसे खोलने के लिए वित्तीय सेवा कारोबार को अलग करने जैसे विकल्पों पर विचार कर सकती है।''



### कर्ज वितरण 26 प्रतिशत बढ़ा

वेणु ने कहा कि वित्तीय सेवा कारोबार के लिए वित्त वर्ष 2025-26 अच्छा रहा है। इसमें कर्ज वितरण 26 प्रतिशत बढ़ा और साल के अंत में कंपनी का संपत्ति आधार 30,000 करोड़ से अधिक रहा। कंपनी दोपहिया और उपभोक्ता खंड में 2.4 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा दे रही है...।''

**90 से अधिक देशों में कंपनी की मौजूदगी**

वेणु ने कहा, ''हम अब 90 से अधिक देशों में मौजूद हैं। हम अफ्रीका के साथ-साथ लातिनी अमेरिका और एशिया को वृद्धि के लिहाज से दीर्घकालीन रणनीतिक रास्ते मानते हैं और अब यूरोपीय बाजार में भी कदम रख रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में और खासकर भारत में, दोपहिया सिर्फ एक 'लाइफस्टाइल' उत्पाद नहीं है, बल्कि जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में एक जरूरत है।

### अफ्रीकी बाजार में भरोसेमंद ब्रांड

वेणु ने कहा, ''खासकर अफ्रीका एक अहम मोड़ पर है। वहां युवा आबादी है जिसकी वाहनों की जरूरतें बढ़ेंगी। हम अफ्रीकी बाजार में एक भरोसेमंद ब्रांड हैं और हम उस पर और आगे बढ़ना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2026-27 में अंतरराष्ट्रीय कारोबार के बढ़ने, मजबूती दिखाने और वृद्धि की उम्मीद है।

# सीजेपी के प्रदर्शन पर द गार्डियन बोला- सरकार के खिलाफ युवाओं में दिखा गुस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में हुए छात्र आंदोलन की गूंज विदेशी मीडिया तक पहुंची है। न्यूयॉर्क टाइम्स, द गार्डियन, बीबीसी समेत कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने इसे प्रमुखता से कवर किया है। सोमवार को सीजेपी ने जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई, आंसू गैस के गोले छोड़े गए और पथराव भी हुआ। दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए।

**ये है रिपोर्ट**

- पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प
- आंसू गैस के गोले छोड़े गए, पथराव हुआ
- दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए
- भर्ती परीक्षाओं में अव्यवस्था का मुद्दा उठा

## खून बहा, लेकिन वे डटे रहे: एनवायटी




अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा कि खून बहा, लाठियां चलीं, आंसू गैस के गोले दागे गए, लेकिन प्रदर्शनकारी पीछे नहीं हटे। अगले ही दिन हजारों छात्र फिर जंतर-मंतर पहुंच गए और सरकार से जवाब मांगने लगे। छात्र शिक्षा व्यवस्था और भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार अब भी उनकी मांगों पर चुप है।

## छात्र पीछे हटने वाले नहीं: द गार्डियन

ब्रिटेन के अखबार गार्डियन ने लिखा कि पुलिस की कार्रवाई भी छात्र आंदोलन को रोक नहीं सकी। झड़प के अगले दिन हजारों प्रदर्शनकारी फिर जंतर-मंतर पहुंच गए और साफ कर दिया कि वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। आंदोलन अब सिर्फ शिक्षा सुधार की मांग तक सीमित नहीं रहा।



## गांधी अरेस्ट, मोदी विरोधी हिरासत में: एफटी




ब्रिटेन के अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी लीड रिपोर्ट में लिखा कि छात्र आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में पीएम नरेंद्र मोदी के आवास तक मार्च कर रहे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दोनों को बाद में रिहा कर दिया गया। कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को छात्र आंदोलन पर हुई लाठीचार्ज और आंसू गैस की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन किया।

## फिर वापस आए प्रदर्शनकारी: अल जजीरा

कतर के न्यूज चैनल अल जजीरा ने लिखा कि सोमवार को पुलिस की कार्रवाई के बाद प्रदर्शनकारी फिर वापस आ गए हैं। यह आंदोलन अब सिर्फ शिक्षा सुधार का मुद्दा नहीं रह गया है। छात्र आंदोलन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने अब तक कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं, विपक्ष के नेता राहुल गांधी खुलकर प्रदर्शनकारियों के समर्थन में उतर आए। इसने सरकार की जवाबदेही और लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका पर नई बहस छेड़ दी है।





## *मोदी सरकार को घेरने का मिला मौका: डॉन*

*पाकिस्तान के अखबार डॉन ने लिखा कि छात्र आंदोलन ने विपक्ष को मोदी सरकार पर हमला बोलने का नया मौका दे दिया है। पुलिस कार्रवाई के बाद लगभग सभी प्रमुख विपक्षी दल प्रदर्शनकारियों के समर्थन में उतर आए। बड़ी संख्या में युवाओं के सड़कों पर उतरने और पुलिस कार्रवाई की तस्वीरें सामने आने के बाद आंदोलन को राजनीतिक समर्थन मिलने लगा। इससे विपक्ष को युवा वोटरों तक पहुंच बनाने का मौका मिल सकता है।*

***सरकार से मांगा जवाब: बीबीसी:*** *ब्रिटेन के टीवी बीबीसी ने लिखा कि पुलिस कार्रवाई के अगले दिन भी हजारों प्रदर्शनकारी फिर जंतर-मंतर पहुंचे और आंदोलन जारी रखा। पुलिस ने प्रदर्शन स्थल पर बना मंच और अस्थायी टेंट भी हटा दिए। राहुल गांधी ने छात्रों की मांगों का समर्थन किया, सरकार से जवाब मांगा और कांग्रेस सांसदों के साथ पीएम आवास तक मार्च निकाला।*

## खबर संक्षेप

### अफगानिस्तान को भारत ने भेजी राहत सामग्री

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के नूरिस्तान प्रांत में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए भारत ने राहत सामग्री भेजी। इसमें खाने-पीने का सामान और परिवारों के रहने के लिए टेंट शामिल हैं। यह सामग्री अफगानिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी को सौंपी गई। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी है।



### पश्चिमी नेपाल में 4.2 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में बुधवार तड़के 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सुबह 4:40 बजे आए इस भूकंप का केंद्र सुदूरपश्चिम प्रांत के बाजहांग जिले के कोटदेवाल के आसपास था। यह स्थान काठमांडू से करीब 900 किमी दूर पश्चिम में स्थित है। यह भूकंप पड़ोसी बाजुरा और दार्चुला जिलों में भी महसूस किया गया।



### कीटनाशक पर बैन हटने पर मंत्री का इस्तीफा

**पेरिस।** फ्रांस की पर्यावरण मंत्री मोनिक बारबू ने इस्तीफा देने का ऐलान किया है। उन्होंने यह फैसला विवादित कृषि बिल के विरोध में लिया है, जिसमें दो प्रतिबंधित कीटनाशकों एसेटामिप्रिड व फ्लुपाइराडीफ्यूरोन के इस्तेमाल की अस्थायी मंजूरी दी गई है। फ्रांस की संसद ने मंगलवार को यह बिल पेश किया था। सीनेट ने 214-111 मतों से विधेयक पारित कर दिया।



### जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर दंपती की मौत, 5 घायल

**ऊधमपुर।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को रामबन जिले के रामसू क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे में एक टेंपो पर पहाड़ी से विशाल बोल्डर गिर जाने से दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य घायल हो गए। टेंपो (जेके06बी-9842) श्रीनगर से डोडा जिले की ओर जा रहा था। अचानक पहाड़ी से एक विशाल बोल्डर लुढ़ककर सीधे टेंपो पर आ गिरा।



### जेलेंस्की ने यूक्रेन के सेना प्रमुख को हटाया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने देश के सेना प्रमुख जनरल ओलेक्सांद्र सिरिस्की को पद से हटा दिया। सिरिस्की को पद से हटाने की मांग को लेकर राजधानी कीव समेत देश के कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन के बाद ये घटनाक्रम सामने आया है। यह जेलेंस्की द्वारा जनता के दबाव में किया गया दूसरा बड़ा बदलाव है। मिखाइलो द्रापाती को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया है।



## भारत-आसियान मंत्री स्तरीय सम्मेलन में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# वैश्विक चुनौतियों से अकेले नहीं निपटा जा सकता, मिलकर आगे बढ़ना जरूरी

साझेदारी को और मजबूत बनाने का आह्वान किया

जयशंकर ने कहा कि मौजूदा अनिश्चितता और व्यवधान के दौर में आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों पर दबाव बढ़ रहा है। समुद्री व्यापार पर निर्भरता को देखते हुए समुद्री क्षेत्र भी चिंता का विषय बन सकता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन बेहद महत्वपूर्ण है

एजेंसी ▶▶ मनीला

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मनीला में आयोजित मंत्री स्तरीय सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। अपने संबोधन में उन्होंने आसियान और भारत से भविष्य की चुनौतियों का मिलकर सामना करने के साथ ही साझेदारी को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। जयशंकर ने आसियान मंत्री स्तरीय सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा कि मौजूदा अस्थिर और तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों में कोई भी एक देश या समूह अकेले चुनौतियों का सामना नहीं कर सकता।

उन्होंने भारत और आसियान देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया। विदेश मंत्री ने फिलीपींस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए देश समन्वयक (को-ऑर्डिनेटर) की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आसियान की अध्यक्षता का विषय 'मिलकर भविष्य की राह तय करना' (नैविगेटिंग आर फ्यूचर टुगैदर) आज की वैश्विक भावना को दर्शाता है।




आसियान मंत्री स्तरीय बैठक में भाग ले रहे मंत्रियों का समूह फोटो

**सहयोग के प्रमुख क्षेत्र**

- व्यापार और निवेश
- लोगों की आवाजाही और टैलेंट
- प्रौद्योगिकी, डिजिटल और हवाई संपर्क
- ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी
- कनेक्टिविटी

**दुनिया लगातार अस्थिर होती जा रही**

जयशंकर ने कहा कि दुनिया लगातार अधिक अस्थिर होती जा रही है और ऐसे में यह विचार करना जरूरी है कि आपसी सहयोग किस तरह सभी देशों के हितों को आगे बढ़ा सकता है। मौजूदा अनिश्चितता और व्यवधान के दौर में आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों पर दबाव बढ़ रहा है। समुद्री व्यापार पर निर्भरता को देखते हुए समुद्री क्षेत्र भी चिंता का विषय बन सकता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन बेहद महत्वपूर्ण है।

आसियान के साथ साझेदारी मजबूत करेगा क्वाड

### मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत पर बनी सहमति

आसियान की बैठक से इतर भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों ने एक अहम बैठक की। इसके बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया जिसमें कहा गया कि चारों देश इस विश्वास में एकजुट हैं कि हिंद-प्रशांत के समुद्री क्षेत्र में शांति और स्थिरता ही पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि की आधारशिला है। आसियान के साथ सहयोग को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।



### रूसी विदेश मंत्री से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। बातचीत में भारतीय नाविकों की सुरक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समेत क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई।



### चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की

जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। इस अवसर पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों के धीरे-धीरे सामान्य करने के लिए सीमा पर शांति गहरे द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक मूलभूत शर्त बनी हुई है।



### रूबियो से की मुलाकात

जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात के दौरान की। उन्होंने बताया कि चर्चा भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की प्राथमिकताओं पर केंद्रित रही।



## अनंतनाग के लाल चौक में आतंकी हमला

# पुलिस दल पर फायरिंग, गोली लगने से हेड कांस्टेबल शहीद

एजेंसी ▶▶ अनंतनाग

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के व्यस्त लाल चौक (कोकेरनाग रोड) पर ड्यूटी के दौरान घात लगाकर बैठे अज्ञात बंदूकधारियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। इस कायराना और दुस्साहसिक हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने वीरगति प्राप्त कर ली।



आशिक हुसैन कुरैशी

दिनदहाड़े हुए इस आतंकी हमले से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और एक बार फिर घाटी में भारी तनाव का माहौल पैदा हो गया है।

### टीआरएफ ने ली हमले की जिम्मेदारी

घटना के तुरंत बाद लश्कर-ए-ताइबा की प्रॉक्सी शाखा माने जाने वाले प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) ने एक बयान जारी कर इस हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने अमरनाथ यात्रा की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए इस हमले को अंजाम देने का दावा किया है vkSj भविष्य में भी इस तरह की वारदातों को जारी रखने की धमकी दी है।

### सुरक्षा बल मुस्तैद तलाशी अभियान जारी

हमले के तुरंत बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। सुरक्षा बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन (सीएएसओ) शुरू कर दिया है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और फरार आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए आधुनिक तकनीक और खुफिया तंत्र की मदद ली जा रही है।

### राजौरी में ऊंचाई से गिरने पर सैनिक की मौत

*जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में बुधवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास ऊंचाई से दुर्घटनावश गिरने के कारण सेना के एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि 27 वर्षीय राइफलमैन सुखप्रीत सिंह सुंदरबनी सेक्टर में अग्रिम महादेव चौकी पर ड्यूटी कर रहे थे तभी संतुलन बिगड़ने से वह ऊंचाई से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।*

### डीजीपी ने उच्च स्तरीय समीक्षा की


घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात और स्पेशल डीजीपी एस.जे.एम. गिलानी ने तुरंत स्थिति का जायजा लिया और अनंतनाग के लाल चौक पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा की। डीजीपी ने बलिदानी कुरैशी को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरा देश इस मुश्किल घड़ी में शहीद के परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

## कांगो में इबोला बरपा रहा कहर

# अब तक 999 लोगों की मौत, 2473 मामले दर्ज

एजेंसी ▶▶ बुनिया (कांगो)

पूर्वी कांगो में इबोला वायरस के प्रकोप से कम से कम 999 लोगों की मौत हो गई है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इबोला की नई लहर में रविवार तक 2,473 मामले सामने आए हैं और 999 लोगों की मौत हुई है। जबकि कम से कम 737 मरीज फिलहाल आइसोलेशन केंद्रों और अस्पतालों में भर्ती हैं। कांगो में 15 मई को घोषित प्रकोप पहले के ज्यादातर इबोला प्रकोपों से अलग है, क्योंकि इसके लिए जिम्मेदार वायरस के बुंडिबुग्यो स्वरूप के लिए कोई टीका या इलाज मौजूद नहीं है। वहीं, वेनेजुएला ने मंगलवार को तीन लोगों की मौत हंता वायरस संक्रमण से होने की पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी राज्य बारिनास में दो स्वास्थ्य कर्मियों की मौत के मामले में भी हंता वायरस संक्रमण का संदेह है।



## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा ऐलान

# जेनेरिक दवाओं के आयात पर अगस्त 2028 से लगाएंगे शुल्क

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि अमेरिका आयातित जेनेरिक दवाओं पर अगस्त 2028 से भारी शुल्क लगाएगा। इस कदम का उद्देश्य जेनेरिक दवाओं के उत्पादन को अमेरिका में प्रोत्साहित करना है।

इस फैसले का असर भारत पर पड़ सकता है, जो अमेरिका को जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्यातक है। वर्ष 2025 में भारत ने अमेरिका को 9.7 अरब डॉलर मूल्य की दवाओं का निर्यात किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि एक अगस्त, 2026 से अमेरिका में लाई जाने वाली सभी जेनेरिक दवाओं पर अगले दो वर्ष तक शुल्क शून्य प्रतिशत रहेगा। इसके बाद एक वर्ष के लिए इसे 100 प्रतिशत और उसके बाद 200 प्रतिशत कर दिया जाएगा।



## 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2' में जुटी 26 देशों की नौसेना




**कोच्चि।** हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय नौसेना ने कोच्चि में 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2' की शुरुआत की। 20 से 23 जुलाई तक चलने वाला यह चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कंबाइंड मैरीटाइम फोर्स के तहत भारत की मेजबानी में आयोजित होने वाला पहला बड़ा बहुराष्ट्रीय समुद्री प्रशिक्षण अभियान है। समुद्र में बदलते सुरक्षा समीकरणों के बीच भारत ने अपनी समुद्री ताकत को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस अभियान में भारत अकेला नहीं, बल्कि दुनिया के 26 देशों की नौसेनाओं के साथ मिलकर समुद्री सुरक्षा का नया खाका तैयार कर रहा है। इसमें दुनिया के अलग-अलग देशों के नौसैनिक अधिकारियों को समुद्री कानून, समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने की तकनीक, खुफिया जानकारी साझा करने, नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने, समुद्री ठिकानों की सुरक्षा और ड्रोन जैसे नए खतरों से निपटने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

## समुद्री सुरक्षा और पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं में बढ़ी भारत की ताकत

# स्वदेशी युद्धपोत 'आईएनएस मालवन' नौसेना के बेड़े में शामिल

एजेंसी ▶▶ कारवार

भारतीय नौसेना ने कर्नाटक के कारवार आईएनएस कादंबा नौसेना बेस पर माहे श्रेणी के दूसरे पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'आईएनएस मालवन' को बेड़े में शामिल किया। इस समारोह में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मुख्य अतिथि थे।

पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय वत्सयान उपस्थित थे। आईएनएस मालवन का नाम भारतीय नौसेना के पुराने माइंसवीपर आईएनएस मालवन के नाम पर रखा गया है। वह जहाज 19 साल तक सेवा देने के बाद 2003 में रिटायर हुआ था।

मालवन माहे श्रेणी का दूसरा पनडुब्बी रोधी उथला जल युद्धपोत

भारतीय नौसेना ने इस वर्ष 7 युद्धपोतों को कमीशन कर लिया है



वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के साथ नौसेना के अधिकारी

### 80 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण और तकनीक से बना

आईएनएस मालवन माहे श्रेणी का दूसरा पनडुब्बी रोधी उथले जल युद्धपोत है। यह 8 पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों में से दूसरा युद्धपोत है। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरण और तकनीक का उपयोग किया गया है। भारतीय नौसेना ने इस वर्ष 7 युद्धपोतों को कमीशन कर लिया है।

### उन्नत पनडुब्बी रोधी हथियारों से लैस

यह उन्नत पनडुब्बी रोधी हथियारों से सुसज्जित है। इसमें आगे की ओर लगा आरबीयू 6000 रॉकेट लॉन्चर, युद्धपोत के बाएं और दाएं दोनों तरफ तीन 324 मिमी हल्के टॉरपीडो ट्यूब लगे हैं, जो उन्नत हल्के टॉरपीडो और पनडुब्बी रोधी बारूदी सुरंग बिछाने वाली तकनीक से लैस हैं। इसमें टॉरपीडो डेकोय लॉन्चिंग सिस्टम भी लगे हैं। इसकी सतह युद्ध क्षमता में एक 30 मिमी नौसैनिक तोप और दो 12 दशमलव 7 मिमी की स्थिर रिमोट नियंत्रित तोपें शामिल हैं। माहे श्रेणी के पोत तीन 6 मेगावाट समुद्री डीजल इंजनों द्वारा संचालित हैं। यह वाटर जेट से जुड़े हैं, जिससे ये पंप जेट प्रणोदन का उपयोग करने वाले भारतीय नौसेना के सबसे बड़े युद्धपोत बन गए हैं। इनकी अधिकतम गति 25 समुद्री मील है और 14 समुद्री मील की गति पर इनकी परिचालन सीमा 1800 समुद्री मील है। यह युद्धपोत बिना रुके या बिना रीफ्यूलिंग के लगातार 14 दिनों तक पानी में सक्रिय रह सकता है।

## पाकिस्तान सीमा पर तस्करी

# ड्रोन में आती थी हथियारों की खेप, तीन आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन के जरिए हथियारों की तस्करी कर देश की सुरक्षा को चुनौती देने वाले नेटवर्क के खिलाफ बीकानेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों के साथ ही पुलिस ने उस संगठित मॉड्यूल की महत्वपूर्ण कड़ियों को उजागर किया है, जो पाकिस्तान से भेजी गई हथियारों की खेप को भारतीय सीमा में रिसीव कर आगे पहुंचाने का काम कर रहा था। खाजूवाला थाना क्षेत्र में दर्ज इस बहुचर्चित मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि गिरफ्तार आरोपी सीधे तौर पर मुख्य हैंडलर सोनू उर्फ सुखविंदर के संपर्क में थे। यही हैंडलर पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के माध्यम से गिराए गए हथियारों की लोकेशन अपने नेटवर्क के सदस्यों तक पहुंचाता था। इसके बाद आरोपी तय स्थान पर पहुंचकर हथियारों का पेलोड उठाते और उसे आगे सप्लाई चेन में पहुंचाते थे।



## भव्य शोभायात्रा के साथ श्री गीता धाम में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

# कलियुग में श्रीमद्भागवत महापुराण ही मानव जीवन का सर्वोत्तम मार्गदर्शक : श्रीमद् जगद्गुरु डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य जी महाराज



**जबलपुर।** गौरीघाट स्थित श्री गीता धाम में बुधवार को विशाल शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस कथाव्यास परम पूज्य श्रीमद् जगद्गुरु डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य जी महाराज ने कहा कि कलियुग में श्रीमद्भागवत महापुराण मानव जीवन का सर्वोत्तम मार्गदर्शक है, जो भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सच्चा मार्ग दिखाती है तथा आत्मशुद्धि का दिव्य माध्यम है।

कथा के मुख्य यजमान श्रीमती आशालता गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, रवि गुप्ता, रामलखन परोहा, रमेश कुमार कोरी, राजेंद्र कुमार एवं सरोज मिश्रा, शिवांश जी, स्नेहलता मिश्रा, आशीष व्यौहार, गीता चौकसे, रामसेवक पटेल, श्यामा राय, राजकुमारी लामी एवं चंद्रमणि लोधी ने व्यासपीठ पूजन किया। कार्यक्रम में श्याम साहनी, स्वामी हनुमान दास जी, सतीश मिश्रा, रामफल शास्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के बाद महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक आयोजित होगी।

## गुरु पूर्णिमा पर श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**जबलपुर।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर श्री शंकराचार्य मठ, बगलामुखी सिद्धपीठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रथम दिवस पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने श्रीमद्भागवत के माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि जन्म-जन्मांतर के पुण्यों के फलस्वरूप ही श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत जीव के कल्याण का सर्वोत्तम मार्ग है, जिसके श्रवण से भक्ति पुष्ट होती है तथा ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि अज्ञान ही धुंधकारी है और बोध ही गोकर्ण है। जो व्यक्ति भगवान की प्राप्ति और जीवन के कल्याण का मार्ग चाहता है, उसे श्रद्धापूर्वक श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। कार्यक्रम ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज के सान्निध्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, भारत यादव, बीके नीता पटेल, डॉ. संजय एवं तृप्ति मिश्रा, डॉ. नर्मदा शर्मा, अमित सिंह, प्रतीक्षा सिंह, संजय मिश्रा, गोविंद साहू, प्रवीण द्विवेदी, मनोज सेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## देवशयनी एकादशी पर निकलेगी भव्य श्री विट्ठल वारी यात्रा

**जबलपुर।** आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल के तत्वावधान में देवशयनी एकादशी के अवसर पर 25 जुलाई को शाम 4 बजे लगातार 12वें वर्ष पंढरपुर (महाराष्ट्र) की तर्ज पर श्री विट्ठल वारी हरिनाम संकीर्तन एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा श्री दत्त मंदिर, गोलबाजार से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री विट्ठल रखुमाई मंदिर, हनुमानताल पहुंचेगी। यात्रा में भगवान श्रीहरि विट्ठल-रखुमाई, संत ज्ञानेश्वर महाराज एवं संत गजानन महाराज की पालकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। विट्ठल बैंड, ढोल-ताशे, लेझिम दल, हरिनाम संकीर्तन, मराठी वेशभूषा में सजे बच्चे एवं महिलाएं तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन समिति ने शहरवासियों से यात्रा का स्वागत करते हुए भगवान विट्ठल-रखुमाई की आरती, पुष्पवर्षा एवं दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## क्राइस्ट चर्च को-एड स्कूल में स्काउट्स एवं गाइड्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** क्राइस्ट चर्च को-एड स्कूल, जबलपुर में आज भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्काउट्स एवं गाइड्स की मूलभूत जानकारी एवं अनुशासन से परिचित कराना था।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्काउट्स एवं गाइड्स की वर्दी (यूनिफॉर्म) सही तरीके से पहनने, स्कार्फ बांधने की विधि, व्यक्तिगत रिकॉर्ड का सुव्यवस्थित रखरखाव तथा संगठन से संबंधित अन्य आवश्यक एवं सामान्य जानकारियाँ प्रदान की गईं। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत ने विद्यार्थियों को स्काउट्स एवं गाइड्स के उद्देश्य, अनुशासन, सेवा भावना तथा संगठन की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने ऐसे उपयोगी एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की।



# 36 घंटे में गंभीर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार मुंबई भागने की फिराक में स्टेशन से दबोचा

**जबलपुर।** जीआरपी जबलपुर ने गंभीर मारपीट के मामले में आरोपी धनेश सेन को घटना के महज 36 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मुंबई भागने की फिराक में था, जिसे मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन क्षेत्र से दबोच लिया गया। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त खून लगा लकड़ी का पटिया भी बरामद किया गया।

19 जुलाई की रात मदनमहल रेलवे स्टेशन पर राकेश कुमार वर्मा पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में जीआरपी ने अपराध दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक रेल सुन्दर सिंह कनेश के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी एवं उप पुलिस अधीक्षक अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। टीम में सउनि जगन्नाथ सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक अनुराग तिवारी, मनीष शर्मा, संजीत शर्मा तथा आरपीएफ स्टाफ शामिल रहा। त्वरित कार्रवाई पर पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की।



## चंद्रशेखर आजाद जयंती पर आज आजाद पार्क में होगा दुग्धाभिषेक और श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**जबलपुर।** महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर आज गुरुवार को विजय नगर स्थित आजाद पार्क (घड़ी चौक) में उनकी प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक, पूजन-अर्चन एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन संयोजक धीरज पटेरिया ने बताया कि कार्यक्रम में चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्रनायक को श्रद्धासुमन अर्पित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अवसर महान क्रांतिकारी के त्याग और बलिदान को स्मरण कर उनके आदर्शों को अपनाने का है।





## आल इंडिया समता सैनिक दल ने छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**जबलपुर।** आल इंडिया समता सैनिक दल के तत्वावधान में कलावीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय में 20 जुलाई शाम 6.30 बजे से आयोजित मुख्य मार्गदर्शक एलआर बाली के जन्मदिन के उपलक्ष्य में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों जिन्होंने वर्ष 2026 में 60 से 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए ऐसे पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेपी नन्हेट ने विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ. भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर मोमबत्ती, अगरबत्ती प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तथा एलआर बाली के जन्मदिवस पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि जेपी नन्हेट बौद्ध, टीडी हुमने, अशोक शेण्डे आदि ने पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष बिन्दुसार कापसे ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा हासिल करने पर जोर देना चाहिए।

## मध्य प्रदेश के शहरों से रवाना होगी आईआरसीटीसी की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो दिनांक 15.09.2026 को इंदौर शहर से "पुरी, गंगासागर के साथ गया, वाराणसी एवं रामलला दर्शन यात्रा" के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 10 रातें/11 दिनों की इस यात्रा में पुरी, गंगासागर, गया, वाराणसी एवं अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## मास कम्युनिकेशन विद्यार्थियों का कार्य अनुभव प्रशिक्षण संपन्न, प्रमाण-पत्र वितरित



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के जनसंपर्क कार्यालय में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन एवं शोध विभाग के बीए मास कम्युनिकेशन द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों का 14 से 22 जुलाई तक आयोजित कार्य अनुभव प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरण के साथ संपन्न हुआ।मुख्य अतिथि एवं एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) एफ.के. मेश्राम ने कहा कि "कक्षा ज्ञान देती है, जबकि कार्यस्थल दृष्टि देता है"। उन्होंने विद्यार्थियों से सत्यता, निष्पक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट संचार, जनसंपर्क, मीडिया प्रबंधन, समाचार लेखन, प्रेस विज्ञप्ति, सोशल मीडिया प्रबंधन, फोटोग्राफी और दृश्य संचार की व्यावहारिक जानकारी दी गई। समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षार्थियों को कार्य अनुभव प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## महाकौशल महाविद्यालय में एमबीए, बीसीए सहित चार नए पाठ्यक्रम शुरू

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत सत्र 2026-27 से एमबीए, बीसीए, डिप्लोमा इन ज्योतिष एवं डिप्लोमा इन कर्मकांड पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन की अंतिम तिथि 26 जुलाई निर्धारित की गई है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.सी. तिवारी ने बताया कि एमबीए प्रारंभ करने वाला यह मध्यप्रदेश का पहला शासकीय महाविद्यालय है। उन्होंने बताया कि सभी पाठ्यक्रमों में सीटें सीमित हैं, इसलिए इच्छुक विद्यार्थी समय-सीमा के भीतर पंजीयन कर प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हों। उन्होंने कहा कि आधुनिक रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों से भी जोड़ेंगे।

# बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करना प्राथमिकता : जयवर्धन सिंह

### नगर निगम चुनाव की रणनीति पर मंथन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा है कि कांग्रेस की सबसे बड़ी प्राथमिकता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना है। मजबूत संगठन के दम पर ही आगामी नगर निगम चुनाव और अन्य चुनावों में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है।

अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे जयवर्धन सिंह ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद कदीर सोनी के निवास पर पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और अगले वर्ष प्रस्तावित नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में दिल्ली में कांग्रेस के आंदोलन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई की भी निंदा की गई। नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताते हुए कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयासों का कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगी।इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, सैयद ताहिर अली, पार्षद गुलाम हुसैन, याकूब अंसारी, वकील अंसारी, विवेक अवस्थी, शमीम अंसारी 'गुड्डु', अकबर खान, चांद कुरैशी, दिलीप साहू, पप्पू वसीम खान, शादाब अंसारी, अशरफ मंसूरी, मुन्ना अग्रवाल, हसीब खान, गुलाम सैययादेन, इस्लाम सोनी, ज़फर अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पावर मैनजमेंट कंपनी के 16 कार्मिकों को मिला समयमान वेतनमान का लाभ

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के 14 कार्मिकों को 35 वर्षीय और दो कार्मिकों को 30 वर्षीय समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया है। कंपनी द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए। पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा अब तक 126 कार्मिकों के समयमान वेतनमान के आदेश जारी किए गए हैं। पावर मैनेजमेंट कंपनी के जिन कार्मिकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया वे हैं- कार्यालय सहायक श्रेणी एक संजय पोल, संजय कुमार शुक्ला, अनिमा झा, सुहास कोरडे, हरीश मुले, राकेश जैन, मनोज कुमार पशीने, विनीत कुमार गंगाखेडकर, अजय कुमार श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार सिंह, दफ्तरी गंगादीन वर्मा, प्रद्युम्न प्रसाद पटेल, गंगाराम झारिया व वरिष्ठ सिविल परिचारक योगेन्द्र सिंह।

**CHANGE OF NAME**

I, Sachin Kumar Jain S/O N.K.Jain R/O Beside Maharishi School Unit No. 02, Vindhya Orchids Lamti Vijay Nagar LamtiJabalpur Madhya Pradesh - 482002, have changed the name of my minor daughter Swara Jain aged 13 years and she shall hereafter be known as SWARAA JAIN.

**जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, DHANANJAY SINGH is legally FATHER of ARMY NO-15728722F, Rank - L / NK, Name- KAMAL NAYAN SINGH presently residing at Vill - TILRA-POST- MANDHANIYA Teh- MAYURHAND , Distt - CHATRA, State - JHARKHAND, PIN- 825408 शपथपूर्वक नि लि कथन करता हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्मतिथि 12/02/1960 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरी जन्मतिथि 01/01/1963 दर्ज हैं। जो कि सही है। मेरी जन्मतिथि को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए द्वारा शपथ पत्र नं. BY 612693 दिनांक 22-07-26 नोटरी जबलपुर म प्र।

गलत जन्मतिथि - 12-02-1960
सही जन्मतिथि - 01-01-1963

## 'नशे से दूरी, दो कदम है ज़रूरी' अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** नशे से दूरी, दो कदम है ज़रूरी अभियान के तहत कैंट थाना, पुलिस प्रशासन एवं सदर व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएसपी उदयभान बागड़ी, कैंट थाना प्रभारी पुष्पेंद्र पटले तथा सदर व्यापारी संघ के अध्यक्ष हरीश केसवानी सहित डॉ. अजय वाधवानी, सुन्दर अग्रवाल, संजय जैन, सतीश अग्रवाल, अमरचंद बावरिया, ज्ञानचंद गुप्ता, एड. आशीष त्रिपाठी, वेद महावर, डॉ. ऋषि बावरिया, पंकज गुप्ता, सर्वेश बावरिया, बबलू भैया, रमन अग्रवाल, पुष्पेंद्र महाराज, नरवात गुप्ता और हीरा भैया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए समाज, परिवार, व्यापारियों और पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम में सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया तथा नागरिकों से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।



## रैन बसेरों में अवैध वसूली करने वाले सिटी मिशन मैनेजर की सेवा समाप्त

**जबलपुर।** नगर निगम ने प्रशासन में पारदर्शिता और नागरिकों के प्रति जवाबदेही तय करने की दिशा में यह कदम उठाया है। शहर के रैन बसेरों में ठहरने वाले आगंतुकों और बेघर लोगों से अवैध वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, संबंधित अधिकारी सिटी मिशन मैनेजर चंदन कुमार प्रजापति को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक कर दिया गया है, इसके साथ अन्य अनिमितताएं भी थीं जिसके कारण निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा सेवा समाप्त करने संबंधी आदेश जारी किया गया है। इस संबंध में बताया गया कि रैन बसेरों में आर्थिक अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर कलेक्टर जबलपुर के निर्देशों के बाद मामले की गहन जांच कराई गई थी। जांच रिपोर्ट में चंदन कुमार प्रजापति की अवैध लेन-देन में सक्रिय भूमिका की पुष्टि हुई, जिसके बाद निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर यह सख्त कदम उठाया गया है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने कहा कि रैन बसेरों का उद्देश्य बेघर और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क एवं सुरक्षित आश्रय देना है। ऐसे स्थानों पर किसी भी प्रकार के अवैध लेन-देन पर नगर निगम अब पूरी तरह सख्त है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं और व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर होने वाली गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**CHANGE OF NAME**

I, hitherto known as Deepika Koshta D/O Vinod Nandanwar W/O: Priyanshu Koshta, R/O 31/3 Bandhaiya Mohalla Damoh Naka, ward 26 Govind ballabh pant, VTC: Jabalpur, PO: Jabalpur, Sub District: Jabalpur, District: Jabalpur, Madhya Pradesh, 482001, have changed my name and shall hereafter be known as DEEPIKA NANDANWAR.

# ज़्यादा स्टाइल, ज़्यादा विशिष्टता: स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्लाविया मोंटे कार्लो के कलर पैलेट का विस्तार किया

## अब दो नए ड्यूल-टोन रंग विकल्पों में उपलब्ध: शिमला ग्रीन और स्टील ग्रे



**केवल 200 यूनिट तक सीमित, 1.0 एटी और 1.5 डीएसजी वैरिएंट्स में उपलब्ध**

**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी स्लाविया रेंज का विस्तार करते हुए, स्लाविया मोंटे कार्लो के लिए दो नए विशेष रंग विकल्प- शिमला ग्रीन और स्टील ग्रे पेश किए हैं। ये दोनों रंग आकर्षक ड्यूल-टोन फिनिश में उपलब्ध हैं। केवल 200 यूनिट तक सीमित, स्लाविया मोंटे कार्लो के ये विशेष रंग संस्करण सेडान के गतिशील डिज़ाइन, रोमांचक ड्राइविंग अनुभव और ब्रांड की रैली मोंटे कार्लो विरासत का शानदार संयोजन प्रस्तुत करते हैं। यह नया विस्तार कार को देखने में और भी प्रभावशाली बनाता है तथा उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है, जो अधिक विशिष्ट और प्रीमियम स्वामित्व अनुभव की तलाश में हैं।इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, "स्लाविया मोंटे कार्लो को उसके विशिष्ट डिज़ाइन, प्रीमियम आकर्षण, रोमांचक ड्राइविंग डायनेमिक्स और हमारी मोटरस्पोर्ट विरासत से मजबूत जुड़ाव के लिए ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। हम मोंटे कार्लो रेंज की विशिष्ट पहचान और आकर्षण को और अधिक सशक्त बना रहे हैं, जिससे ग्राहकों को अधिक विकल्प और विशिष्टता मिल सके। स्लाविया मोंटे कार्लो लगातार स्टाइल, प्रदर्शन और आधुनिकता का बेहतरीन संगम प्रस्तुत करती है।

## किक्स लुब्रिकेंट की नई ब्रांड पहचान पेश

**मुंबई।** जीएस कैलटेक्स इंडिया ने अपने प्रमुख लुब्रिकेंट ब्रांड किक्स की नई वैश्विक ब्रांड पहचान भारत में लांच की है। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी ने नया किक्स लोगो और वैश्विक ब्रांड संदेश भविष्य को लुब्रिकेट करना प्रस्तुत किया। कंपनी के अनुसार, यह पहल ब्रांड की 20 वर्षों की वैश्विक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है और नवाचार, उच्च प्रदर्शन तथा भविष्य की मोबिलिटी एवं औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप उन्नत लुब्रिकेशन समाधान विकसित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## डीलिंग डॉट कॉम का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**मुंबई।** ग्लोबल इन्वेस्टिंग प्लेटफॉर्म डीलिंग डॉट कॉम ने एक ही प्लेटफॉर्म पर ट्रेडिंग के लिए 24,000 से अधिक टोकनाइज्ड स्टॉक्स उपलब्ध कराकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। कंपनी का दावा है कि इस उपलब्धि के साथ वह कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त टोकनाइज्ड निवेश के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बन गया है। यह सम्मान यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल ज़ेयूदी की मौजूदगी में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक निर्णायक मबाली नकोसी ने फिनवासिया ग्रुप और डीलिंग.कॉम के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तजिंदर विर्क को यह प्रमाण-पत्र सौंपा।


**लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश**
गौतम नगर, भोपाल- 462023 Email-ucrs.dpi.mp.gov.in

क्रमांक/यूसीआर सी/57/2025-26/1447 भोपाल, दिनांक 17/07/2026

**विशेष शिक्षक (माध्यमिक शिक्षक) की भर्ती हेतु विज्ञापन**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा WP (civil) 132 / 2016 में पारित निर्णय के क्रम में मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक / 1096/496921 / 2025/20-1 भोपाल दिनांक 13.08.2025 द्वारा विशेष शिक्षक (माध्यमिक शिक्षक संवर्ग) के 762 पद चिन्हांकित किये गये है।

माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2025 के आधार पर चयन परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जो विशेष शिक्षक (माध्यमिक शिक्षक) के पद की निर्धारित योग्यता रखते है। ऐसे अभ्यर्थी जो भर्ती नियम 2018 अनुसार स्नातक उपाधि एवं स्पेशल बीएलएड / स्पेशल डीएलएड / स्पेशल बीएड धारित करते है तथा जिनके पास वैध CRR नम्बर उपलब्ध है, वे अपने आवेदन निर्धारित प्रपत्र में जानकारी एवं निर्धारित योग्यता के दस्तावेज सहित लोक शिक्षण संचालनालय गौतम नगर भोपाल के कक्ष क्रमांक 136 में दिनांक 20 जुलाई 2026 से 28 जुलाई 2026 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है।

(आयुक्त द्वारा अनु.)
(के. के. द्विवेदी)
संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

G-16035/26 "स्वच्छता ही सेवा"



**OFFICE OF THE SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI JABALPUR DIST. JABALPUR**

N.I.T. No/Nirman/ 2026-27 /N-278 JABALPUR dated: 22.07.2026

**Notice Inviting Tender**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for 1.CONSTRUCTION OF COVERED AUCTION PLATEFORM SIZE 102x10 MT INCLUDING INTERNAL ELECTRIFICATION WORK 2.CONSTRUCTION OF COVERED AUCTION PLATEFORM SIZE 30 X45 METER INCLUDING INTERNAL ELECTRIFICATION 3.CONSTRUCTION OF WBM CUM CC ROAD AROUND THE PROPOSED SHED 30 X45 METER AT MANDI YARD JABALPUR DISTT JABALPUR Tender Number: 2026 MPSAM_523439_1 ( PAC -302.97 LACS), CONSTRUCTION AND STRENGTHIENING OF CC. ROAD WORK AT MANDI YARD JABALPUR Tender Number: 2026_MPSAM_523449_1 (PAC- 691.58 LACS), 1. REPLACING OF PROFILE SHEET IN PLACE OF OLD AC SHEET IN COVERED AUCTION PLATEFORM NO 10 (SIZE-30.0*60.0 M) AND MAINTENANCE OF FLOORING 2. MAINTANANCE AND FLOORING REPAIRING OF SHED NO 1, 7 AND 8 WORK AT MANDI YARD JABALPUR Tender Number: 2026_MPSAM_523474_I (TOTAL PAC- 67.22 LACS) AND CONSTRUCTION OF DRAIN WORK AT MANDI YARD JABALPUR Tender Number: 2026_MPSAM_523460_1 (TOTAL PAC- 104.52 LACS). The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 13.08.2026. Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in. Note:- Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

Secretary
Krishi Upaj mandi Samitti JABALPUR
Distt. JABALPUR


# महिंद्रा का मुनाफा 899 करोड़ रुपए हुआ

**मुंबई।** महिंद्रा फाइनेंस ने 30 जून 2026 को समाप्त पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का स्टैंडअलोन प्रॉफिट आफ्टर टैक्स सालाना आधार पर 70 फीसदी बढ़कर 899 करोड़ रहा, जबकि कुल आय 12फीसदी बढ़कर 4,974 करोड़ हो गई। कंपनी की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां 13 फीसदी बढ़कर 1,37,449 करोड़ पहुंच गईं। तिमाही के दौरान रिकॉर्ड 15,564 करोड़ रुपए का वितरण किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 22फीसदी अधिक है।समेकित आधार पर कंपनी की कुल आय 14फीसदी बढ़कर5,725 करोड़ रही, जबकि शुद्ध 75फीसदी की वृद्धि के साथ 927 करोड़ दर्ज किया गया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**
Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्रं./2102/ न.पा.नि./लो.नि.शाखा/2026 बीरगांव, दिनांक 20/07/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
e-Procurement Tender Notice (1st Call)

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनान्तर्गत वार्ड क्रं. 16 उरकुरा के वार्ड क्रं. 16 में सर्व सुविधायुक्त मल्टी स्पोर्टस कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य (निविदा राशि रू. 420.49) लाख के लिए System Tender No 195811 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Following work as per schedule of rates for Road works issued by Engineer-In-Chief PWD Raipur in force from 15.06.2026, Building S.O.R. in force from 10.06.2026, ELECTRICAL S.O.R 10.06.2026, and amendments applicable upto date of issue of NIT.] से प्रचलित एस. ओ. आर. में प्रतिशत दर पर (System Tender 195811, Bid Start Date 20.07.2026, Bid Due date. 11.08.2026, Physical Submission Last Date 17.08.2026, Open Date 18.08.2026) तक ई - निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्तें, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/ प्राप्त कर ईटेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

"जय भारत जय छत्तीसगढ़"
"Say No To Plastic Bags, Save Earth"
"जल है तो कल है" "Use e-mail Save Tree"

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)



**संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण**
छठवीं मंजिल, विन्ध्यांचल भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल (Email:midhhorti@mp.gov.in)

**विज्ञप्ति प्रारूप**

संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण अंतर्गत संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एकीबावि) योजना वर्ष 2026-27 में स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना अनुसार विभिन्न घटकों में अनुदान सहायता दिये जाने का प्रावधान है। विवरण निम्नानुसार है-

**एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) योजना वर्ष 2026-27**

| क्र. | घटक का नाम |
|---|---|
| 1 | रोपण सामग्री अधोसंरचना विकास |
| 1.1 | बड़ी नर्सरी (1 to 2 ha) निजी क्षेत्र |
| 1.2 | टिशू कल्चर इकाई की स्थापाना (निजी क्षेत्र) |
| 2 | नवीन बगीचों की स्थापना-स्ट्राबेरी, ड्रेगन फ्रूट, केला, एवोकडो, ब्लूबेरी, पपीता, आम, अमरूद, लीची, अनार, नींबू वर्गीय आदि |
| 3 | सब्जी क्षेत्र विस्तार - हाईब्रिड सब्जियां, प्याज (ओपन पॉलीनेटेड) एवं अन्य सब्जी फसलें (ओपन पॉलीनेटेड) |
| 4 | पुष्प क्षेत्र विस्तार - कट फ्लावर, कंदीय फ्लावर एवं खुले पुष्प |
| 5 | मसाला - क्षेत्र विस्तार बीजीय एवं कंदीय मसाला |
| 6 | औषधीय फसल क्षेत्र विस्तार-मुलेठी, सतावर, कलिहारी, सफेद मूसली, ब्रम्ही अश्वगंधा, पीपली आदि |
| 7 | मशरूम - उत्पादन इकाई, स्पान उत्पादन इकाई, कम्पोस्ट उत्पादन इकाई |
| 8 | जीर्णोद्वार/जीर्ण वृक्षारोपण का प्रतिस्थापन, कैनोपी प्रबंधन |
| 8.1 | मृत / पुराने पौधों का हटाना |
| 8.2 | टॉप वर्किंग एवं नए पौधे के साथ गैप फिलिंग |
| 8.3 | पोषक तत्व प्रबंधन, कीट प्रबंधन और सिंचाई कार्य |
| 9 | संरक्षित खेती - पॉली हाउस, शेडनेट हाउस, प्लास्टिक टनल, पॉली / शेडनेट हाउस के अंदर उच्च गुणवत्ता वाले फल, सब्जी एवं फूलों की खेती, प्लास्टिक मल्चिंग, हाइड्रोपोनिक्स एवं एरोपोनिक्स सकुर्लेशन पंखे, सपोर्ट सिस्टम, फेंसिंग, फ्रूट / बंच कवर, वीड मैट। |
| 10 | जैविक खेती एडॉप्शन ऑफ आर्गेनिक फार्मिंग, आर्गेनिक सर्टिफिकेशन, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट (स्थाई ढांचा), वर्मीबेंड (HDPE), एडॉप्शन एंड सर्टिफिकेशन फॉर गुड एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज (गैप) |
| 11 | बागवानी यंत्रीकरण - ट्रेक्टर (upto 20 PTO HP), पॉवर टिलर ( upto 8 BHP), पॉवर नेपसेक स्प्रेयर |
| 12 | फसलोत्तर प्रबंधन (PHM)- फार्म गेट पैक हाउस, इंटीग्रेटेड पैक हाउस, कलेक्शन एग्रीगेशन सेंटर, प्री- कूलिंग यूनिट, मोबाइल प्री-कूलिंग यूनिट, कोल्ड रूम (स्टेजिंग), सोलर पावर कोल्ड रूम, कोल्ड स्टोरेज टाईप - 1, नॉन प्रेशराइज्ड राइपनिंग चैम्बर, लो-कॉस्ट अनियन / गार्लिक स्टोरेज स्ट्रक्चर |
| 13 | धरती आबा प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत FRA पट्टा भूमि धारक आदिवासी परिवार शेडनेट हाउस एवं प्लांटिंग मटेरियल (सब्जी) |

नोट- इच्छुक हितग्राही/कृषक/उद्यमी विभागीय MPFSTS पोर्टल पर पंजीयन/आवेदन कर योजनान्तर्गत उक्त घटकों के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर कार्यालय उप / सहायक संचालक उद्यान एवं विकासखण्ड स्तर पर कार्यालय वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी एवं ग्राम स्तर पर ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर सकते है। "स्वच्छता ही सेवा" G-16001/26



**कार्यालय नगरपालिका परिषद, बालाघाट (म.प्र.) 481001**
दूरभाष/फेक्स क्रमांक 07632-241318/247101 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in/cmo.bgt@gmail.com

क्रं./एफ-/उद्यान/2026/5098 बालाघाट, दि. 21/07/2026

**//निविदा सूचना//**

नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा योग्य निविदाकारों से निम्न तालिका में दर्शायें कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिसका विवरण वेबसाईट mptender.gov.in पर देखा जा सकता हैं। आमंत्रित निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं-

| ऑनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_ 523438_1 | वृक्षारोपण कार्य हेतु पौधे प्रदाय करने हेतु | 1000000=00 | 10000=00 | 2000=00 | 15 दिवस |

नोट : निविदा से संबंधित समस्त जानकरी एवं निविदा शर्ते ऑनलाईन पोर्टल www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती हैं एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता हैं। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद बालाघाट



**कार्यालय नगरपालिका परिषद, बालाघाट (म.प्र.) 481001**
दूरभाष/फेक्स क्रमांक 07632-241318/247101 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in/cmo.bgt@gmail.com

क्रं./एफ-/उद्यान/2026/5100 बालाघाट, दि. 21/07/2026

**//निविदा सूचना//**

नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा योग्य निविदाकारों से निम्न तालिका में दर्शायें कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिसका विवरण वेबसाईट mptender.gov.in पर देखा जा सकता हैं। आमंत्रित निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं-

| ऑनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_ 523459_1 | उद्यानिकी कार्य हेतु सजावटी पौधे आदी प्रदान करने हेतु | 1000000=00 | 10000=00 | 2000=00 | 15 दिवस |

नोट : निविदा से संबंधित समस्त जानकरी एवं निविदा शर्ते ऑनलाईन पोर्टल www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती हैं एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता हैं। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद बालाघाट



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro-399 Date-22/07/2026 ID 2026_UAD_523226_1 | मुख्यालय अंतर्गत राजस्व विभाग में एल्यूमिनियम पॉर्टीशन कार्य, टीनशेड, टॉयलेट रिपेयरिंग, प्लास्टर रिपेयरिंग कार्य, पुताई पुट्टी कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्य। | 02 माह<br>7.76 | 2,000/-<br>7765/- | 29/07/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिवनी (म. प्र.)**

क्रमांक/3083/रा.शा./न.पा.प./2026 सिवनी दिनांक 22/07/2026

**पंचम ई निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा निम्न तालिका अनुसार अस्थाई दखल फीस वित्तीय वर्ष 2026-27 (225 दिवस के लिए) हेतु वसूली के अधिकारो का हस्तांतरण करने के लिए लम्पसम दर ( उच्चत्तम दर आधार पर ) ई - निविदा ऑनलाईन बेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर आमंत्रित की जाती है। निविदाये निर्धारित तिथि (की - डेट) के अनुसार खोली जावेगी।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक | ठेके का नाम | सरकारी बोली | निविदा प्रपत्र शुल्क EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD _488538_5 | अस्थाई दखल फीस वसूली | 21,71,020 | 5000<br>16300 | 29/07/2026 |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, सिवनी



**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल, बालाघाट म.प्र.**

क्रमांक/03/निर्वाह/2026 **ई-निविदा-सूचना (तृतीय आमंत्रण)** बालाघाट, दिनांक 19/07/26

पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो की ओर से जिला जेल, बालाघाट में स्थापित इलेक्ट्रिक फेंसिंग एवं उपकरणों के रख रखाव तथा मरम्मत की सेंवाऐं उपलब्ध करवाने हेतु ए.एम.सी. के लिए वर्ष 2026-27 हेतु तृतीय बार ई-निविदा बेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म की कीमत रू. 500 / - फार्म ऑनलाईन वेवसाईट https://mptenders.gov.in से प्राप्त कर शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में ऑनलाईन जमाकर विज्ञाप्ति जारी दिनांक से दिनांक 10.08.2026 तक आवश्यक पूर्तियां कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा संबंधी ऑनलाईन निविदा शर्तो के अनुसार मांगे गये समस्त दस्तावेज ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in दिनांक 10.08.2026 को शाम 05:30 बजे तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा का कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| Publishing Date | दिनांक 21.07.2026 शाम 04:00 बजे से | https://mptenders.gov.in/nicgep/app |
| Document Download/Sale Start Date | दिनांक 21.07.2026 सांयकाल 05:00 बजे से | --------------------"-------------------- |
| PreBid Meeting Date | दिनांक 03.08.2026 को प्रात: 11:00 | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट |
| Bid Submission Start Date | दिनांक 21.07.2026 को संध्या: 05:30 से | https://mptenders.gov.in/nicgep/app |
| Bid Submission Closing Date | दिनांक 10.08.2026 को शाम: 05:30 तक | --------------------"-------------------- |
| Bid Opening Date | दिनांक 18.08.2026 को प्रात: 11:30 | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट |

निविदा फार्म, नियम व शर्ते तथा इन निविदा संबंधी अन्य विवरण https://mptenders.gov.in के पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

जेल अधीक्षक
G-16018/26 "स्वच्छता ही सेवा" जिला जेल, बालाघाट (म.प्र.)



**कार्यालय नगरपालिका परिषद, बालाघाट (म.प्र.) 481001**
दूरभाष/फेक्स क्रमांक 07632-241318/247101 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in/cmo.bgt@gmail.com

क्रं./एफ-/उद्यान/2026/5102 बालाघाट, दि. 21/07/2026

**//निविदा सूचना//**

नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा योग्य निविदाकारों से निम्न तालिका में दर्शायें कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिसका विवरण वेबसाईट mptender.gov.in पर देखा जा सकता हैं। आमंत्रित निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं-

| ऑनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_ 523453_1 | उद्यानिकी कार्य हेतु कारपेट ग्रास ड्रेसिंग एवं लगवाई सहित कार्य | 1000000=00 | 10000=00 | 2000=00 | 15 दिवस |

नोट : निविदा से संबंधित समस्त जानकरी एवं निविदा शर्ते ऑनलाईन पोर्टल www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती हैं एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता हैं। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद बालाघाट


## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

## शब्द पहेली - 6295



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 6294 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | ह | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6305

सरल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6304 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |


हेल्थ क्वेस्ट
**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## हाई बीपी की वजह से जब महसूस हो सिरदर्द



**मेरी उम्र 43 वर्ष है। हाल ही में मुझे हाई बीपी की समस्या का पता चला। अकसर सिरदर्द और चक्कर महसूस होता है। कृपया बताएं मुझे कौन सी दवा और कैसी डाइट लेनी चाहिए?**

**-शेखर, बिलासपुर**

आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे एक हफ्ते तक बीपी मॉनिटर करेंगे। आपका बीपी कब बढ़ता है, किस समय ज्यादा होता है, इसका पता करेंगे। इसके बाद वह दवा डिसाइड करेंगे। बिना जांच के कोई भी बीपी की दवा खाना ठीक नहीं रहेगा। इसलिए डॉक्टर पूरा मॉनिटर करने के बाद ही दवा सजेस्ट करेंगे। उसे आपको रेग्युलर खाना होगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी स्किन पर लाल-लाल दाने और रैशेज हो जाते हैं। इनमें ईचिंग होती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जितेश, जांजगीर चांपा**

आपने यह नहीं बताया कि ये दाने पानी वाले हैं या सूखे? क्योंकि दोनों तरह के दाने का कारण अलग-अलग होते हैं। फिलहाल आप इन दानों को नाखून से खुजलाएं नहीं और इन पर नारियल का तेल लगाएं। अगर ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं। फिलहाल कोई भी एंटी एलर्जी दवा आप ना लें।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। इससे चलने-फिरने में काफी दिक्कत होती है। कृपया बताएं कि इससे कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, महासमुंद**

क्या आपके पैर बरसाती पानी में अधिक रहते हैं? क्योंकि कई बार इस पानी में गंदगी मिली होती है, जिससे पैरों में इंफेक्शन हो जाता है। अगर ऐसा है तो आप घर आकर पैरों को साबुन से धोएं और ठीक तरीके से पोंछें। अगर संभव हो तो डिसइंफेक्टेंट मिले पानी से धुलें और फिर उस के बाद सुखाकर नारियल तेल भी लगा सकते हैं। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ माह पहले किडनी में स्टोन का ऑप्रेशन हुआ था। कुछ दिनों से उसी स्थान पर दर्द हो रहा है। प्लीज बताएं अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मुकेश, भोपाल**

आपको डॉक्टर से संपर्क कर एक अल्ट्रासाउंड कर लेना चाहिए। अगर आपका ऑप्रेशन हो चुका है तो स्टोन के दर्द की संभावना बहुत कम है। हो सकता है कि इंफेक्शन की वजह से यह समस्या आ रही हो, लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है।

**मेरी उम्र 50 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे सर्दी-खांसी की समस्या लगातार बनी हुई है। कफ-सिरप और दवाइयां भी कुछ खास असर नहीं कर रहीं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कमलेश, जींद**

आप बता रहे हैं कि खांसी लंबे समय से आ रही है तो आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए। वैसे भी 2 सप्ताह से अधिक खांसी होने पर टीबी की जांच जरूर करा लेनी चाहिए। मौजूदा मौसम में वायरल इंफेक्शन भी हो जाता है, जिससे खांसी आती है। लेकिन आप फिलहाल फ्रिज में रखी चीज और ठंडा पानी पीना बिल्कुल बंद कर दें। बाजार का पानी भी न पिएं। इसके बाद भी राहत नहीं मिलती तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी अस्थमा की समस्या बढ़ जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्या करूं, जिससे इस बरसात के मौसम में स्वस्थ रह सकूं।**

**-रत्नेश्वर, जबलपुर**

आपको घर से निकलते समय मुंह और नाक पर मास्क लगा लेना चाहिए। साथ ही जब तेज हवा या आंधी चले तो कोशिश करें घर के अंदर रहें, क्योंकि अस्थमा रोगियों को धूल से दिक्कत हो जाती है। इस तरह बचाव करके ही आपको राहत मिलेगी। लेकिन ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो डॉक्टर से संपर्क कर आप इनहेलर या कोई दवा लिखवा सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित करना और इस बीमारी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को रोकना है।

### कैसे फैलता है हेपेटाइटिस

हेपेटाइटिस रोग और इसके होने के कारणों के बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर के कंसल्टेंट-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, **डॉ. सचिन एच. जे.** बताते हैं कि हेपेटाइटिस एक वायरल संक्रमण है, जिसमें लिवर (यकृत) में सूजन आ जाती है। यह मुख्य रूप से हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई वायरस के कारण होता है। इनमें हेपेटाइटिस ए और ई आमतौर पर दूषित भोजन और पानी के सेवन से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध तथा संक्रमित मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। वहीं, हेपेटाइटिस डी केवल उन लोगों में होता है जो पहले से हेपेटाइटिस बी से संक्रमित होते हैं। संक्रमण के प्रकार के अनुसार बीमारी कुछ मामलों में कुछ सप्ताह में ठीक हो सकती है, जबकि कई मामलों में यह लंबे समय तक लिवर को नुकसान पहुंचाकर गंभीर रूप ले सकती है।

### लापरवाही हो सकती है खतरनाक

हेपेटाइटिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें लिवर में सूजन आ जाती है। यदि समय रहते इसका इलाज न कराया जाए तो यह लिवर सिरोसिस, लिवर फेलियर और लिवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है।

### नहीं दिखते स्पष्ट लक्षण

हेपेटाइटिस रोग होने पर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरुआती चरण में अकसर इसके कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। यही वजह है कि कई लोग वर्षों तक इस संक्रमण के साथ सामान्य जीवन जीते रहते हैं और उन्हें पता ही नहीं चलता कि उनका लिवर धीरे-धीरे प्रभावित हो रहा है। जब तक लक्षण सामने आते हैं, तब तक बीमारी कई बार गंभीर अवस्था में पहुंच चुकी होती है। इसलिए हेपेटाइटिस के सामान्य लक्षणों के बारे में सजग रहना बहुत जरूरी है।

### हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण

हेपेटाइटिस के लक्षण अलग-अलग रोगियों में अलग तरह के हो सकते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में बिना कोई परिश्रम किए लगातार थकान महसूस होना, भूख कम लगना, मितली, उल्टी, लंबे समय तक हल्का बुखार बने रहना, पेट के दाईं ओर दर्द, आंखों और त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया), गहरे रंग का पेशाब आना, हल्के रंग का मल तथा शरीर में कमजोरी शामिल हो सकती है। ऐसे किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर बिना देरी किए डॉक्टर से परामर्श लेकर आवश्यक जांच करानी चाहिए। इसमें लापरवाही बरतना जान लेवा हो सकता है।

स्पेशलः वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, 28 जुलाई

हेपेटाइटिस, लिवर यानी यकृत में होने वाला गंभीर वायरल संक्रमण है। अलग-अलग कारणों, लक्षणों और गंभीरता के स्तर पर इसके कई प्रकार होते हैं। इन सभी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव है लेकिन इसके लिए समय रहते हेपेटाइटिस की पहचान होना जरूरी है। इसलिए यहां डिटेल में हेपेटाइटिस के कारणों, उसके लक्षणों और इससे बचने के उपायों के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं।

## हेपेटाइटिस समय पर पहचान से पॉसिबल है प्रॉपर ट्रीटमेंट








### टीकाकरण-इलाज से बचाव संभव

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय**, हेपेटाइटिस से बचाव के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपायों के बारे में बताते हैं। उनके अनुसार, 'हेपेटाइटिस बी का सुरक्षित और प्रभावी टीका उपलब्ध है, इसलिए नवजात शिशुओं से लेकर जोखिम वाले वयस्कों तक सभी को डॉक्टर की सलाह के अनुसार टीकाकरण कराना चाहिए। साफ और सुरक्षित पानी का ही सेवन करें, भोजन की स्वच्छता का ध्यान रखें, केवल नई और स्टेराइल सुई का इस्तेमाल करें। बिना जांचे हुए रक्त कभी ट्रांसफ्यूज न करवाएं। हमेशा सुरक्षित यौन संबंध अपनाएं। टैटू या पियर्सिंग हमेशा प्रमाणित केंद्रों पर ही कराएं। यानी जहां पर हाइजीन और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी या सी का खतरा है या परिवार में किसी को यह संक्रमण है, तो समय पर ब्लड टेस्ट कराना बेहद जरूरी है। आज हेपेटाइटिस बी को दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है और हेपेटाइटिस सी का आधुनिक एंटीवायरल दवाओं से अधिकांश मामलों में सफल इलाज संभव है। इसलिए समय पर जांच और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।'



### सबसे जरूरी है जागरूकता

हेपेटाइटिस के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार जागरूकता, समय पर जांच, टीकाकरण और सही इलाज है। इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कई लोगों में लंबे समय तक कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे संक्रमण का पता देर से चलता है। ऐसे में जोखिम वाले लोगों को नियमित जांच करानी चाहिए और लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### इन उपायों से होगा बचाव

हेपेटाइटिस से बचाने के लिए आप अपने दैनिक जीवनचर्या में यहां बताई जा रही बातों को अमल में लाकर सुरक्षित रह सकते हैं।

- हमेशा स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली को अपनाएं।
- स्वच्छ, ताजे और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। हमेशा स्वच्छ और संक्रमणमुक्त पानी ही पिएं। सबसे ज्यादा संक्रमण पानी से ही होता है इसलिए आरओ का पानी या फिल्टर किया हुआ पानी या फिर अच्छी तरह उबाले गए पानी को ही ठंडा कर पीना चाहिए।
- जब भी इंजेक्शन लगवाना हो तो केवल स्टेराइल सुई या डिस्पोजेबल नीडिल का ही का उपयोग करना चाहिए।
- संक्रमित रक्त से बचाव भी जरूरी है। इसलिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन से पहले जरूरी सावधानी बरतें। परीक्षित रक्त ही ट्रांसफ्यूज करवाएं।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना चाहिए क्योंकि इसका संक्रमण रोगी के संपर्क में आने से फैल सकता है।

ये सभी उपाय संक्रमण रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि हर व्यक्ति अपने लिवर के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे और समय रहते सही कदम उठाए, तो हेपेटाइटिस से होने वाली अधिकांश गंभीर जटिलताओं और मौतों को रोका

सीजनल केयर
निकिता चौहान

## आयुर्वेदिक काढ़े से बढ़ेगी इम्यूनिटी

मानसून के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहता है। इस कारण कुछ लोगों को जुकाम, खांसी, स्किन पर रैशेज, दाने, लूजमोशम, बुखार आदि समस्याएं होने लगती हैं। ऐसा उन लोगों के साथ ज्यादा होता है, जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी थोड़ी वीक होती है। इसलिए यहां आपको कुछ ऐसी जड़ी-बूटियों के बारे में बता रहे हैं, जिनका काढ़ा आप घर में ही आसानी से बनाकर पी सकते हैं, इससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।

**गिलोयः** गिलोय की तासीर एंटी-पायरेटिक होती है, जो शरीर की गर्मी को खत्म करती है और कई बीमारियों से राहत दिलाता है जैसे डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार आदि में गिलोय का काढ़ा राहत प्रदान करता है।



**अश्वगंधाः** अश्वगंधा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो मानसून में होने वाले वायरल इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं।

**चिरायताः** बारिश के मौसम में पेट का संक्रमण बढ़ जाता है। जिस कारण एसिडिटी और लूज मोशन होने लगते हैं। चिरायता में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं, जो हमारे पेट के संक्रमण को कम करने में मदद करते हैं।

**मुलेठीः** मानसून में उमस के करण शरीर पर चिपचिपाहट बढ़ जाती है, जिस वजह से रैशेज और खुजली होती है। मुलेठी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है।

**सोंठः** बारिश के मौसम में पेट खराब होने के साथ, जुकाम, खांसी और बुखार आदि के मामले बढ़ जाते हैं। सोंठ में एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। इसका काढ़ा पीने से मानसून में होने वाली बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है।

**मोथा घासः** मोथा घास को आयुर्वेद में बेहद लाभकारी माना गया है। यह मानसून सीजन में होने वाली खांसी, जुकाम, बुखार और स्किन से जुड़ी समस्यायों से राहत प्रदान करता है।

**आमलकीः** आमलकी में विटामिन-सी खूब पाया जाता हैं, जो मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव करता है।

**बनाने का तरीकाः** यहां बताई गई सभी जड़ी-बूटियों को 30-30 ग्राम लें। सिर्फ सोंठ को 20 ग्राम ही लें। सभी को रात में पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद सुबह सभी जड़ी बूटियों को पानी में डालकर तेज आंच पर गर्म कर लें। अब काढ़ा तैयार है। फिर इसको हल्का ठंडा होने के बाद आधा गिलास सुबह और आधा गिलास शाम को पिएं। यह काढ़ा इस मौसम में रोगों से बचाव में बहुत उपयोगी है। लेकिन बेहतर होगा कि अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ही इस काढ़े का सेवन करें। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. श्रेय शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

डिजीज
अंशु सिंह

सीआरपीएस एक असामान्य लेकिन बहुत पीड़ादायक समस्या है। यह वास्तव में नर्व्स से जुड़ी समस्या है। ऐसे में इसके लक्षणों को पहचानकर सही उपचार से ही रोगी को राहत मिल सकती है। इस बारे में विस्तार से जानिए।

## सीआरपीएस यह दर्द सहा न जाए

कहते हैं कि ज्यादातर दर्द कोई न कोई संदेश देता है। यह आपके शरीर की चोट के बारे में बताता है, आराम करने के लिए प्रेरित करता है। चोट ठीक होने पर धीरे-धीरे कम हो जाता है। लेकिन कुछ लोगों में दर्द लंबे समय तक बना रहता है। कई बार तेज हो जाता है। मूल चोट के ठीक हो जाने के काफी समय बाद अपनी ही एक अलग स्थिति बना लेता है। इसे ही 'कॉम्प्लेक्स रीजनल पेन सिंड्रोम' या सीआरपीएस कहते हैं, जो व्यक्ति की चाल-ढाल, संवेदना, त्वचा और जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित करती है। हाल ही में अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह के बेटे आयुष्मान सेठी ने इंस्टाग्राम रील में मां की हिम्मत की तारीफ की कि कैसे साल 2025 में कलाई में चोट लगने के बाद उन्हें सीआरपीएस हो गया था। फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के सेट पर चोट लगने के बाद हुई इस बीमारी ने अर्चना के हाथ पर स्थाई असर डाला।

**क्या है सीआरपीएसः** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ के अध्ययन के अनुसार, सीआरपीएस एक लंबे समय तक रहने वाली न्यूरोपैथिक दर्द की बीमारी है, जिसमें चोट लगने के बाद होने वाले सामान्य दर्द की तुलना में दर्द बहुत ज्यादा रहता है। वह लंबे समय तक बना रहता है। यह दर्द को आमतौर पर जलन, चुभन या धड़कन जैसा होता है। कलाई टूटने, सर्जरी के दौरान लगे कट या मामूली मोच जैसी चीजों से शुरू होने वाली यह समस्या आगे चलकर पूरे शरीर में होने वाले गंभीर दर्द में बदल सकती है। यह दो प्रकार के होते हैं। टाइप 1, बिना किसी नर्व इंजरी के होता है जबकि टाइप 2, नर्व डैमेज की पुष्टि होने के बाद होता है।



**समस्या का मूल कारणः** सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट **डॉ. विशाल** के अनुसार, सीआरपीएस एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल दर्द की स्थिति है, जिसमें किसी एक अंग, हाथ या पैर, चोट, फ्रैक्चर, सर्जरी या यहां तक कि मामूली आघात के बाद लॉन्ग पीरियड फंक्शनल और सेंसरी परिवर्तन विकसित करता है। यह कहीं से हड्डियों या मांसपेशियों को होने वाली क्षति की वजह से नहीं, बल्कि दर्द संकेतों की सही व्याख्या करने में तंत्रिका तंत्र की विफलता के कारण होता है। इस स्थिति में, मूल चोट ठीक होने के बाद भी मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी दर्द संदेश प्रसारित करना जारी रखते हैं। इससे लंबे समय तक दर्द, कठोरता, सूजन और गति में विकृति आती है। मोटर और ऑटोनॉमिक गड़बड़ियां होने से त्वचा का रंग बदलना, तापमान में बदलाव, सूजन, पसीना आना, अकड़न, कमजोरी और संवेदना में बदलाव आम है।

**सीआरपीएस के लक्षणः** जलन या चीरने जैसा दर्द, जो लगातार या रुक-रुक कर होता है। ऐसी चीजों से दर्द होना, जिनसे आमतौर पर दर्द नहीं होना चाहिए, जैसे हल्का छूना, हल्की हवा या तापमान में बदलाव। ऐसी चीजों पर बहुत ज्यादा दर्द महसूस होना, जिनसे आमतौर पर सिर्फ हल्की तकलीफ होती है, जैसे सुई चुभना। प्रभावित अंग पर धब्बे दिख सकते हैं। वह लाल, नीला, पीला या बैंगनी हो सकते हैं। प्रभावित हिस्से में सूजन (एडिमा) आ-जा सकती है या बनी रह सकती है। त्वचा चमकदार और पतली हो सकती है या उस पर बहुत ज्यादा पसीना आ सकता है। प्रभावित अंग को हिलाने की क्षमता कम होना, अकड़न बढ़ना, कंपन या मांसपेशियों में ऐंठन होना।

**क्या है समाधानः** जहां तक सीआरपीएस के उपचार का सवाल है, तो इसमें दर्द कम करने और शरीर की हलचल बनाए रखने पर ध्यान दिया जाता है। इसके लिए फिजियोथेरेपी, नसों के दर्द की दवाएं और कुछ खास मामलों में दर्द कम करने वाले इंटरवेंशनल प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। डॉ. विशाल का कहना है कि मेंटल सपोर्ट भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि लंबे समय तक रहने वाला दर्द मानसिक रूप से बहुत परेशान करता है। हालांकि सीआरपीएस जानलेवा नहीं है, लेकिन यह जिंदगी अवश्य बदल सकता है। इसलिए बीमारी की गंभीरता के बारे में जानकारी होना जरूरी है, ताकि मरीज समय पर इलाज करवा सके। उसे कभी भी नजरअंदाज न करें। *



# टॉप-5 की जंग में भारत, मुक्केबाजी-एथलेटिक्स से पदकों की आस

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

*भारत के लिए पिछले दो दशक से राष्ट्रमंडल खेलों में शीर्ष पांच में रहने का सिलसिला कायम रखना इस बार स्पर्धाओं में कटौती के कारण मुश्किल हो सकता है लेकिन मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और एथलेटिक्स में अच्छे पदक आने की उम्मीदें है। पिछले तीन दशक में यह सबसे छोटे राष्ट्रमंडल खेल हैं, जिनमें लागत में कटौती के कारण चार स्थानों पर सिर्फ दस खेलों की स्पर्धाएं होंगी और 74 देशों के करीब 3 हजार खिलाड़ी जोर आजमाइश करेंगे। ओवो हाइड्रो पर गुरुवार को उद्घाटन समारोह के जरिए इन खेलों की औपचारिक शुरुआत होगी। इनमें से छह खेलों में पैरा खेलों की स्पर्धाएं भी साथ में होंगी।*

### 2002 के बाद भारत रहा शीर्ष पांच में

भारत मैनचेस्टर में 2002 राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से हर बार शीर्ष पांच में रहा है। इस बार हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और निशानेबाजी के नहीं होने से यह कर पाना मुश्किल लग रहा है। बर्मिंघम में इन्हीं खेलों में भारत के 61 में से लगभग आधे पदक आए थे। ऐसे में अब एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन पर जिम्मेदार आन पड़ी है।

**आज से कॉमनवेल्थ गेम्स, 74 देशों के 3 हजार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**



### भारोत्तोलन में नजरें मीराबाई चानू पर

भारोत्तोलन में नजरें ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू पर लगी होंगी। मणिपुर की 31 वर्ष की चानू पिछले दो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। भारोत्तोलन में भारत के 11 खिलाड़ी ही भाग लेंगे क्योंकि राष्ट्रीय शिविर में कई खिलाड़ी डोप टेस्ट में नाकाम हुए हैं, जिससे भारत की पदक की उम्मीदें कम हो गई हैं। मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) राष्ट्रमंडल खेलों में पहला पदक जीतना चाहेंगी। वहीं 57 किलो में विश्व चैंपियन जैसमीन लंबोरिया बर्मिंघम में जीते कांसे को स्वर्ण में बदलने को उत्सुक होंगी।

### एथलेटिक्स में भारत के 32 खिलाड़ी करेंगे जोरआजमाइश

भारत ने एथलेटिक्स में 32 सदस्यीय दल उतारा है जो 22 पदक स्पर्धाओं में भाग लेगा। इसकी अगुवाई दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा करेंगे। वह इस बार पदक के प्रबल दावेदार के रूप में नहीं बल्कि चैलेंजर के रूप में उतरेंगे। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पुरुषों के भालाफेंक में प्रबल दावेदार हैं, जिन्होंने पिछले महीने रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का थ्रो फेंककर सनसनी फैला दी थी। पेरिस ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम भी दौड़ में हैं लेकिन चोपड़ा भी दावेदारों में से है।

### एशियाई खेलों का इंतजार कर रहा हूं : कुजूर



अनिमेष कुजूर को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि भारत के सबसे तेज धावक का तमगा अब गुरिंदरवीर सिंह के पास चला गया है, बल्कि 200 मीटर दौड़ का यह राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी चाहता है कि आगामी राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में उनका प्रदर्शन ही सब कुछ बयां करे। इस साल की शुरुआत में ओडिशा में गुरिंदरवीर ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके बाद कुजूर से अक्सर यह पूछा जाता रहा है कि क्या वह यह खिताब वापस हासिल करेंगे। जब कुजूर से भारत के सबसे तेज धावक का तमगा वापस पाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'बस एशियाई खेलों का इंतजार कर रहा हूं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, बस एशियाई खेलों तक इंतजार कीजिए। फिर हम दोबारा बात करेंगे।'

## खबर संक्षेप

### यॉर्कशर के लिए खेलेंगे कुलदीप यादव



**लीड्स।** भारत की एकादश में बार-बार अनदेखी किए जाने के बाद बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने शीर्ष इंग्लिश काउंटी टीम यॉर्कशर के लिए मौजूदा सत्र में 8 मैच खेलने का करार किया। यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब ने अपनी वेबसाइट पर घोषणा की, 'यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब को भारतीय अंतरराष्ट्रीय स्पिनर कुलदीप यादव के साथ विदेशी खिलाड़ी के तौर पर करार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

### अपने गांव में मुक्केबाजी अकादमी खोलेंगे विजेंदर



**नई दिल्ली।** पूर्व दिग्गज मुक्केबाज विजेंदर सिंह अब हरियाणा में अपने पैतृक गांव में एक ट्रेनिंग अकादमी बनाकर कोचिंग की दुनिया में कदम रखना चाहते हैं और उन्होंने इस परियोजना के लिए खेल मंत्रालय से मदद मांगी है ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले पूर्व मुक्केबाज ने कहा कि उनका प्रस्ताव मंत्रालय के पास है मंत्रालय 'राष्ट्रीय खेल विकास कोष' के जरिए मदद देने का फैसला करने से पहले प्रस्ताव की बारीकी से जांच कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हां, मैं अपनी मुक्केबाजी अकादमी खोलने की योजना बना रहा हूं।

### वनडे कप्तानी हटे शाहिदी खेलेंगे आयरलैंड सीरीज



**काबुल।** अनुभवी बल्लेबाज हशमतुल्लाह शाहिदी ने अफगानिस्तान की वनडे टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है लेकिन वह बतौर खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे। 31 वर्ष के शाहिदी 2022 की शुरुआत में वनडे टीम के कप्तान बने थे और 2023 वनडे विश्व कप तथा 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के कप्तान रहे। वह अफगानिस्तान की टेस्ट टीम के भी कप्तान हैं। आज मैं पूरे सम्मान और सहमति से निजी कारणों की वजह से अपनी टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे रहा हूं।

**3 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच आज शाम 4.30 बजे से**

# दबाव में 'कप्तान' अय्यर, जिम्बाब्वे के खिलाफ पहली जीत की तलाश

**अय्यर के पास टीम को जीत की राह पर लौटाने का सुनहरा मौका**

एजेंसी ▶▶| हरारे

श्रेयस अय्यर बतौर कप्तान पहली जीत दर्ज करने को बेताब होंगे जब उनकी युवा भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में गुरुवार को उतरेगी।

कप्तान के रूप में पहले सात टी20 मैचों में से आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ छह गंवा चुके अय्यर के पास टीम को जीत की राह पर लौटाने का यह सुनहरा मौका है। जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत अपेक्षित है लेकिन अगर हार गए तो उस ड्रेसिंग रूम की हालत का अनुमान ही लगाया जा सकता है, जिसमें 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी भी हैं।

### एक बार फिर नजरें सूर्यवंशी पर

भारत ने इस दौरे के लिए वीवीएस लक्ष्मण को कोच के रूप में भेजा है, जिनकी शख्सियत आक्रामक कोच गौतम गंभीर से एकदम उलट है। ऐसा नहीं है कि गंभीर जीतना नहीं चाहेंगे लेकिन अंतिम एकादश के साथ प्रयोग करने की उनकी आदत गंभीर की तुलना में कम है। एक बार फिर नजरें 'वंडर ब्वॉय' सूर्यवंशी पर होंगी, जो अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करेंगे क्योंकि संजू सैमसन को टीम में जगह नहीं मिली है।

### गेंदबाजों का चुनाव भारत की चुनौती

भारत के सामने असली चुनौती हर्ष दुबे, शिवम दुबे और सूर्यांश शेडगे में से एक को चुनने की है। तीनों में से कोई भी शुद्ध हरफनमौला नहीं है। ऐसे में तीनों को भी उतारा जा सकता है। शिवम को सीम और स्विंग गेंदबाजी के सामने बतौर बल्लेबाज परेशानी आई है। लेकिन उन्हें दो टी20 विश्व कप जीतने का अनुभव है। वहीं शेडगे की गेंदबाजी अपेक्षा के अनुरूप नहीं है तो हर्ष अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं।



मैच का समय : शाम 4.30 बजे

### टीमें इस प्रकार

*भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान ), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, यश ठाकुर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अशोक शर्मा, रवि बिश्नोई, प्रभसिमरन सिंह, रिंकू सिंह।*

*जिम्बाब्वे : सिकंदर यादव (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रियान बर्ल, तनाका शिवांगा, बेन कुरेन, ब्राड इवांस, वेसले माधेवेरे, टी. मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डियोन मायर्स , रिचर्ड एनगारवा, न्यूमैन एन, मिल्टन शुम्बा, टी. सिगा।*

### उतार-चढ़ाव के बाद भी मेरा आत्मविश्वास बरकरार: वैभव

वैभव सूर्यवंशी ने स्वीकार किया कि पिछले चार महीनों में उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए हैं लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले उनका आत्मविश्वास पूरी तरह कायम है। 15 वर्षीय सूर्यवंशी को भारत के आयरलैंड और इंग्लैंड टी20 दौरे में शामिल किया गया। सूर्यवंशी ने कहा, 'हां, पिछले चार महीनों में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। यह क्रिकेट का हिस्सा है और ऐसा आगे भी होता रहेगा। लेकिन मुझे अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखना है और टीम के लिए अपना शत प्रतिशत देना है।' उन्होंने स्वीकार किया कि कम उम्र में ऐसी निराशाओं से उबरना आसान नहीं होता, लेकिन उन्हें अपने आसपास के लोगों और कोचिंग स्टाफ से पूरा सहयोग मिला, जिससे वह दोबारा अपना ध्यान खेल पर केंद्रित कर सके। उन्होंने कहा, 'यह स्वाभाविक है कि मुझे जिस भी तरह की मदद या मार्गदर्शन चाहिए, कोच मुझे उपलब्ध करा रहे हैं। जितना अभ्यास मुझे चाहिए, वह भी मिल रहा है। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं और आत्मविश्वास से भरा हूं।

**आईसीसी वनडे रैंकिंग**

# टॉप-5 में भारत के 3 बल्लेबाज गिल नंबर-1 के बेहद नजदीक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ कोहली-रोहित का जलवा कायम

टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल के अलावा दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाद जारी नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में शामिल हैं।

गिल दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल के बेहद करीब हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत की 1-2 की हार के दौरान तीन मैच में 188 रन बनाए और वह शीर्ष पर चल रहे मिचेल (802 अंक) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। कोहली (767) और रोहित (758) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

### आठवें पायदान पर रूट

इंग्लैंड के जो रूट चार स्थान की छलांग के साथ आठवें पायदान पर हैं। टीम के उनके साथी बेन डकेट भी 11 स्थान की लंबी छलांग के साथ संयुक्त 19वें पायदान पर हैं। जैकब बेथेल भी पांच स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर एकदिवसीय रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर हैं।

### कुलदीप टॉप टेन से बाहर

भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के अबरार अहमद के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

**सीनियर विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप**

# विश्व मंच पर तनिष्का व प्राची ने रचा इतिहास

**तनिष्का और प्राची ने एलिमिनेशन ड्रॉ में बनाई जगह**

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

भारतीय तलवारबाज तनिष्का खत्री और प्राची लोहान इतिहास रचते हुए सीनियर विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप में 64 खिलाड़ियों के मुख्य एलिमिनेशन ड्रॉ में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला एपी खिलाड़ी बनीं।

9 दिवसीय चैंपियशिप के पहले दिन प्रतिस्पर्धा करते हुए तनिष्का और प्राची ने राउंड रोबिन पूल और शुरुआती एलिमिनेशन दौर की बाधा को पार करते हुए मुख्य एलिमिनेशन ड्रॉ मे जगह बनाई, जो भारतीय तलवारबाजी के लिए अहम उपलब्धि है। ये दोनों अब 25 जुलाई को 64 खिलाड़ियों के एलिमिनेशन ड्रॉ में चुनौती पेश करेंगी, जहां उनका लक्ष्य शीर्ष 32 खिलाड़ियों में जगह बनाना होगा। पुरुष व्यक्तिगत फॉयल स्पर्धा में सचिन 107वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी रहे। आदित्य ने 137वां, सेनासम हेमाश सिंह ने 143वां और तेजस मनोज पाटिल ने 149वां स्थान हासिल किया। कोई भारतीय तलवारबाज मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना पाया।





### आखिरी वनडे जीता वेस्टइंडीज, सीरीज पर न्यूजीलैंड का कब्जा

**ब्रिजटाउन।** शिमरोन हेटमायेर के नाबाद 69 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पांचवें और आखिरी वनडे में न्यूजीलैंड को 2 विकेट से हराया। यूजीलैंड ने हालांकि श्रृंखला 3-2 से जीत ली है। पहले मैच में वेस्टइंडीज ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी, जिसके बाद न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच 5 विकेट से और तीसरा 6 विकेट से जीता। चौथा मैच भी न्यूजीलैंड ने जीता था। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 268 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 15 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। हेटमायेर ने शेरफान रदरफोर्ड (61) के साथ 95 रन की साझेदारी की।

# एटीपी टूर: बाएज ने केकमनोविच को दी मात, दूसरे दौर में मारी एंट्री

एजेंसी ▶▶| किट्जबुहेल

अर्जेंटीना के स्टार टेनिस खिलाड़ी सेबेस्टियन बाएज ने 'जेनराली ओपन' के पहले दौर में मियोमिर केकमनोविच को मात दी। ऑस्ट्रिया के शहर किट्जबुहेल में जारी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में बाएज ने कड़े मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्बियाई खिलाड़ी को शिकस्त दूसरे दौर में जगह बनाई।

किट्जबुहेल में एटीपी 250 इवेंट में दो पूर्व चैंपियन के बीच हुए मुकाबले में, बाएज ने 6-3, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की। यह केकमनोविच के साथ उनके चार टूर-लेवल मुकाबलों में पहली जीत थी। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, 2023 के चैंपियन बाएज को 13 ब्रेक प्वाइंट्स मिले, जिनमें से वे केवल तीन को ही भुना पाए, लेकिन फिर भी 1 घंटे 49 मिनट के बाद 2020 के चैंपियन केकमनोविच पर जीत हासिल करने में सफल रहे।

### अगले दौर में पहुंचकर खुश हूं : बाएज

एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 18 खिलाड़ी बाएज ने कहा, मुझे वापस आकर खुशी हो रही है, क्योंकि यह जगह बहुत पसंद है। मुझे यहां के लोग, भीड़, कोर्ट, शहर, सब कुछ पसंद है। हम एक-दूसरे को कई वर्षों से जानते हैं। मुझे लगता है कि आज अहम बात यह थी कि प्रत्येक प्वाइंट पर डटे रहें और फोकस बनाए रखें, क्योंकि यहां ऊंचाई की वजह से कभी-कभी गेंद को कंट्रोल करना मुश्किल होता है। मुझे लगता है कि आज मैंने इसे बहुत अच्छे से संभाला, इसलिए मैं अगले दौर में



### अब रिंडरकनेच से सामना

बाएज ने घरेलू पसंदीदा डोमिनिक थिएम को शिकस्त देकर ऑस्ट्रियाई आल्प्स में 2023 का खिताब अपने नाम किया था। अब वह इस साल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए तीसरी वरीयता प्राप्त आर्थर रिंडरकनेच का सामना करेंगे।

**युवा हॉकी5 एशियाई चैंपियनशिप: भारत ने ओमान को 14- 0 से हराया**

# युवा हॉकी टीम की ओमान और पाक पर शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| मस्कट

भारतीय सब जूनियर लड़कों की टीम ने एफआईएच युवा हॉकी5 एशियाई चैंपियनशिप में पाकिस्तान और ओमान को हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा।

केतन कुशवाहा की कप्तानी में भारत ने ओमान को 14- 0 से हराया, जिसमें कप्तान ने चार गोल किए और आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक लगाई। राहुल यादव और शाहरुख अली ने दो-दो , प्रहलाद राजभर, करण गौतम और रोमित पाल ने एक-एक गोल दागा।



### भारत ने पाकिस्तान को 7-4 से हराया

*पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने 7-4 से जीत दर्ज की, जिसमें करण गौतम ने तीन गोल किए। राहुल यादव, प्रहलाद राजभर, कप्तान कुशवाहा, रोमित पाल ने एक एक गोल किए। पाकिस्तान के लिए असलम मुहम्मद फरहान और आदिल ने एक जबकि उस्मान मुहम्मद ने दो गोल किए।*

### गर्ल्स टीम ने उजबेकिस्तान को 16-0 से हराया



भारतीय सब जूनियर लड़कियों ने चीन से 2-2 से ड्रॉ खेला और उजबेकिस्तान को 16-0 से हराया। चीन के लिए चेन गि और जियाशिन गुओ ने गोल किए जबकि भारत के लिए नौशीन नाज ने दो गोल दागे। उजबेकिस्तान के खिलाफ नौशीन नाज ने चार, संदीपा कुमारी और कप्तान स्वीटी कुजूर ने तीन तीन, दिया और पुष्पा ने दो-दो जबकि किरण इक्का और नीलम टोप्नो ने एक एक गोल दागे। यह टूर्नामेंट पहले एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप का क्वालीफायर भी है।

हाईकोर्ट ने कहा, जीडीए के सीईओ व अधिवक्ता को अवमानना नोटिस, पांच अगस्त को व्यक्तिगत पेशी के निर्देश

# बेंच हंटिंग जैसी प्रवृत्ति न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सीधा प्रहार है



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि बेंच हंटिंग जैसी प्रवृत्ति न्यायिक व्यवस्था की निष्पक्षता पर सीधा प्रहार है। इसी के साथ जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने ग्वालियर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और अधिवक्ता राजकुमार मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई के लिए शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने प्रथमदृष्टया माना कि सुनवाई के दौरान अधिवक्ता बदलने का कदम न्यायाधीश बदलवाने के उद्देश्य से उठाया गया प्रतीत होता है। कोर्ट ने दोनों को पांच अगस्त को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब देने के आदेश दिए हैं। यह मामला ग्वालियर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित की याचिका से जुड़ा है, जिसमें जीडीए के 28 जनवरी, 2023 के उस आदेश को चुनौती दी गई है। इस आदेश के तहत संस्था के साथ हुए अनुबंध समाप्त कर 663 प्लाटों के नामांतरण निरस्त कर दिए गए थे। इस आदेश पर हाईकोर्ट पहले ही अंतरिम रोक लगा चुका है।

हाईकोर्ट से दुष्यंत सिंह को बड़ी राहत

## 38 साल पुराने आकृति टाकीज विवाद में कपिध्वज सिंह का दावा निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रीवा के 38 वर्ष पुराने आकृति टाकीज विवाद में कपिध्वज सिंह के दावे को निरस्त करते हुए दुष्यंत सिंह को बड़ी कानूनी राहत दी है। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने सिविल रिवीजन स्वीकार करते हुए विचारण न्यायालय के 24 जून, 2025 के आदेश और वर्ष 2015 में दायर वादपत्र को परिसीमा कानून से बाधित मानते हुए निरस्त कर दिया।

दुष्यंत सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर व अधिवक्ता भूपेश तिवारी ने पक्ष रखा। उनके तर्कों से सहमत होते हुए हाई कोर्ट ने सिविल रिवीजन स्वीकार कर स्पष्ट किया कि वाद विधि द्वारा निर्धारित समय-सीमा के बाहर दायर किया गया था। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया है कि वर्ष 1977 के विक्रय विलेख और वर्ष 1979 के शुद्धि विलेख को लगभग 38 वर्ष बाद चुनौती दी गई, जबकि वादपत्र में ऐसा कोई ठोस आधार नहीं बताया गया जिससे यह साबित हो कि वादी को इन दस्तावेजों की जानकारी बाद में हुई। हाई कोर्ट ने माना कि प्रथमदृष्टया दावा परिसीमा अधिनियम के अनुच्छेद 58 व 59 से बाधित है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि वादपत्र में आवश्यक तथ्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया। विवादित भूमि पर निर्माण, नामांतरण सहित अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं का पर्याप्त विवरण नहीं दिया गया।

ट्राले ने कार को घसीटा, चालक की मौत, 6 घायल

# पाटन रोड पर भीषण सड़क हादसा



**जबलपुर।** पाटन रोड स्थित गुरुपिपरिया गांव के पास बुधवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार छह अन्य लोग घायल हो गए। तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर के बाद कार उसके अगले हिस्से में फंस गई और करीब 500 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

पाटन पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 12:30 बजे दमोह स्टेट हाईवे पर जबलपुर से पाटन की ओर जा रहा ट्राला अचानक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार से भिड़ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्राले में फंस गई और सड़क से होते हुए खेत तक घिसटती चली गई। हादसे में कार चला रहे तेंदूखेड़ा निवासी अजय पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार छह अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा पाटन सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक का शव वाहन में फंस गया था, जिसे गैस कटर से कार की बॉडी काटकर बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए ट्राला चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के कारण कुछ समय तक हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा।

यात्रियों से कर रहा था अवैध वसूली, नकली सील, रसीद बुक बरामद

# काशी एक्सप्रेस में फर्जी टीटीई पकड़ा गया



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के विजिलेंस दल ने गाड़ी संख्या 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस काशी एक्सप्रेस में फर्जी टीटीई बनकर यात्रियों से अवैध वसूली करने वाले एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी के पास से नकली रेलवे सील, रसीद बुक, फर्जी पहचान पत्र, 3500 रुपये नकद, गन जैसी दिखने वाली एक लाइटर बरामद हुई है। साथ ही डब्लूसीआरएमएस (वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ) का कार्ड लगाये था। बताया जाता है कि रेलवे विजिलेंस को पिछले कुछ दिनों से शिकायतें मिल रही थीं कि एक व्यक्ति ट्रेनों में खुद को टीटीई बताकर टिकट जांच के नाम पर यात्रियों से अवैध वसूली कर रहा है। शिकायतों के आधार पर जबलपुर विजिलेंस टीम ने आरोपी को पकडऩे की योजना बनाई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार-बुधवार की दरमियानी देर रात करीब 2:30 बजे विजिलेंस टीम ने एक सूचना पर काशी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस-1 में सोहागपुर और बागरातवा स्टेशनों के बीच निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति को यात्रियों की टिकट जांच कर टिकटों पर पंच लगाते देख उसे मौके पर ही पकड़ लिया।


### नकली सील, फर्जी आईडी और नकदी बरामद

टीम द्वारा की गई गहन पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सोहागपुर के तिलक वार्ड निवासी 54 वर्षीय अरुण कुमार यादव बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से रेलवे की दो नकली सील, एक रसीद बुक, पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ (डबलूसीआरएमएस) का फर्जी पहचान पत्र के साथ ही यात्रियों से वसूले गए नगद 3500 रुपये और गन जैसी दिखने वाली एक लाइटर बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वह खुद को रेलवे का अधिकृत टीटीई बताकर यात्रियों को झांसा देता था। यह कार्रवाई रेलवे विजिलेंस इंस्पेक्टर दीपक उपाध्याय और विजिलेंस इंस्पेक्टर शिवम सोनी के नेतृत्व में की गई। मामले में आगे जांच जारी है।

15.98 लाख रुपये से अधिक की ठगी

# 5 दिन के अंदर 3 बड़े ऑनलाइन फ्रॉड

**जबलपुर।** शहर में साइबर अपराधियों ने ठगी के तरीके लगातार बदल दिए हैं। अब सिर्फ ओटीपी या बैंक कॉल नहीं, बल्कि व्हाट्सएप पर साधारण "हाय" मैसेज, धमकी भरे चैट और फर्जी मोबाइल एप के जरिए लोगों के बैंक खातों पर हमला किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में शहर के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों में करीब 16 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी सामने आई है। इन घटनाओं ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि मोबाइल पर आने वाला एक क्लिक भी भारी नुकसान का कारण बन सकता है। तीनों मामलों में साइबर अपराधियों ने अलग-अलग तरीके अपनाए। कहीं व्हाट्सएप मैसेज खोलते ही खाते से रकम निकल गई, कहीं लगातार धमकाकर पीड़िता से कई किश्तों में पैसे ट्रांसफर कराए गए, तो कहीं सोशल मीडिया पर दिखे विज्ञापन से डाउनलोड हुए एपीके मैलवेयर ने मोबाइल हैक कर बैंक खाते से रकम उड़ा दी। पुलिस ने तीनों मामलों में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### तीन तरीके, एक ही मकसद

रांझी निवासी और ओएफके अस्पताल खमरिया में पदस्थ वरिष्ठ नर्स मधुलिका सिंह चौहान के व्हाट्सएप पर 11 जुलाई की रात अज्ञात नंबर से हाय संदेश आया। मैसेज खोलने के कुछ ही समय बाद उनके एसबीआई खाते से तीन ट्रांजेक्शन के जरिए 70 हजार रुपये निकल गए। बैंक से फोन आने पर उन्होंने तत्काल खाता लॉक कराया, लेकिन तब तक राशि ट्रांसफर हो चुकी थी। कोतवाली क्षेत्र की स्टेट बैंक कॉलोनी निवासी सोनाली सेठिया को 13 से 16 जुलाई के बीच व्हाट्सएप पर लगातार धमकी भरे संदेश भेजे गए। भय के माहौल में उन्होंने अलग-अलग माध्यमों से करीब 15 लाख रुपये साइबर ठगों द्वारा भेजे गए स्कैनर पर ट्रांसफर कर दिए। इसमें एक हिस्सा सीधे बैंक खाते से और बाकी राशि विभिन्न दुकानों के माध्यम से ऑनलाइन भेजी गई।

### फर्जी ऐप डाउनलोड होते ही हैक हुआ मोबाइल

गढ़ा थाना क्षेत्र के शक्तिनगर निवासी विनायक महा इंस्टाग्राम पर रील देख रहे थे। इसी दौरान एक फर्जी एचजेड टीवी एप का विज्ञापन सामने आया। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड हो गई। कुछ समय बाद क्यूआर कोड से भुगतान करते समय उन्हें खाते से रकम गायब होने का पता चला। जांच में सामने आया कि मोबाइल में इंस्टॉल हुए मैलवेयर के जरिए उनके पंजाब नेशनल बैंक खाते से 28 हजार रुपये अवैध रूप से ट्रांसफर कर लिए गए। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अज्ञात नंबरों से आए संदेश, संदिग्ध लिंक और एपीके फाइलों को बिल्कुल न खोलें। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत बैंक को सूचना देने के साथ साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

रिछाई-बरगी के उद्यमियों को मिलेगी राहत

# जबलपुर में 28 दिन में मिलेगी उद्योग की अनुमति

**जबलपुर।** अब जबलपुर में उद्योग लगाना आसान होगा। सरकार ने एकल खिड़की प्रणाली लागू कर दी है। इसके तहत निवेश प्रोत्साहन पोर्टल से सभी अनुमतियां 28 दिन में मिल जाएंगी। इसका सबसे ज्यादा फायदा रिछाई, बरगी, सेहोरा और मनेरी के छोटे-बड़े उद्यमियों को होगा।

### रिछाई : इंजीनियरिंग और लोहे का केंद्र

रिछाई जबलपुर का सबसे पुराना औद्योगिक क्षेत्र है। यहां लोहे के कारखाने, आवश्यक कल पुर्जे, मशीनों के कलपुर्जे और आटो पाट्र्स बनते हैं। यहां के उद्यमियों को अब बिजली, पानी और प्रदूषण की अनुमति एक ही जगह से मिलेगी।

### बरगी : खेती आधारित उद्योगों का उभरता क्षेत्र

बरगी में अब खाद्य प्रसंस्करण, कोल्ड स्टोरेज और भंडारण गृहों का काम बढ़ रहा है। किसानों की उपज को रखने और बेचने के लिए यहां नए कारखाने लगेंगे। सरकार ने इसके लिए अलग से जमीन भी तय की है।




### मनेरी : रोजमर्रा की जरूरतों का हब

यहां प्लास्टिक का सामान, कपड़ा, बिस्कुट, पैकिंग सामग्री और आम उपभोग की वस्तुएं बनाने वाली छोटी इकाइयां चलती हैं। इन लघु उद्योगों को अब कर्ज और अनुमति लेने में आसानी होगी।

### सिहोरा पाटन : छोटे कारोबार की जान

सिहोरा और पाटन क्षेत्र में भी प्लास्टिक, कपड़ा और पैकिंग के छोटे कारखाने हैं। यहां के नए उद्यमियों को पोर्टल पर प्राथमिकता दी जाएगी।

### कैसे मिलेगा फायदा

पहले एक कागज के लिए कई दफ्तर जाने पड़ते थे। अब सब काम ऑनलाइन होगा। आवेदन, शुल्क जमा और अनुमति की स्थिति सब पोर्टल पर दिखेगी। समय पर काम नहीं हुआ तो अधिकारी से जवाब तलब होगा।सरकार का कहना है कि इससे जबलपुर में नए निवेश आएंगे और युवाओं को काम मिलेगा।

## 13 कर्मियों का नियमितीकरण मामला जांच के घेरे में

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) में 13 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के नियमितीकरण का मामला अब और उलझ गया है। नियमितीकरण के आदेश पर कुलगुरु की ओर से अंतरिम रोक लगाए जाने के बाद पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित कर दी गई है। मामला पहले ही न्यायालय पहुंच चुका है, ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन और कर्मचारी पक्ष दोनों की नजर अब जांच रिपोर्ट पर टिक गई है। कुलसचिव कार्यालय द्वारा 21 जून को जारी नियमितीकरण आदेश के क्रियान्वयन पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा का कहना है कि प्रक्रिया में संभावित विसंगतियों की आशंका को देखते हुए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। जांच पूरी होने और रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। **समय सीमा नहीं, इसलिए बढ़ी अनिश्चितता-** विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मिलिंद दांडेकर की अध्यक्षता वाली समिति को सौंपी है। समिति में हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश धीरेन्द्र सिंह और भोज मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु प्रो. रवीन्द्र कान्हेरे को सदस्य बनाया गया है, जबकि सहायक कुलसचिव को प्रस्तुतकर्ता नियुक्त किया गया है।




कृषि आदान विक्रेता संघ की याचिका खारिज

# हाईकोर्ट ने ई-उर्वरक वितरण व्यवस्था पर लगाई मुहर

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश में लागू ई-विकास (डिस्ट्रीब्यूशन एंड एग्रीकल्चर फर्टिलाइजर्स सप्लाई साल्यूशन सिस्टम) को चुनौती देने वाली याचिका निरस्त कर दी।जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और गैर-कृषि उपयोग रोकने के लिए बनाई गई यह व्यवस्था केंद्र सरकार का नीतिगत निर्णय है, जिसमें न्यायालय सीमित परिस्थितियों में ही हस्तक्षेप कर सकता है। दरअसल, कृषि आदान विक्रेता संघ की ओर से वरिष्ठ सदस्य जबलपुर निवासी जयेश ओझा के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया था कि ई-टोकन प्रणाली लागू होने से इंटरनेट और तकनीकी जानकारी के अभाव में किसानों और उर्वरक विक्रेताओं को परेशानी हो रही है। साथ ही इसे उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के विपरीत बताया गया। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल के साथ अधिवक्ता अमन गुप्ता ने पैरवी की। राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली, जबकि केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता सुयश ठाकुर उपस्थित हुए।

एमपी स्टेट बार द्यकाउंसिल चुनाव

## मतगणना में राकेश सिंह भदौरिया सबसे आगे

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव-2026 की मतगणना का एक और चरण बुधवार को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस चरण में कालापीपल, शाजापुर, शुजालपुर, विजयपुर, श्योपुरकलां, नरवर, खनियाधाना, पोहरी, करेरा और शिवपुरी की मतपेटियों की गिनती की गई। जारी रुझानों में राकेश सिंह भदौरिया बढ़त पर हैं। उनके बाद विवेक सिंह, आरके सिंह सैनी, हितोषी जय हार्डिया और अखिलेश कुमार सक्सेना का स्थान है। महिला प्रत्याशियों में अनु पटेल, प्रवीण तिवारी, प्रतीका पाठक, रेशम श्रद्धा जैन और प्रतिभा बालिया को बढ़त मिली है। परिषद ने बताया कि अब तक लगभग 62 हजार में से 55,112 मतों की गणना हो चुकी है। इनमें 53,219 मत वैध पाए गए, जबकि 1,893 मतपत्र निरस्त हुए। मतगणना का अगला चरण गुरुवार को सीधी जिले की मतपेटियों की गिनती के साथ शुरू होगा।

# जीआरपी की कार्रवाई: महिला तस्कर से 3 किलो गांजा बरामद, ओडिशा से जबलपुर लाई थी खेप



**जबलपुर।** जीआरपी जबलपुर ने "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान के तहत रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग के दौरान एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 किलोग्राम अवैध गांजा (अनुमानित कीमत 1.04 लाख रुपये) बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी श्रीयंका बहेरा (22), निवासी बरगढ़ (ओडिशा), वलसाड़–पुरी एक्सप्रेस से गांजा जबलपुर बिक्री के लिए लेकर आई थी।

पुलिस अधीक्षक रेल सुंदर सिंह कनेश के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी, उप पुलिस अधीक्षक अंकिता सुल्या एवं विजय गौठरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जीआरपी संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में प्लेटफॉर्म-1 स्थित लिफ्ट के पास संदिग्ध महिला की तलाशी लेने पर उसके बैग से तीन पैकेटों में गांजा बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में गांजा तस्करी के स्रोत और अन्य संलिप्त लोगों की जांच जारी है। कार्रवाई में सउनि भागचंद उद्दे, प्रधान आरक्षक अरुण तिवारी, मनोज मिश्रा, प्रमोद गुप्ता, आनंद यादव, महिला आरक्षक रमकू, आरक्षक गोपाल सिंह एवं दीपक (आरआईबी) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240